CMYK

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 08°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 48 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 2 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



डाक्टर लड़की का हिजाब खींचे जाने पर मोदी क्यों मौन : कांग्रेस पेज 2



स्मृति मंधाना 4,000 टी-20 रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं खेल टाइम्स



रोजगार के लिए गारंटी मिशन सम्पादकीय



भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली: आसिम मुनीर पेज 12



जम्मू-कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेशों के एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू के बाहरी इलाके नागरोटा स्थित एनसीसी शिविर में पूर्ण पोशाक पूर्वाभ्यास में भाग लेते हुए।

# मनरेगा का खत्म होना सबकी नैतिक नाकामी: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने कहा: देशभर के करोड़ों लोगों को वित्तीय नुकसान होगा**

**मनरेगा पर बुलडोजर शीर्षक से छपा सोनिया गांधी का लेख पढ़ें: राहुल-प्रियंका गांधी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और दूसरे कानूनों में बदलावों के जरिये वह जनता के अधिकारों पर आधारित कानूनी ढांचे को खत्म कर रही है।

श्रीमती गांधी ने एक अंग्रेजी दैनिक में सोमवार को अपने लेख में सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि मनरेगा का कमजोर होना 'सबकी नैतिक नाकामी' है। इससे देशभर के करोड़ों लोगों को वित्तीय नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक कल्याण की पहल नहीं थी, बल्कि यह अधिकारों पर आधारित कार्यक्रम था, जो गांव के परिवारों को रोजी-रोटी की सुरक्षा और सम्मान देता था। मनरेगा ने महात्मा गांधी के सभी के कल्याण के सपने को पूरा किया और काम करने



का संवैधानिक अधिकार दिया था। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने सभी से एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है कि हम एकजुट हों और उन अधिकारों की रक्षा करें, -शेष पृष्ठ दो पर

## संसदीय समिति वीबी-जी राम जी से मनरेगा पर प्रभाव की करेगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने मनरेगा और वीबी - जी राम जी अधिनियम की समीक्षा करने के लिए 29 दिसम्बर की प्रस्तावित बैठक में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है।

इस बैठक में वीबी - जी राम जी अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी और पुरानी एवं नई योजना की तुलना की जाएगी। यह बैठक वीबी-जी राम जी विधेयक को संसद के हाल ही में समाप्त हुए शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मंजूरी देने के पश्चात हो रही है। इस नए कानून का मकसद ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी के लिए एक नया ढांचा देना है। इसे दो मुख्य आधारों पर विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा है। पहला यह कि यह प्रभावी रूप से महात्मा गांधी के नाम पर चल रहे प्रमुख ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम की जगह लेता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में एक फीट तक बर्फबारी, मुगल रोड बंद

**नई दिल्ली।** कश्मीर घाटी में 40 दिन के चिल्लई कलां की शुरुआत रविवार से हो गई। पहले ही दिन गुलमर्ग-सोनमर्ग में 1 फीट तक बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटे बर्फबारी जारी रह सकती है। कश्मीर को जोड़ने वाले दो रास्ते मुगल रोड और सिंथन टॉप रोड बर्फबारी के कारण बंद किए गए हैं। श्रीनगर में खराब मौसम के कारण इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 फ्लाइट रद्द की गईं।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद बर्फीली हवाएं मैदानी राज्यों तक पहुंच रही हैं। इसके चलते दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में तापमान लगातार गिरता जा रहा है। मध्य प्रदेश के 16, यूपी के 40, राजस्थान के 10, बिहार के 24, हरियाणा के 12 और उत्तराखंड के 6 जिले कोहरे की चपेट में हैं। यूपी और झारखंड में सर्दी के कारण 4 लोगों की मौत हो चुकी है।

### इंजन में खराबी के कारण दिल्ली लौटा एआई का विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का दिल्ली से मुंबई जा रहा एक विमान सोमवार सुबह इंजन में खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 887 दिल्ली से मुंबई जा रही थी। रास्ते में तकनीकी समस्या के कारण चालक दल के सदस्यों ने विमान को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया। विमान की दिल्ली में सकुशल लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया। उन्हें पूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विमान की जांच की जा रही है।

### आज श्रीलंका जाएंगे जयशंकर, शीर्ष नेतृत्व संग करेंगे वार्ता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका का दौरा करेंगे और श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री की यह यात्रा ऑपरेशन सागर बंधु की पृष्ठभूमि में हो रही है और यह भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति को प्रदर्शित करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने लिया उत्तराखंड में वन भूमि अतिक्रमण पर स्वतः संज्ञान

## शीर्ष अदालत ने वन भूमि पर सभी निर्माण कार्यों पर तत्काल लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वन विभाग को दिया निर्देश, जहां पहले से रिहायशी मकान मौजूद नहीं, खाली जमीन को अपने कब्जे में लें**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में वन भूमि पर बड़े पैमाने पर हो रहे अतिक्रमण और अवैध कब्जे के आरोपों को लेकर सोमवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू की।

पहाड़ी जिलों में संरक्षित वन भूमि पर अनधिकृत कब्जे से जुड़ा यह मामला अदालत की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष आया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल थे। पीठ ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए वन भूमि पर सभी निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगा दी। साथ ही वन विभाग को निर्देश दिया कि जहां पहले से रिहायशी मकान मौजूद नहीं हैं, वहां की सारी खाली वन भूमि अपने कब्जे में ली जाए। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की कथित निष्क्रियता पर चिंता जताई और कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए न्यायिक हस्तक्षेप जरूरी हो गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें यह देखकर हैरानी हो रही है कि उत्तराखंड राज्य और उसके अधिकारी आंखों के सामने वन भूमि पर कब्जा होते देख भी मूक दर्शक बने हुए हैं। इसलिए हम इस मामले में स्वतः संज्ञान ले रहे हैं। न्यायालय ने उत्तराखंड के मुख्य -शेष पृष्ठ दो पर



## माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक, बची रहेगी विधायकी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे की 1995 के धोखाधड़ी मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगा दी।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीमित समय के लिए दोषसिद्धि पर रोक लगाने के आदेश से श्री कोकाटे फिलहाल विधानसभा की अयोग्यता से बच जाएंगे, जो उनके लिए एक बड़ी राहत है। भारत के मुख्य



न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने श्री कोकाटे की ओर से बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने उनकी सजा तो निलंबित कर दी थी, लेकिन दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया था।

# सोनिया गांधी व राहुल गांधी को नोटिस जारी

## नेशनल हेराल्ड मामला

**दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी की ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर हुई सुनवाई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित और लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा, जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और आरएस चीमा ने अदालत में दलीलें दीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की ईडी की याचिका पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी। हाईकोर्ट में ईडी ने 16 दिसम्बर के ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि एजेंसी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य है, क्योंकि यह किसी एफआईआर पर आधारित नहीं है। विशेष जज विशाल गोगने ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए कहा था कि गांधी परिवार पुलिस की एफआईआर पाने का हकदार नहीं। दरअसल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में एफआईआर की प्रति देने का निर्देश दिया था। विशेष जज ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को चुनौती वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया। जज ने हालांकि कि कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों को यह सूचना दी जा सकती है कि एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 3 अक्टूबर को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

# धुंध की मोटी चादर में लिपटी दिल्ली

**दृश्यता कम होने के चलते लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सोमवार सुबह ज़हरीली धुंध की मोटी चादर में लिपटी रही और कम दृश्यता होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सीपीसीबी के डेटा के अनुसार सुबह 6.05 बजे दिल्ली का एक्यूआई 366 था, जो एक दिन पहले दर्ज किए गए 24 घंटे के औसत 377 से थोड़ा बेहतर था। सीपीसीबी के अनुसार एक्यूआई 101 और 200 के बीच मध्यम स्तर का होता है। इसके बाद 201 और 300 के बीच खराब और 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' होता है। वहीं, 400 से ऊपर का एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में आता है।बहुत खराब हवा में लंबे समय तक रहने से सांस की समस्या हो सकती है। यह उन लोगों के लिए खतरनाक है, जिन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं है। दिल्ली में रविवार को दक्षिण-पूर्वी हवाएं चल रही थीं और पिछले 24 घंटों में हवा की गति 12 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई थी, जिससे हवा की गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ।

# मां-बेटी से गैंगरेप के पांच दोषियों को उम्रकैद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**प्रत्येक को 1.81 लाख रुपये अर्थदंड भी सुनाया, एक दोषी की हो चुकी है मौत, दो एनकाउंटर में हुए ढेर**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के नेशनल हाईवे-91 पर 28 जुलाई 2016 की रात गाजियाबाद निवासी कार सवार परिवार को बंधक बनाकर मां-बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और सभी परिजनों से लूटपाट करने वाले पांच आरोपियों की सजा का ऐलान हो गया।

विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ओपी वर्मा ने सभी दोषियों को उम्रकैद और 1.81 लाख रुपये प्रत्येक को अर्थदंड सुनाया। अर्थदंड की राशि का आधा हिस्सा पीड़ित बेटी और उसकी मां को दिया जाएगा। मामले में पीड़ित परिवार ने दरिंदों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। सजा सुनाते हुए एडीजीसी वरुण कौशिक ने कहा कि ऐसे राक्षसों को सभ्य समाज से दूर रखा जाए। वहीं सजा सुनने के बाद आरोपियों ने कहा कि हम बेकसूर हैं, निर्दोषों को सजा सुनाई गई है। इस प्रकरण में छह आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। जिनमें से एक आरोपी की पूर्व में ही जिला कारागार में बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। जबकि, दो आरोपियों को अलग-अलग मामलों में नोएडा व हरियाणा पुलिस एनकाउंटर में -शेष पृष्ठ दो पर

# उप्र विधानसभा में 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बजट का आकार मूल बजट (आठ लाख, आठ हजार करोड़ रुपये) का लगभग 3.03 प्रतिशत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में बजट पेश करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 का मूल बजट आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपये का था, जिसके सापेक्ष अनुपूरक बजट का आकार 3.03 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट में राजस्व लेखा के तहत 18,369.30 करोड़ रुपये और पूंजी लेखा के तहत 6,127.68 करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया है। श्री खन्ना ने कहा कि इस बजट में औद्योगिक विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, तकनीकी शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, मेडिकल शिक्षा तथा गन्ना एवं चीनी मिल क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया गया है। अनुपूरक बजट में औद्योगिक विकास के लिए 4,874 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए 4,521 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 3,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नगर विकास के लिए 1,758.56 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा के लिए 639.96 करोड़ रुपये, महिला एवं बाल विकास के लिए 535 करोड़ रुपये, नेडा के लिए 500 करोड़ रुपये और मेडिकल शिक्षा के लिए 423 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मोदी-लक्सन की टेलीफोन वार्ता के बाद हुई घोषणा**

**भारतीय माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा**

**नई दिल्ली।** सरकार ने वैश्विक बाजार में भारतीय इकाइयों के लिए अवसर बढ़ाने की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के बीच सोमवार को न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) सम्पन्न होने की घोषणा की, जो इस साल ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए व्यापक आर्थिक सहयोग के समझौतों के बाद भारत का तीसरा समझौता है।

इसके तहत न्यूज़ीलैंड अपने यहां आयात की जाने वाली सभी तरह की वस्तुओं (अपनी शत-प्रतिशत प्रशुल्क सूचियों) पर शुल्क समाप्त करेगा। इससे वहां भारत से जाने वाले सभी प्रकार के माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिल गया है। इस कदम से वहां के बाजार भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग वस्तुएं और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। यह समझौता सेवाओं के क्षेत्र में न्यूज़ीलैंड का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रस्ताव है, जिससे सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन, निर्माण और अन्य व्यावसायिक सेवाओं में भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए नए अवसर खुलेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड और प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत-न्यूजीलैंड एफटीए की संयुक्त रूप से घोषणा की गई। दोनों प्रधानमंत्रियों की इसी वर्ष मार्च में हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने व्यापार समझौते की बातचीत शुरू की थी। दोनों नेताओं ने कहा कि नौ महीने के रिकॉर्ड कम समय में समझौता वार्ता का पूरा होना साझा महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिखाता है। दोनों पक्षों ने कहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा है कि इस एफटीए से दोनों देशों के बीच संबंधों का और विस्तार होगा और द्विपक्षीय आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। इससे व्यापार में वृद्धि के साथ एक दूसरे के यहां निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस समझौते की व्यवस्थाओं से दोनों देशों में नवाचार में लगे लोगों, उद्यमियों, किसानों, लघु और मध्यम उद्यमों , छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए मौके भी पैदा होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में मासूम को सोते से दबोच ले गया भेड़िया

**बहराइच।** नेपाल सीमा से सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश के बहराइच में भेड़ियों को आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जिले के फखरपुर ब्लॉक स्थित रसूलपुर बरेटा गांव में भेड़िया एक तीन साल के मासूम बच्चे को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर भाग गया। काफी तलाश के बाद बच्चे का क्षत विक्षत शव मिला। गांव के निवासी राम मनो. हर, जो पंजाब में मजदूरी करते हैं, की पत्नी ननकई अपने दो बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। सोमवार की सुबह ननकई बरामदे में अपने तीन साल के बेटे अंशु को दूध पिलाने के बाद चारपाई में बच्चे को सुला कर अन्य काम में लग गई। इस बीवएक भेड़िया ने हमला कर दिया और मासूम को जबड़े में दबाकर भाग निकला। मां ननकई चीख-पुकार करते हुए भेड़िए के पीछे दौड़ी और करीब सौ मीटर तक उसका पीछा किया, लेकिन घने कोहरे के कारण भेड़िया गायब हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और वन विभाग को घटना की जानकारी दी।

### धर्मांतरण के आरोप में ईसाई मिशनरी के चार लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में कथित रूप से प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन करने वाले ईसाई मिशनरी के एक महिला समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज. श द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के एक कॉलोनी में रविवार को धर्मांतरण की सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां एक बड़े कमरे में सभा चल रही थी। सभा स्थल पर ईसाई धर्म का प्रतीक चिन्ह भी लगा हुआ था और वहां दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं, जिनमें इसाई के अलावा हिंदू महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे।

# डाक्टर लड़की का हिजाब खींचे जाने पर मोदी क्यों मौन:कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि पटना में एक डॉक्टर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उसका हिजाब खींचने की घटना की पूरी देश-दुनिया में थू-थू हो रही है, लेकिन आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप्पी साधे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींचते हैं, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए, जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो उसे कौन से कपड़े पहनने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर चुप्पी साधने की बजाय बताना चाहिए कि बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि बेटियां छोटे कपड़े पहनें तो दिक्कत। हिजाब पहनें, तो दिक्कत, लेकिन असल में दिक्क्त बेटियां नहीं, दिक्कत खुद आप हैं। बेटी बचाओ, बेटी



■ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींच रहे

पढ़ाओ नारा अच्छा है, लेकिन जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो वह क्या कपड़े पहने हैं, ये सवाल बहुत गंभीर हो गया है। टाइट कपड़े पहने थे, तो गलती उसकी थी। अब कहा जा रहा है साब उसने हिजाब पहना था, गलती उसकी है। नीतीश कुमार प्रदेश के मुख्यमंत्री है और उन्होंने डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब कैमरे के सामने खींचने की बार बार कोशिश की है। इस दृश्य को देखकर कितने मां बाप हिम्मत दिखाएंगे कि वे अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए भेजें। कांग्रेस नेता ने कहा कि पढ़ लिखकर, मेहनत करके गरीबी से निकल. कर डाक्टर बनी नुसरत परवीन में सोचा था कि अच्छी नौकरी करेगी, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री ही इस तरह की हरकत करते हैं। इस हरकत के बाद कोई हिम्मत दिखाएगा कि वह अपनी बेटी को पढ़ने के लिए भेजे। यहां सवाल हिजाब का नहीं, डाक्टर नुसरत परवीन का नहीं, बात मुसलमान की भी नहीं है, बात पल्लू की नहीं और घूंघट की भी नहीं है, सिखों की पगड़ी, धोती और लूंगी की भी नहीं है, बात है आपकी और मेरी मर्जी की, बात है मेरी और आपके सम्मान की, बात ये है कि अगर बच्ची पढ़ के बाहर निकलेगी, सार्वजनिक स्थान पर जाएगी तो फिर उसके लिए माहौल और वातावरण कितना सुरक्षित है, वह कितना महफूज महसूस करती है, इस आजादी को हम खत्म करते जा रहे हैं।

### हमारी सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी 70 के दशक में कर दी थी शुरू: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण आबादी के लिए रोजगार की गारंटी की वह शुरू से ही समर्थक रही है और यही वजह है कि उसके नेतृत्व वाली सरकार ने 1970 में महाराष्ट्र में ग्रामीणों को सूखे के संकट से उबारने के लिए रोजगार गारंटी योजना शुरू कर दी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि 1970 के दशक में भीषण सूखे के बाद, महाराष्ट्र में वीपी नाइक के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण संकट से निपटने के लिए अग्रणी रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत भर थी, इसके बाद 1980 के दशक के आरंभ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दो नई योजनाओं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (एनआरईपी) और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम शुरू कर दी थी।

# विधान परिषद में सपा सदस्यों ने उठाया पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को राज्य विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सपा के विधान परिषद सदस्य डॉ. मानसिंह ने सरकार से सवाल किया कि प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर क्या कोई निर्णय लिया गया है।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए नगर विंकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई पेंशन प्रणाली को राज्य के राजकोषीय संतुलन को

■ प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर क्या कोई निर्णय लिया

बनाए रखने के साथ-साथ न केवल सरकारी कर्मचारियों, बल्कि संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के कार्मिकों तथा सामान्य जन के लिए बेहतर, राष्ट्रव्यापी वृद्धावस्था सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। मंत्री ने यह भी कहा कि एनपीएस दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे भविष्य में पेंशन दायित्वों का प्रबंधन सुचारु रूप से किया जा सके। इस पर सपा सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी होती है और कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का भरोसा देती है।

# आपदा प्रबन्धन के लिए प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली जरूरी: डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा कि अब आपदा प्रबंधन केवल घटना के बाद प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए पूर्वानुमान आधारित, योजनाबद्ध और प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभाग अपनी-अपनी तैयारियां करते हैं, लेकिन आपात स्थिति में इन सभी को एकीकृत, समन्वित और समयबद्ध प्रतिक्रिया में बदलना सबसे अहम है। सोमवार को आगामी माघ मेला की तैयारियों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) द्वारा प्रयागराज में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी एवं टेबल-टॉप एक्सरसाइज का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने वीडियो कॉन्फेंसिग के माध्यम से सहभागिता की। संगोष्ठी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के वाइस चेयरमैन योगेन्द्र डिमरी, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के संबोधन से हुआ। इस अवसर पर माघ मेला के दौरान भीड़ के प्रभावी व्यवस्थापन, डूबने की घटनाओं की रोकथाम, शीत लहर तथा अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री कृष्ण ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने संबोधन में कहा कि कुंभ और माघ मेला विश्व के सबसे बड़े पब्लिक गैदरिग इवेंट में शामिल हैं।

### सपा विधायक अतुल प्रधान के सवाल पर सीएम का तीखा जवाब

# समय आने दीजिए जरूर चलेगा बुलडोजर:योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को कफ सिरप मामले में समाजवादी पार्टी विधायक अतुल प्रधान के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है। जांच होने दीजिए समय आने पर बुलडोजर भी चलेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप या नकली दवा से किसी भी व्यक्ति की मौत की कोई जानकारी शासन के संज्ञान में नहीं आई है और इस संबंध में फैलाए जा रहे भ्रम का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में हाल ही में पकड़े गए सबसे बड़े थोक विक्रेता को वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान लाइसेंस दिया गया था।



■ विधानसभा में कहा: पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है, जांच होने दीजिए

■ वंदेमातरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और क्रांतिकारियों की सच्ची भावना का प्रतीक

वर्तमान सरकार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच तेज कर दी है। योगी ने कहा कि एसटीएफ प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश के भीतर कोडीन कफ सिरप का उत्पादन नहीं होता है। मुख्यमंत्री के अनुसार कोडीन कफ सिरप का उत्पादन मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में होता है। जिन मौतों के मामले सामने आए हैं, वे अन्य राज्यों से संबंधित हैं, न कि उत्तर प्रदेश से। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं करेगी और नकली दवा के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। समाजवादी पार्टी के नेता और विधायक अतुल प्रधान ने आरोप लगाया कि सरकार कफ सिरप मामले के आरोपियों को बचाने का काम कर रही है। इससे पहले सपा विधायक संग्राम सिंह ने कहा कि कोडीन माफिया को सरकार बचा रही है। सरकार का पूरा संरक्षण कोडीन माफिया के साथ है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कह चुके हैं कि इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की जाए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि सरकार कोडीन माफिया के साथ है। विधानसभा में राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर चर्चा की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदेमात. रम स्वतंत्रता संग्राम की चेतना का उद्घोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और क्रांतिकारियों की सच्ची भावना का प्रतीक है।

### विधानसभा में कफ सिरप मामले को लेकर सपा का हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसंभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को समाजवादी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा विधायक अतुल प्रधान हाथों में पोस्टर और होर्डिंग लेकर विधानसभा पहुंचे। हंगामे को विधानसभा अध्यक्ष ने शांत कराया, जिसके बाद प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हो गई। अतुल प्रधान के एक पोस्टर में कफ सिरप की तस्वीर के साथ सिपाही आलोक सिंह के घर की फोटो लगी थी। उन्होंने सवाल उठाया कि संबंधित मामले में बुलडोजर कार्रवाई कब की जाएगी। वहीं एक अन्य पोस्टर में लैंड क्रूजर वाहन की तस्वीर दिखाते हुए उन्होंने पूछा कि कथित तौर पर माफिया से जुड़ी इस गाड़ी को कब जब्त किया जाएगा। इस पोस्टर के जरिए उन्होंने धनंजय सिंह पर निशाना साधा। अतुल प्रधान अपने साथ सीटियां भी लेकर आए और लगातार सीटियां बजाईं।



सेंसेक्स 85567.48
निफ्टी 26172.40



सोना रु. 132394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 200336
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई और प्रमुख सूचक. ांक ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.12 अंक (0.75 प्रतिशत) की बढ़त में 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी 206 अंक यानी 0.79 फीसदी उछलकर 26,172.40 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 5 दिसम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100



सूचकांक 1.17 प्रतिशत मजबूत हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। आईटी और धातु सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी रही। रसायन, ऑटो, फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं गैस समूहों में भी अच्छी मजबूती देखी गई। एनएसई में कुल 3,283 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,252 के शेयर हरे निशान में और 923 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 108 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेसेक्स में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 3.56 फीसदी और इंफोसिस का 3.06 फीसदी चढ़ा। भारती एयरटेल में 2.43 फीसदी, टेक महिद्रा में 2.09, प्रतिशत से अधिक तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.67 प्रतिशत, बीईएल में 1.57, सनफार्मा में 1.50, मारुति सुजुकी में 1.32, टीसीएस में 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.05 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.60 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक और इंडिगो के शेयर लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.81 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0. 69 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.04 फीसदी ऊपर था, जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.42 फीसदी की गिरावट रही।

# न्यूजीलैंड के साथ एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा: उद्योग जगत

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत ने न्यूजीलैंड के साथ भारत की मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष अनंत गोयंका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक व्यापार में भारत की पैठ बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि फिक्की भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार संधि का स्वागत करता है। यह हिद-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश प्रवाह और परस्पर सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दोनों देशों के लिए व्यवसाय के नए अवसर बनेंगे। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार संधि का स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत 2047 के भारत के विजन के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत भारतीय निर्यात के लिए शत-प्रतिशत शून्य-शुल्क पर पहुंच उपलब्ध होगी। इससे छात्रों, पेशेवरों, छोटे तथा मझौले उद्यमों और श्रम-प्रधान सेक्टरों को मदद मिलेगी। निवेश, नियामक सहयोग और शुल्क-मुक्त निर्यात से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ भारतीय उद्योग के सभी सेक्टर जुड़ सकेंगे।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं में गिरावट रही। चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 113 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 14 रुपये टूटकर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर आ गई। आटे की कीमत 13 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की कीमत औसतन 207 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 156 रुपये और चना दाल 148 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 122 रुपये और उड़द दाल 94 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में



पाम ऑयल का मार्च वायदा 82 रिंगिट चढ़कर 3,987 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48.71 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 71 रुपये और पाम ऑयल 56 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति का भाव 142 रुपये और मूंगफली तेल का 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7856.18 रुपये, मसूर काली 8161. 56 रुपये, मूंग दाल 10095.27 रुपये, उड़द दाल 10374.80 रुपये, तुअर दाल 10601.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2856.18 रुपये और चावल 3852.72 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.42 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड: चीनी एस 4312.81 रुपये और गुड़ 4975.84 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17616.64 रुपये, मूंगफली तेल 17862.47 रुपये, सूरजमुखी तेल 15772.78 रुपये, सोया तेल 13792. 47 रुपये, पाम ऑयल 12448.27 रुपये और वनस्पति 14468.87 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मनरेगा का..** . जो हम सभी की रक्षा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कई बुनियादी अधिकारों को एक-एक कर खत्म कर रही है। खेती क़ानूनों में सुधार का जिक्र करते हुए श्रीमती गांधी ने कहा कि कृषि से संबंधित तीन काले कानूनों के जरिये सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अधिकार से वंचित करने की कोशिश की थी। उन्होंने आगाह किया कि सरकार भविष्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 को खत्म कर सकती है। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि मनरेगा को खत्म कर उसने देश के लोकतंत्र और मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है। श्रीमती वाड्रा और श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को अपनी मां तथा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अंग्रेजी अखबार में छपे लेख के समर्थन में यह टिप्पणी की है, जिसमें श्रीमती गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा को खत्म कर करोड़ों मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर बुलडोजर चलाया है। श्री गांधी ने अपनी पोस्ट में कहा कि न जनसंवाद, न संसद में चर्चा, न राज्यों की सहमति - मोदी सरकार ने मनरेगा और लोकतंत्र दोनों पर बुलडोज़र चला दिया है। यह विकास नहीं, विनाश है-जिसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीय अपनी रोज़ी रोटी गंवा कर चुकाएंगे। श्रीमती गांधी जी का इस गंभीर मुद्दे के हर पहलू का पर्दाफाश करता हुआ लेख ज़रूर पढ़ें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मनरेगा ने महात्मा गांधी के सर्वोदय 'सभी का कल्याण' के दृष्टिकोण को साकार किया और काम करने के संवैधानिक अधिकार को लागू किया। इसका अंत हमारी सामूहिक नैतिक विफलता है, जिसके वित्तीय और मानवीय परिणाम भारत के करोड़ों मेहनतकश लोगों के लिए आने वाले वर्षों तक गंभीर रहेंगे। अब पहले से कहीं अधिक यह अनिवार्य है कि हम एकजुट होकर उन अधिकारों की रक्षा करें, जो हम सभी की रक्षा करते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने...** सचिव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को निर्देश दिया कि वे एक तथ्य-जांच समिति गठित करें, जो जमीनी हालात का आकलन कर अतिक्रमण की सीमा और राज्य प्रशासन की कार्रवाई पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करे। स्थिति में कोई और बदलाव न हो, इसके लिए पीठ ने निजी पक्षों को वन भूमि पर किसी भी प्रकार के तीसरे पक्ष के अधिकार बनाने से रोक दिया और स्पष्ट किया कि अगले आदेश तक कोई निर्माण नहीं होगा। अदालत ने दोहराया कि रिहायशी मकानों को छोड़कर सारी खाली वन भूमि वन विभाग के कब्जे में ली जाएगी। इस मामले की अगली सुनवाई पांच जनवरी को न्यायालय के पुनः खुलने के बाद होगी। न्यायालय में 19 दिसम्बर से 5 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियां हैं। उत्तराखंड में वन भूमि पर अवैध कब्जे का मुद्दा कई रिपोर्टों में सामने आता रहा है, खासकर संवेदनशील पहाड़ी इलाकों में, जहां तेजी से शहरी विस्तार हो रहा है।

**मां-बेटी से...** ढेर कर दिया है। 28 जुलाई की रात नोएडा निवासी एक परिवार के छह सदस्य शाहजहांपुर अपने पैतृक गांव में एक तेरहवीं में शामिल होने के लिए जा रहे थे। देहात कोतवाली क्षेत्र में दोस्तपुर फ्लाईओवर के निकट अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार पर कुछ लोहे की वस्तु फेंक कर रुकवा लिया था। इसके बाद आरोपियों ने कार सवार किशोरी, उसके पिता, मां, ताई, ताऊ व तहेरे भाई को बंधक बनाया और कार समेत सड़क के दूसरी तरफ एक खेत में ले गए। जहां, आरोपियों ने तीनों पुरुषों के हाथ पैर बांध दिए और वादी मुकदमा की 14 वर्षीय किशोरी व पत्नी के साथ आरोपियों ने खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी वहां से लूटपाट कर भाग निकले थे।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा अफसरों की ऊर्जा व नई सोच महत्वपूर्ण: राधाकृष्णन

नई दिल्ली, वार्ता

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नया करने की सोच महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति भवन में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा लेखा विभाग की 275 वर्षों से अधिक पुरानी समृद्ध तथा गौरवशाली विरासत है, जो इसे सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक बनाती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र 2047 तक विकसित भारत बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है इसे हासिल करने में सिविल सेवकों की



भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि ये समावेशी हों और इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नई सोच राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने अधिक. ारियों से आग्रह किया कि उन्हें सेवा भाव और कर्तव्य बोध को अपना मार्गदर्शक मंत्र बनाना चाहिए। भारतीय रक्षा लेखा सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सेवा भारतीय सशस्त्र बलों और संबद्ध संगठनों के वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्षा सेवाओं की लेखा एवं वित्तीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करते हुए अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय सशस्त्र बलों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों को समझना और आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की परिच. ालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। राधाकृष्णन ने जोर देकर कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता, सतर्कता और जवाबदे. ही के उच्चतम मानकों को बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि सार्वजनिक धन करदाताओं की कड़ी मेहनत की कमाई का होता है। उपराष्ट्रपति ने तेजी से बदल रहे प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक विकास के युग में निरंतर क्षमता निर्माण के महत्व पर भी जोर दिया।

# अजय कुमार ने रेल सुरक्षा सुधारों की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अजय कुमार ने सोमवार को यात्रियों की सुरक्षा के लिए देश की सभी रेलवे लाइनों पर सुरक्षा कवच लगाने तथा रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायतें बहाल करने की मांग की।

कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में किराया वृद्धि की हालिया घोषणाओं को आम आदमी के लिए 'नए साल का एक घटिया तोहफा' बताया। उन्होंने सरकार की कड़ी आला. ेचना करते हुए उस पर रेलवे को जनसेवा के बजाय 'वसूली का जरिया' बनाने का आरोप लगाया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भारतीय रेलवे की बिगड़ती स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की। उन्होंने 2024 के चुनावों के बाद से सरकार द्वारा बार-बार किराया बढ़ाने पर प्रकाश डाला और

■ घोषणाओं को आम आदमी के लिए 'नए साल का एक घटिया तोहफा' बताया

बताया कि प्रति किलोमीटर किराया 2014 में 32 पैसे से बढ़कर आज 67 पैसे हो गया है, जो दोगुने से भी अधिक है। उन्होंने सरकार के संचार के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने आधिकारिक घोषणा के बजाय परिपत्र के माध्यम से पत्रकारों को सूचित करना चुना। कुमार ने यात्रियों के खराब अनुभवों की ओर ध्यान दिलाया और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें रेलवे के भोजन को 'मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त' बताया गया है, जबकि 2014 से भोजन की कीमतें 30 रुपये से बढ़कर 120 रुपये हो गई हैं।

# जेवर एयरपोर्ट: गंगा एक्सप्रेस-वे ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के लिए 1,246 करोड़ का प्रावधान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश को औद्योगिक और अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

अनुपूरक बजट में जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए 1,246 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस राशि का उपयोग मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को गति देने के लिए किया जाएगा। सरकार का मानना है कि यह ग्रीनफील्ड कारिडोर प्रदेश के औद्योगिक विकास की रीढ़ साबित होगा। एयरपोर्ट को सीधे एक्सप्रेसवे से जोड़ने से माल परिवहन, निर्यात, लाजिस्टिक्स और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को तेज और सुगम बनाया जा सकेगा। इससे यात्रियों को भी निर्बाध और तेज आवागमन की सुविधा मिलेगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह परियोजना प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने में सहायक होगी। गंगा एक्सप्रेसवे के साथ एयरपोर्ट की सीधी कनेक्टिविटी से आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक क्लस्टर, वेयरहाउसिंग और सेवा क्षेत्र के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की उम्मीद है।

## गंगा व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण को मिलेगी नई रफ्तार, अनुपूरक बजट में प्रावधान

**लखनऊ।** अनुपूरक बजट में प्रदेश की प्रमुख एक्सप्रेसवे परियोजनाओं को गति देने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 1,835 करोड़ रुपये और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार का उद्देश्य इन परियोजनाओं से जुड़ी वित्तीय और तकनीकी अड़चनों को दूर कर निर्माण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करना है। इसके साथ ही आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के 292 किलोमीटर लंबे हिस्से में यात्रियों की सुविधा के लिए जन सुविधा परिसर और वाहन पार्किंग स्थलों के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा गया है। इसके लिए 5 लाख रुपये की प्रतीक मांग रखी गई है, जिसे अनुदानों में होने वाली बचत से वहन किया जाएगा। सरकार का कहना है कि एक्सप्रेसवेज को केवल यातायात के साधन के रूप में नहीं, बल्कि औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों के विकास के आधार के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी।

## निवेश और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार का जोर, नीतियों के लिए भारी प्रावधान

**लखनऊ।** प्रदेश में औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने विभिन्न निवेश प्रोत्साहन नीतियों के अंतर्गत हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति 2020, औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 और फारेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट से जुड़ी नीतियों के लिए अतिरिक्त धनराशि प्रस्तावित की गई है। सरकार के अनुसार इन नीतियों के माध्यम से बड़े औद्योगिक समूहों, अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों और घरेलू निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। आक्सीजन उत्पादन, अवस्थापना विकास और पुराने निवेश समझौतों के भुगतान के लिए भी अलग-अलग मदों में राशि का प्रावधान किया गया है। लघु उद्योग और निर्यात को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र और उद्योग निदेशालय के अधिष्ठान व्यय के लिए भी धनराशि रखी गई है। हथकरघा क्षेत्र में पीएम मित्र पार्क के संचालन से जुड़े व्ययों के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है।

## राजनाथ सिंह का दो दिवसीय लखनऊ दौरा, प्रेरणा स्थल लोकार्पण में होंगे शामिल



**लखनऊ।** राजधानी संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार चौबीस दिसमबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अनुसार रक्षामंत्री शाम चार बजकर पांच मिनट पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से वे सीधे अटल कन्वेंशन सेंटर जाएंगे, जहां पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर आयोजित एकल काव्य पाठ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात वे सायं छह बजे कालिदास मार्ग स्थित आवास पहुंचेंगे। अगले दिन बृहस्पतिवार पच्चीस दिसमबर को रक्षामंत्री अपराह्न एक बजकर तीस मिनट पर कालिदास मार्ग आवास से राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। अपराह्न एक बजकर पचास मिनट पर वे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रक्षामंत्री सायं चार बजकर पांच मिनट पर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और सायं चार बजकर चालीस मिनट पर लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## केवल गीत नहीं, राष्ट्र की चेतना और साहस का मंत्र है वंदे मातरम: योगी

**लखनऊ।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा में विशेष चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं है, बल्कि यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा, क्रांतिकारियों के साहस और राष्ट्र के आत्मसम्मान का उद्घोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चर्चा किसी औपचारिक वर्षगांठ तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों और दायित्वों की पुनर्स्मृति का अवसर है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि 1857 के प्रथम स्वातंत्रय समर की विफलता के बाद देश निराशा और दमन के दौर से गुजर रहा था, तब वंदे मातरम् ने सोई हुई राष्ट्रीय चेतना को जगाने का कार्य किया। योगी आदित्यनाथ ने बंकिम. चंद्र चट्टोपाध्याय के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने मातृभूमि को केवल भूभाग नहीं, बल्कि जीवंत चेतना के रूप में प्रस्तुत किया। वंदे मातरम् औपनिवेशिक मानसिकता के प्रतिकार का प्रतीक बना और स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरक मंत्र रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब इसके 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं, तब भारत आत्मविश्वास के साथ विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह चर्चा इसी भावभूमि को सुदृढ़ करती है।

## वर्दी में गांजा पीते पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल

**सीतापुर।** सकरन थाने क्षेत्र में तैनात सिपाही धर्मेंद्र कुमार दुबे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। धर्मेंद्र कुमार दुबे डायल 112 पीआरवी 6617 पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि सिपाही धर्मेंद्र कुमार दुबे सकरन के उमरा कला स्थित एक आश्रम पर हर रोज गांजा पीने आते थे। किसी ने गांजा पीते हुए उनका विडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब लोगों का कहना है कि केवल गांजा ही नहीं धर्मेंद्र कुमार दुबे शराब का भी जमकर नशा करते हैं । रात में एक जगह दावत खाने गए दीवान जी शराब के जाम पीते हुए मिले। शराब के नशे में चूर आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार दुबे यह भूल गए कि वह खाकी वर्दी पहने हुए हैं। वर्दी पहन कर मांस मदिरा का लुफ्त उठाते हुए किसी ने उनका विडियो बनाकर सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो ने पुलिस महकमे की किरकिरी करा कर रख दी है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि विडियो वायरल की जानकारी मिली है जांच कराई जा रही है जांच के बाद विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## बांग्लादेश के खिलाफ एबीवीपी का प्रदर्शन

**सीतापुर।** बांग्लादेश में हिंदु अल्पसंख्यकों के विरुद्ध लगातार हो रही हिंसा और अत्याचार के विरोध में अभाविप सीतापुर के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर के अटल चौक पर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया गया । विभाग संयोजक अमन शांडिल्य ने बताया कि धार्मिक स्वतंत्रता कोई विकल्प नहीं, यह हर व्यक्ति का मूल अधिकार है। विद्यार्थी परिषद यह मांग करती हैं कि बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे । इस मौके पर तहसील संयोजक मानस त्रिपाठी , नगर मंत्री अनुराग मिश्रा , ऐश्वर्य , सचिन , कार्तिक , विकास वर्मा , दीपक , आयुष मिश्रा , तेजस , अभिनव , पुनीत , अंशुल , अमन निषाद एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में तरह-तरह के वेश में नजर आए बच्चे

**सीतापुर।** औरंगाबाद कस्बे के वीएमआरएस पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी प्रतियोगिता में बच्चों ने अलग-अलग रूप धारण किए । कोई बच्चा किसान बना, कोई फौजी बना तो कोई हीरो बनकर मंच पर आया। छात्राओं ने भी अलग-अलग रूप रखकर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । विभिन्न गीतों पर बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया । स्कूल की प्रधानाचार्या प्रगति मिश्रा ने बताया है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों का शैक्षिक,चारित्रिक,नैतिक व सामा. जिक विकास करना है। साथ ही साथ देश के प्रति प्रेम व समर्पण की भावना पैदा करना है। कार्यक्रम में हर्षी मिश्रा,अमायरा खान, आफिया मिर्जा ,मोहम्मद शाद, असरीबा, फरिया ,श्रेष्ठ निविष्का कनक आदि बच्चों ने तरह-तरह की वेशभूषा में आकर सबका मन मोह लिया कार्यक्रम समाप्ति के बाद प्रधानाचार्या ने बच्चों को शील्ड व मेडल प्रदान करके उनका हौसला बढ़ाया।

## नहरों का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

**सीतापुर ।** मुख्य अभियंता शारदा एचएन सिंह द्वारा खण्ड की नहरों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सिधौली तहसील में स्थित जयपालपुर माइनर, बसन्तपुर माइनर एवं मिश्रिख तहसील में स्थित डिंगरा राजबहा, मिश्रिख राजबहा, जरिगवा माइनर, अर्थाना राजबहा एवं रामकोट राजबहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नहरों के सुचारू रूप से संचालन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, उनके द्वारा मौके पर उपस्थित कृषकों से भी वार्ता की गयी। निरीक्षण के दौरान नीलेश कुमार जैन, अधीक्षण अभियन्ता एवं विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियन्ता एवं सम्बन्धित सहायक अभियन्ता व जूनियर इजीनियर उपस्थित रहे।

## दोषी को पांच वर्ष की कैद

**सीतापुर।** कमलापुर थाने में वर्ष 2012 में कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठी निवासी भिठल्लू उर्फ आशिक अली पुत्र शहजाद तेली के खिलाफ दलित महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी स्ट कोर्ट ने सबूत देखने गवाह हो और दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद भिठल्लू उर्फ आशिक अली को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषी को 5 वर्ष कैद की सजा सुनाई। वही 16000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## अस्पताल पर दर्ज होगी रिपोर्ट

**सीतापुर ।** साण्डा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र में प्राइवेट अस्पताल में प्रसूता की मौत के मामले में अस्पताल पर रिपोर्ट दर्ज होगी। इस मामले में जिलाधिकारी ने जांच टीम बनाई थी। अधिका. रियों की टीम ने जांच की। जिलाधिकारी ने पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गयी थी।

## महात्मा गांधी के नाम से नफरत करती है मोदी सरकार: भाकपा

**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। बारा. बंकी में आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि सरकार आर्थिक रूप से पंगु हो चुकी है और धन के अभाव का हवाला देकर मनरेगा को समाप्त करने की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संघ-प्रशिक्षित सरकार महात्मा गांधी के नाम से वैचारिक रूप से असहज है और इस योजना को समाप्त कर गरीब, मजदूर और ग्रामीण समाज को रोजगार के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। पार्टी नेताओं का कहना था कि यह योजना देश के करोड़ों लोगों को न्यूनतम आजीविका का सहारा देती रही है। जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि राज्य सरकारें पहले से कर्ज के बोझ में डूबी हुई हैं और वे नई योजनाओं में निर्धारित हिस्सेदारी वहन करने की स्थिति में नहीं हैं। किसान सभा और पार्टी नेताओं ने इसे सरकार की नीतिगत और आर्थिक विफलता बताया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया और मनरेगा की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने की घोषणा की गई।

## प्रधान के खिलाफ वारंट जारी

**सीतापुर ।** ब्लॉक पिसावा की ग्राम पंचायत नेरी के प्रधान नूर हसन को न्यायालय ने वारंट जारी किया है। आज भी नूरहसन के द्वारा अदालत का समय जाया किया । नूरहसन अदालत में उपस्थित नहीं हुए । नूरहसन के उपस्थित न होने से न्यायाधीश जूनियर डिवीजन द्वितीय ने पुलिस को वारंट जारी करने का आदेश देकर दिनांक 16 जनवरी को अदालत में पेश किए जाने को कहा है । विदित हो कि नेरी का प्रधान नूरहसन एक मामले में गवाह थे। 2007 से मामला अदालत में विचाराधीन है । इतने लम्बे अंतराल से नूरहसन गवाही नहीं दे रहे हैं। तब इनके विरुद्ध वारंट जारी किया गया ।

# विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सपा विधायकों का विधान भवन परिसर में जोरदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सोमवार को विधान भवन परिसर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आयोजित इस प्रदर्शन में कोडीन सिरप, एसआईआर प्रक्रिया, खाद की किल्लत, धान खरीद, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

प्रदर्शन के दौरान विधायकों ने हाथों में तख्तियां और पोस्टर लेकर नारेबाजी की। पोस्टरों पर नशीली दवाओं के कारोबार, अपराध, भ्रष्टाचार और कथित सरकारी संरक्षण को लेकर तीखे संदेश लिखे गए थे। नारेबाजी के माध्यम से सरकार पर अपरा. धियों को संरक्षण देने, आम जनता की अनदेखी करने और जनहित के मुद्दों से मुंह मोड़ने का आरोप लगाया गया। विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी सड़कों से लेकर सदन तक जनता के अधिकारों और न्याय के लिए संघर्ष करती रहेगी। उनका कहना था कि भाजपा सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार और अन्याय बढ़ा है, जबकि दोषियों पर कार्रवाई के बजाय सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने झूठे दावों और



नीतियों के माध्यम से प्रदेश को बर्बादी की ओर धकेला है। आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल व्यवस्थाओं से त्रस्त है। समाजवादी पार्टी का दावा है कि जनता इन नीतियों से ऊब चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में इस सरकार को सत्ता से बाहर कर करारा जवाब देगी।

# राजधानी में फर्जी डिग्री बनाने का भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गोमतीनगर पुलिस और क्राइम टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गोमतीनगर क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक पीएचडी डिग्रीधारक भी शामिल है, जो पूरे गिरोह का संचालन कर रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी अलग-अलग विश्वविद्यालयों की नकली डिग्री और मार्कशीट तैयार कर उन्हें पच्चीस हजार से लेकर चार लाख रुपये तक में बेचते थे। यह फर्जीवाड़ा गोमतीनगर स्थित एक प्रिंटिंग शाप के जरिए किया जा रहा था, जहां उच्च गुणवत्ता वाली नकली डिग्रियां और प्रमाणपत्र तैयार किए जाते थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से नौ सौ तेईस फर्जी मार्कशीटें, पंद्रह फर्जी मोहरें, दो लाख रुपये नकद, नीला इंक पैड, पैंसठ मार्कशीट पेपर और छह लैपटाप बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह देश भर के पच्चीस विश्वविद्यालयों के नाम पर नकली डिग्रियां बेच रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतेंद्र, अखिलेश और सौरभ के रूप में हुई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह का नेटवर्क कितने राज्यों तक फैला हुआ है और कितने लोग अब तक इन फर्जी डिग्रियों का इस्तेमाल कर चुके हैं। मामले की जानकारी देते हुए डिप्टी पुलिस आयुक्त शशांक सिंह ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों और फर्जी डिग्रियों का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है।

# भाजपा शासन में मनरेगा से लेकर स्वास्थ्य तक हर मोर्चे पर विफलता: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि मौजूदा शासन में नफरत, महंगाई, बेरा. जगारी और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, जबकि गरीबों से जुड़ी योजनाएं कमजोर की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि यदि बाकी सब कुछ घट रहा है तो मनरेगा कैसे बचेगा, इसी कारण मनरेगा कार्ड लगातार डिलीट किए जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अपना पल्ला झाड़ते हुए राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। उनके अनुसार भाजपा सरकार की नीतियां गरीब विरोधी हैं और इसका सीधा असर ग्रामीण रोजगार, किसानों और श्रमिकों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। थाना से लेकर तहसील स्तर तक बिना लेन-देन के कोई काम नहीं हो रहा है। सरकारी खाद की कालाबाजारी खुलेआम हो रही है, जबकि सरकार सब कुछ ठीक होने का दावा कर रही है। जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। कई स्थानों पर साधन सहकारी समितियों के गोदामों में यूरिया समाप्त होने की सूचनाएं लगी हैं और किसानों तथा खरीद कर्मचारियों के बीच नोंकझोंक की घटनाएं सामने आ रही हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा विकसित भारत का सपना दिखा रही है, लेकिन वास्तव में गरीब और अमीर के बीच की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। प्रतिव्यक्ति आय केवल सरकारी आंकड़ों में बढ़ रही है, जबकि भूख, बीमारी और कुपोषण के शिकार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चों में भी नई-नई बीमा. रियां देखने को मिल रही हैं। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह चौपट बताते हुए कहा कि अस्पतालों में न दवाएं हैं, न डाक्टर। ठंड के मौसम में तीमारदार खुले में ठिठुरने को मजबूर हैं और गरीबों के लिए अलाव तक की व्यवस्था नहीं की जा रही है। भाजपा सरकार केवल झूठे दावों और प्रचार में लगी हुई है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि डबल इंजन सरकार के दोनों इंजन आपस में टकरा रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ के बीच खींचतान अब सार्वजनिक हो चुकी है, जो संवैधानिक मर्यादाओं के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि जनहित में कोई ठोस काम न होने से जनता में निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है।

# मनरेगा के भविष्य को लेकर वाम दलों का संयुक्त प्रदर्शन नए ग्रामीण रोजगार मिशन को बताया गरीब विरोधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के स्वरूप में प्रस्तावित बदलाव और उसके स्थान पर लाए जा रहे विकसित भारत ग्रामीण रोजगार गारंटी मिशन के विरोध में लखनऊ में वाम दलों ने संयुक्त रूप से जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार योजनाबद्ध तरीके से मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम और उसकी मूल आत्मा हटाकर इस ऐतिहासिक योजना को कमजोर करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वाम दलों के नेताओं ने आरोप लगाया कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण मजदूर, गरीब और हाशिये पर खड़े समाज के लिए सामा. जिक सुरक्षा का सबसे मजबूत आधार रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे संकट काल में यही योजना करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा बनी थी और आज भी जब ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रोजगार के अवसर घटते हैं, तब मनरेगा ही मजदूरों को न्यूनतम आजीविका का सहारा देती है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने प्रस्तावित नए बिल पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें केंद्र सरकार की जिम्मेदारी कम कर राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ाया जा रहा है। उनका तर्क था कि पहले मनरेगा का अधिकांश भार केंद्र वहन करता था, जिससे राज्यों के लिए योजना का क्रियान्वयन संभव हो पाता था, लेकिन नए प्रावधानों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाने से आशंका है कि कमजोर वित्तीय स्थिति वाले राज्य इस भार को नहीं उठा पाएंगे। ऐसी स्थिति में योजना धीरे-धीरे निष्क्रिय हो सकती है और भविष्य में दम तोड़ देगी। वाम दलों का कहना था कि यह बदलाव केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और वैचारिक है। उन्होंने इसे सरकार की गरीब-विरोधी और असंवे. दनशील मानसिकता का प्रमाण बताया। नेताओं ने कहा कि मजदूरों के अधिकार, सम्मानजनक रोजगार और न्यूनतम मजदूरी की गारंटी को कमजोर करना सीधे-सीधे ग्रामीण समाज को असुरक्षित बनाने जैसा है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट मांग की कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार गारंटी मिशन से संबंधित प्रस्तावित बिल को तत्काल वापस लिया जाए और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को उसके मूल स्वरूप, नाम और भावना के साथ यथावत रखा जाए। उनका कहना था कि मनरेगा की आत्मा महात्मा गांधी के विचारों से जुड़ी है, जिसमें काम के बदले अधिकार, गरिमा और सामाजिक न्याय की अवधारणा निहित है। वाम दलों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उनका कहना था कि यह संघर्ष केवल एक योजना का नहीं, बल्कि ग्रामीण मजदूरों के भविष्य, उनके अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के लिए है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

## सरकार का अनुपूरक बजट उसकी नीतिगत विफलता की स्वीकारोक्ति :लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए अनुपूरक बजट को जमीनी जरूरतों से कटा हुआ बताते हुए इसे किसानों और आम जनता के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता का प्रमाण करार दिया है। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि यह अनुप. रक बजट किसानों के लिए नहीं, बल्कि फाइलों और घोषणाओं के लिए तैयार किया गया है, जबकि किसान आज भी खाद, बिजली, पानी, गन्ना भुगतान और इलाज जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भटक रहा है।

## कांग्रेस में आस्था जताते हुए तरुण गुप्ता ने समर्थकों संग ली पार्टी की सदस्यता

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों और समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए तरुण गुप्ता ने सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपनी पत्नी सना परवीन और फिजा खातून के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी की विचारधारा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की रही है और लगातार लोग कांग्रेस की नीतियों से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। नए सदस्यों के पार्टी से जुड़ने को संगठन की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:** एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:** फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मेन बाजार से पालिका ने हटाया अतिक्रमण

## दुकानों के बाहर रखा सामान किया जब्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर पालिका ने पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से नगर के विभिन्न प्रमुख बाजारों में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सरकारी नाले-नालियों के ऊपर, उनके आगे तथा सार्वजनिक मार्गों पर अवैध रूप से रखे गए सामान को हटाते हुए जब्त किया गया।

अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगर के बाजारों में प्रचार-प्रसार कर दुकानदारों एवं भवन स्वामियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया था। इसके बावजूद अतिक्रमण बने रहने पर आज नगर पालिका की टीम ने पुलिस बल के साथ बटवाल मुख्य रोड से बाजार बटवाल, बाजार कोट, कोट चौराहा, बाजार शफात पोता, बाजार गुजरी, बाजार बसावन गंज, कोतवाली रोड, बड़ा बाजार, मंडी चौब चौराहा होते हुए स्टेशन रोड तक सघन अभियान चलाया। इस दौरान जाल, तख्त, भट्टी सहित अन्य सामान जो सरकारी नाले-नालियों व सार्वजनिक मार्गों पर रखे गए थे, उन्हें हटाकर जब्त किया गया। नगर के मुख्य बाजारों में बड़े स्तर पर हुई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध सामग्री कब्जे में ली गई।



अमरोहा। मेन बाजार में अतिक्रमण हटवाने के दौरान दुकानदार को समझाते अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार।

# क्रिसमस के लिए की जा रहीं तैयारियां

## 25 दिसम्बर को मनाया जाएगा पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर में सेंट जॉन्स स्कूल में प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव 'क्रिसमस' के उपलक्ष्य में एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। और छात्रों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता रेव्ह. सुशील मसीह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को क्रिसमस के वास्तविक आध्यात्मिक अर्थ और इसके महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि यह पर्व प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देता है। समारोह के दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिन्होंने पूरे आयोजन की रौनक बढ़ा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य महकार सिंह जी भी उपस्थित रहे। जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन के साथ-साथ समुदाय के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिनमें मुख्य रूप से डेबरा मसीह, डैन मसीह, राखी मसीह और शैनन मसीह शामिल रहे। साथ ही शिक्षिकाएं कु. मुस्कान, ज्योति, सीमा, शिखा और मन्जू ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# चार साहिबजादों के बलिदान व शौर्यगाथा का वर्णन

## सबद कीर्तन से गुंजा क्षेत्र, संगत हुई भावविभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के चार साहिब. जादों की महान शहादत को समर्पित तीन दिवसीय कीर्तन दरबार और गुरमत समागम का आयोजन धनौरा स्थित गुरुद्वारा अजीत सर साहिब, चांदरा फार्म में किया जा रहा है। समागम में शबद-कीर्तन और ढाडी जत्थों के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान और शौर्य गाथा का वर्णन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार शाम रहरास साहिब के पाठ के साथ हुआ। इसके बाद कीर्तन दरबार आरंभ हुआ, जिसमें हजूरी रागी जत्था भाई जतिंदर सिंह ने शबद-कीर्तन प्रस्तुत किया। 22 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे से हजूरी रागी जत्था द्वारा कीर्तन सेवा जारी रखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। गुरुद्वारे के अध्यक्ष जसवंत सिंह ने बताया कि पंजाब से आए भाई इमनदीप सिंह खालसा, भाई पवनदीप सिंह, भाई अर्शदीप सिंह और सारंगी मास्टर गुरजीत सिंह के ढाडी जत्थों द्वारा 21 से 23 दिसंबर तक गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत, उनके इतिहास और माता जी के अमर बलिदान पर प्रकाश डाला जा रहा है। ढाडी जत्थों ने शबद-कीर्तन और वीर रस की प्रस्तुतियों से संगत को भावविभोर कर दिया। प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार रंजीत सिंह ने समस्त संगत से अधिक से अधिक संख्या में समागम में पहुंचकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की है। इस अवसर पर कश्मीर सिंह, अमन सिंह कंबोज, श्रम सिंह कंबोज, दर्शन सिंह, सुंदर सिंह, अवतार सिंह, बूटा सिंह, गुरसेवक सिंह, सोहन सिंह, रणजीत सिंह, अंग्रेज सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।



# स्वामी हीरानंद की पुण्यतिथि पर निकाली प्रभात फेरी

## आनन्दधाम आश्रम में हुआ भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आनंद धाम आश्रम के संस्थापक स्वामी हीरानंद जी की पुण्य तिथि सोमवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर साधु-संतों और श्रद्धालुओं द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें भजन-कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।

नगर के मोहल्ला हीरानगर स्थित आनंद धाम आश्रम में सुबह करीब दस बजे दूर-दराज क्षेत्रों से आए संत समाज के लोगों ने प्रभातफेरी का शुभारंभ किया। प्रभातफेरी आश्रम से चलकर कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, गढ़ी मंदिर धर्मशाला, कटरा, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, सोसाइटी, नुक्कड़ शिव मंदिर, गुरुद्वारा रोड और बाइपास मार्ग से होती हुई पुनः आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान संत समाज के लोग भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी के समापन पर आश्रम परिसर में आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर गितेश अग्रवाल, मनू अग्रवाल, पिंटू रूहेला, अर्जुन सैनी, आनंद शर्मा, कपिल कुमार, टीकाराम सैनी, विनीत अग्रवाल, अनूप अग्रवाल सहित अनेक संत-महात्मा और श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन शांतिपूर्ण और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ।



# हाइवे पर वाहन चालक के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मुरादाबाद से गाजियाबाद जा रहे एक चालक को दूसरे वाहन में सवार चार लोगों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना बहादुरगढ़ के गांव करीमपुर निवासी मोहित यादव अपनी गाड़ी से 21 दिसम्बर को मुरादाबाद से गाजियाबाद जा रहा था। ब्रजघाट

### ■ चार आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

चौकी के पास जाम लगा हुआ था, इसी दौरान एक दूसरी गाड़ी में सवार चार लोगों ने उतरकर मोहित यादव के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के कारण कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# घने कोहरे के कारण दृश्यता रही शून्य, मौसम में बढ़ी ठंड

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। सोमवार को दिन की शुरुआत घने कोहरे के बीच हुई। को. हरा इतना घना था कि दृश्यता अत्यंत कम होने के कारण पास का देखना भी मुश्किल हो रहा था। दुपहर में डेढ़ बजे के बाद निकली धूप ने

ठिठुरन भरी सर्दी से जूझ रहे लोगों

### ■ दोपहर में धूप खिली तो मिली राहत

को थोड़ी सी राहत दी। धूप निकलने पर ही बाजार में चहल-पहल बढ़ी।

यूं तो रविवार को रात के दस बजे के बाद से ही मौसम में ठंड बढ़ गयी थी, जिसके बाद कोहरा आना शुरू हो गया था। सोमवार की सुबह होने तक कोहरा इतना घना हो गया कि दृश्यता बिल्कुल कम हो गई। कोहरा व बदली के चलते लोग घर से बाहर निकलने से कतरा रहे थे। छात्र-छात्राएं घने कोहरे और ठंड के बीच अपने स्कूल-कॉलेज पहुंचे। कामकाजी लोगों को भी ठंड से जूझते हुए ही अपने कार्यक्षेत्र पर पहुंचना पड़ा। दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, डेढ़ बजे के बाद धूप निकली तो लोगों को ठंड से राहत मिली, हालांकि शाम के पांच बजते बजते फिर से मौसम में ठंडक बढ़नी शुरू हो गई थी। वहीं कोहरे के चलते हाइवे पर वाहनों की गति बिल्कुल कम रही तो वहीं ट्रेनों के संचालन में भी बाधा रही। यही कारण रहा कि ट्रेनें निर्धारित समय से पहुंची।



# तमंचे सहित दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। किसी आपराधिक घटना को करने की फिराक में तमंचे के साथ घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया।

उपनिरीक्षक नितेन्द्र कुमार वशिष्ठ व अंकुर मलिक पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था हेतु गश्त कर रहे थे कि तभी मुखबिर की जरिये सूचना मिली कि हाइवे से खादगूजर रोड पर करीब आधा किलोमीटर आगे चलकर दो युवक किसी घटना को करने की फिराक में घूम रहे हैं। उनके पास तमंचे भी हैं। पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लेते

### ■ घटना को अंजाम देने की बना रहे थे योजना

हुए मौके पर पहुंचकर दो युवक खड़े थे। पुलिस को पास आता देखकर दोनों युवक भागने लगे मगर पुलिस ने दौड़कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम नौशाद निवासी मुहल्ला जलालनगर गजरौला व दूसरे ने हनीमान निवासी पारा पटटी थाना मंडी धनौरा बताया। दोनों की जेब से एक एक तमंचा भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर चालान करके न्यायालय में पेश किया।

# एसडीएम ने ली दूषित पानी व प्रभावित फसलों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा औद्योगिक इकाईयों द्वारा किए जा रहे प्रदुषण के विरूद्ध दूसरे दिन भी धरना जारी रहा, साथ ही यहां पर प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम आदि की टीमों ने पहुंचकर जल और मृदा के सैम्पल लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

बता दें कि रविववार को शहबा. जपुर डोर में किसानों ने अनिश्चितक. ालीन धरना प्रारंभ किया था। सोमवार को दूसरे दिन धरने को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की औद्योगिक इकाईयों द्वारा भारी मात्रा में प्रदूषित पानी बोरिंग करके जमीन में डाला जा रहा है, जिससे क्षेत्र का भूजल प्रदुषित हो रहा है। वहीं मृदा और वायु भी प्रदुषण के कारण अपनी

### ■ टीम ने कई स्थानों से भरे जल और मृदा के नमूने

प्रकृति को खो रही है। क्षेत्र के लोगों को इस प्रदुषण से निजात दिलाए जाने की जरूरत है। इसलिए ही किसान धरने पर बैठे हैं। वहीं अपरान्ह के बाद एसडीएम विभा श्रीवास्तव धरना स्थल पर पहुंची, वहीं यहां पर जुबिलेंट के जनसम्पर्क महाप्रबंधक सुनील दीक्षित, वरिष्ठ अधिकारी डीएस शुक्ला भी पहुंचे। उन्होंने किसानों के साथ प्रदुषित पानी देखा तो वहीं साथ ही किसानों से बात. चीत करके जमीन की उर्वरक क्षमता आदि के बारे में जानकारी ली। वहीं यहां पहुंची प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से आशीष शर्मा, जल निगम से एई सहरोज, उद्योग विभाग से डिप्टी कमिश्नर शैलेन्द्र कुमार, अपर कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार आदि ने मूर्ति देवी, रामचरन व शीशपाल के खेत से मृदा का परीक्षण हेतु नमूना एकत्र कराया, वहीं समसर्बिसल से निकलने वाले दूषित पानी के नमूने एकत्र कराए। नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि किसान प्रदुषण के कारण त्रस्त हो चुके हैं। जमीन की उर्वरक क्षमता भी प्रभावित हो रही है। पहले जहां किसान की भूमि से कई कई कुन्तल गेहूं और अन्य फसलें उपजती थीं, अब इस प्रदुषण के कारण उपजाऊ क्षमता बिल्कुल समाप्ति की ओर है। सरकार या औद्योगिक इकाईयां प्रभावित किसानों को मुआवजा दें और सिंचाई के लिए भी गहराई में समसर्बिसल कराके दें, इतना ही नहीं गांव गांव आरओ प्लॉट भी लगवाए जाएं। किसानों की समस्याओं के निदान होने तक यह धरना जारी रहेगा। किसान इस देश का अन्नदाता है, किसान की समस्या का निदान होना बहुत जरूरी है। इस मौके पर राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, जगदेव सिंह, जयकरन सैनी, ओम प्रकाश, चौ.चरण सिंह, अब्दुल रशीद, दिलशाद, जगपाल सिंह मलिक, सुरेश सिंह, नबी चौधरी, मोनित कुमार, सुरेंद्र चौधरी, सुमर सिंह नहीम चौधरी, इरशाद चौधरी, साइने आलम, लक्की चौधरी, विशाल यादव, हेरी लामा, पुनीत चौधरी, लकी चौधरी आदि मौजूद रहे।



गजरौला। धरनास्थल पर पहुंचकर किसानों से बातचीत करतीं एसडीएम विभा श्रीवास्तव।

# कांग्रेस नेता जहूर अहमद का इंतकाल

**हसनपुर**। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का इंतकाल होने से शहर में रंजो गम की लहर दौड़ गई। गमजदा माहौल में जनाजे को सुपुर्द खाक कर दिया गया। नगर के मैंन बाजार पुरानी तहसील के सामने रहने वाले शेख जहूर अहमद लंबे समय से कांग्रेस में थे। शेख जहूर अहमद की पहचान कांग्रेसी नेता के रूप में होती थी। शेख जहूर अहमद अनेकों बार कांग्रेस के नगर के अध्यक्ष रहने के साथ भी जिला व प्रदेश स्तर के पदों पर रहकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया था। मुजाहिद चौधरी एडवोकेट, जाहिद अंसारी, डाक्टर इसरार खान एडवोकेट, सालिम खान, मुमताज अहमद उर्फ गुड्डू कुरैशी, शाहनवाज अंसारी, सरदार खान के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बार अध्यक्ष चुनाव में चार दावेदार मैदान में

## 31 दिसम्बर को होगा मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर तहसील परिसर में सियासी माहौल गरमा गया है। अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होते ही अधिवक्ताओं के बीच हलचल तेज हो गई है। अध्यक्ष पद पर चार प्रमुख अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र खरीदकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है।

चुनाव अधिकारी रविंद्र प्रताप ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा करने की प्रक्रिया 22 और 23 दिसंबर को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की वापसी मंगलवार को 3:00 बजे तक की जा सकेगी। 24 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे के बाद नामांकन पत्रों की जांच कर उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट संदीप कुमार गुप्ता, मूलचंद त्यागी, चौधरी अली रफी और सर्वेश कुमार शर्मा ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट जयप्रकाश सैनी ने नामांकन पत्र खरीदकर जमा कर दिया है, जबकि अरुण कुमार रस्तोगी ने भी नामांकन पत्र खरीदा है। महासं. चव पद के लिए एडवोकेट अनुज कुमार त्रिवेदी ने नामांकन पत्र जमा किया है। कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट पंकज यादव, दिग्विजय सैनी, सतीश सैनी और महिपाल सैनी मैदान में हैं। 10 वर्ष से कम अनुभव वाले उपाध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार और सादान कुमार ने नामांकन पत्र खरीदे हैं, जिससे युवा अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी भी चुनाव में देखने को मिल रही है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा और 3:30 बजे परिणाम घोषित किए जाएंगे। जैसे-जैसे चुनावी तारीख नजदीक आ रही है, तहसील परिसर में समर्थन जुटाने की सरगर्मी और तेज हो गई है।

# तंवर ने पूर्व सभासद के परिजनों का बंधाया ढांढस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने गजरौला पहुंचकर पूर्व सभासद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा के निधन पर परिजनों से मुलाकात की तथा गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

श्री तंवर ने कहा कि डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा के व्यक्तित्व में विद्वता, सरलता और समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता का अद्भुत संगम था। वे समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहे और अपने जीवनकाल में समाजहित में अनेक महत्वपूर्ण योगदान दिए, जिन्हें सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें। इस अवसर पर मनोज शर्मा, महेश खड्वांशी, मोनू यादव, शनि चौहान, अंकुर नागर, चित्रा भाटी, राजीव मित्तल आदि रहे।

# पूर्व विधायक ने की प्रदेशाध्यक्ष से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय जनता पार्टी के नवमना. नीत प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात करते हुए पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसी के साथ साथ उन्होंने निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह व क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया से भी मुलाकात की।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष पद पर पंकज चौधरी का निर्विरोध मनोनयन हुआ है। वे भाजपा के पुराने सिपाही हैं। केन्द्र में मंत्री होने के साथ साथ सात बार से सांसद भी हैं। सोमवार को पूर्व विधायक व भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री हरपाल सिंह लखनऊ पहुंचे और प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी से भेंट करके आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसी के साथ साथ उन्होंने निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह व क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया से भी मुलाकात की। पूर्व विधायक ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। उनका व्यवहार सरल और विनम्र है।



# शास्त्री क्लब ने छह रन से जीता क्वार्टर फाइनल




**अमरोहा**। मिनी स्टेडियम अमरोहा में मास्टर भूरे खान एंड शेरू परवेज मेमो. रियल सद्भावना कप ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले मे शास्त्री क्रिकेट क्लब दिल्ली और रुड़की क्रिकेट क्लब रुड़की आमने-सामने रहे। रुड़की क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्ठ शास्त्री क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अर्नव बुग्गा ने शानदार 69 रन बनाए, जबकि यथार्थ ने 34 रनों का योगदान दिया। रुड़की क्लब की तरफ से सुहैल ने 4 विकेट और बिलाल ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुड़की क्रिकेट क्लब की टीम 30 ओवर में 9 विकेट पर 178 रन ही बना सकी। टीम के लिए आयुष चौहान ने 34 रन और गोपी ने 29 रन बनाए। स्ठ शास्त्री क्लब की गेंदबाजी में अर्नव बुग्गा और दीपेश ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस प्रकार स्ठ शास्त्री क्रिकेट क्लब दिल्ली ने यह मुकाबला 6 रन से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शानदार बल्लेबाजी के लिए अर्नव बुग्गा को शिबलू भाई द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रिजवान पाशा, इमरान पाशा, नज्म अली, परवेज पाशा, शहजाद फारूक, सिकंदर अली, नदीम बादशाह आदि मौजूद रहे।

# टुकटुक से गिरकर चार वर्षीय मासूम की मौत

**■ नानी के घर से मां के साथ लौट रहा था बच्चा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** टुकटुक से गिरकर एक बच्चे की मौत हो गई जिससे उसके घर में कोहराम मच गया। बच्चे को गमगीन माहौल में दफन कर दिया गया।

रविवार की रात में एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे इलाके को गहरे शोक में डुबो दिया। लगभग चार वर्षीय मासूम मोहम्मद उजैन की टुकटुक (ई-रिक्शा) से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मोहल्ले में उथल पुथल मच गई। परिजनों के मुताबिक उजैन अपनी मां के साथ नानी के घर से वापस अपने घर मोहल्ला तलपुरा आ रहा था।

रास्ते में वह टुकटुक में खेलते हुए अचानक असंतुलित हो गया और नीचे गिर पड़ा और वह टुकटुक के टायर के नीचे आ गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। घबराए परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर रवाना हुए लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता और अन्य परिजन सदमे में हैं। मृतक के पिता इंतिखाब स्टार नैनीताल रोड स्थित यूनियन बैंक के पास स्टार नाम से मोटरसाइकिल की दुकान चलाते हैं। घटना के बाद से इलाके में शोक का माहौल है और हर आंख नम दिखाई दे रही है।

लोगों ने ई रिक्शा के दाहिनी साइड को जाल से बंद करने की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि टुकटुक पर सवारियों का निर्धारण किया जाए और उसमें कम सवारियों को बिठाया जाए इसमें पुलिस और प्रशासन हस्तक्षेप कर इस व्यवस्था को बनाए।

# पति ने की दूसरी शादी, पहली के जेवर हड़पकर घर से निकाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ धोखाधड़ी, मारपीट और साजिशन दूसरी शादी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत 15 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम लाईखेड़ा निवासी अंजुम बी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 9 जून 2021 को शावेज पुत्र सद्दीक हुसैन निवासी वार्ड नंबर 10, कस्बा फतेहगंज के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। निकाह के कुछ समय बाद ही उसके पति के सीमा वी नाम की महिला से संबंध हो गए। पीड़िता के अनुसार, विरोध के बावजूद ससुराल पक्ष नहीं माना और 15 मई 2025 को बिना तलाक के साजिश के तहत शावेज का दूसरी महिला सीमा वी से निकाह करा दिया गया। जब अंजुम वी को इसकी जानकारी हुई और उसने अपने जेवरात वापस मांगे तो ससुरालियों ने साफ कह दिया कि अब उसका इस घर से कोई लेना-देना नहीं है और उसके जेवर दूसरी पत्नी को दे दिए गए हैं।

आरोप है कि दूसरी शादी का विरोध करने पर पति, दूसरी पत्नी और ससुराल के अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता किसी तरह जान बचाकर वहां से निकली और बाद में थाना नवाबगंज पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने अंजुम वी की तहरीर पर पति शावेज, दूसरी पत्नी सीमा वी, ननद साकरा उर्फ गुड़िया, ननदोई अतहर खां, अनम, उमम, जेठानी इस्बार, सास खुर्शीद, ससुर अफसर अली समेत कुल 15 नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 82, 85, 115(2), 352 और 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक छाया सागर को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# ओसवाल चीनी मिल के बकाये पर एमएलसी महाराज सिंह ने लिखा प्रमुख सचिव को पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल पर किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान न किए जाने का मामला अब विधान परिषद तक पहुँच गया है। विधान परिषद सदस्य कुँवर महाराज सिंह ने प्रमुख सचिव विधान परिषद उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर सदन का ध्यान जनपद बरेली की नवाबगंज तहसील परिसर में चल रहे किसानों के धरना-प्रदर्शन की ओर आकृष्ट कराया है।

पत्र में एमएलसी कुँवर महाराज सिंह ने अवगत कराया कि ओसवाल चीनी मिल, बरेली ने किसानों का बीते दो वर्षों का लगभग 58.09 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया है। समय से भुगतान न होने के कारण किसान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मजबूर होकर किसानों को नवाबगंज तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू करना पड़ा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि किसान देश के अन्नदाता हैं और उनकी मेहनत व पसीने की कमाई का समय पर भुगतान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन भुगतान लंबित रहने से किसानों में रोष एवं क्षोभ व्याप्त है। वर्तमान स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बनी हुई है। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने इसे लोक महत्व का तात्कालिक, अविलम्बनीय एवं सुनिश्चित विषय बताते हुए सदन का ध्यान आकृष्ट कराया है तथा मांग की है कि ओसवाल चीनी मिल, बरेली द्वारा किसानों के गन्ना मूल्य का अविलंब भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

# नवाबगंज में बिजली बिल राहत योजना के लिए निकली जागरूक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बिजली विभाग के आला अधिकारियों के निर्देशो पर नवाबगंज कस्बे में उपभोक्ता जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य बकाया उपभोक्ताओं को बिजली बिल राहत योजना के तहत अपने बिल जमा कर छूट का लाभ लेने के लिए जागरूक करना था।



योजना के पहले चरण में "पहले आओ, ज्यादा पाओ" के अंतर्गत उपभोक्ताओं को मूलधन पर अधिकतम 25 प्रतिशत और सर्चार्ज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। जागरूकता यात्रा के दौरान सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। इस अभियान में उपखंड (एसडीओ) अधिकारी राजेंद्र सिंह, अवर अभियंता नीरज कुमार के साथ समस्त मीटर रीडर, सुपरवाइजर और लाइनमैन शामिल रहे।

# केसीएमटी कॉलेज के छात्र मोहम्मद हैदर ने रचा फिर इतिहास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** छात्र मोहम्मद हैदर ने एक बार फिर लखनऊ के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुई टाइकबांडों प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने कस्बे, अपने जिले और अपने प्रदेश का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के लोगों ने भाग लिया था।

छात्र मोहम्मद हैदर ने सबको पछाड़ते हुए गोल्ड मैडल झटक लिया। इससे पूर्व कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर दिल्ली और फिर लखनऊ में भी हुई प्रतियोगिता में मैडल जीत चुके हैं। आज सुबह अपने कस्बा लौटे इस होनहार छात्र को कस्बा वासियों ने कांधे पर उठाकर खुशी का इजहार किया लोगों ने मिठाई खिलाई मुबारकबाद दी और जमकर इस्तकबाल किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने छात्र मोहम्मद हैदर को अपने कस्बे का हीरो बताते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोहम्मद हैदर एक जुनूनी छात्र हैं और लक्ष्य को पाने का उनकी आंखों में मैंने जुनून देखा है। मैं उनके रौशन मुस्तकबिल की कामना करता हूँ और साथ ही वायदा करता हूँ कि उनके संसाधनों में कमी नहीं आने दूंगा। छात्र मोहम्मद हैदर नगर पंचायत में सफाई नायक के पद पर नियुक्त रईस हैदर के पुत्र हैं।

# राष्ट्रीय दिवस पर सेंथल के गणितज्ञ इच्छाराम गुरुजी हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** राष्ट्रीय गणित दिवस 22 दिसंबर को रामानुजन के जयंती पर मनाया जाता है। इस दिन को उस गणितज्ञ के सम्मान में मनाया जाता है, जिसने अनंत की खोज की।



एक ऐसे गणितज्ञ का जन्मदिन, जिसने महज 32 साल के जीवन में गणित की 4 हजार से ज्यादा ऐसी प्रमेय (थ्योरम) पर रिसर्च की, जिन्हें समझने में दुनियाभर के गणितज्ञों को भी सालों लगे। यहां तक कि उनकी मॉक थीटा फंक्शन को 2012 में प्रोफेसर केन ओनो ने सही ठहराया, जो ब्रिटेन की सबसे प्रतिष्ठित रॉयल सोसायटी का सबसे कम उम्र का फेलो बना।

रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु (उस वक्त के मद्रास) में हुआ था। रामानुजन, जिन्हें गणित के अलावा किसी दूसरे सब्जेक्ट में इंट्रेस्ट नहीं था। वे 11वीं में गणित को छोड़ बाकी सभी विषयों में फेल हो गए। अगले साल प्राइवेट परीक्षा देकर भी 12वीं पास नहीं कर पाए। जिस स्कूल में वो 12वीं में दो बार फेल हुए आज उसका नाम रामानुजन के नाम पर है। 12वीं के बाद घर चलाने के लिए उन्होंने मद्रास पोर्ट कोर्ट में क्लर्क की नौकरी की, लेकिन वहां भी गणित के फॉर्मूले ही गढ़ते रहे। करीब साल भर की नौकरी के दौरान सैकड़ों फॉर्मूले एक रजिस्टर में लिख डाले। 16 साल की उम्र में जानकी अम्माल से शादी हो गई। मगर गणित से प्यार तब भी कम न हुआ। इसी बीच, लेटर के जरिए कुछ फॉर्मूले कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जीएच हार्डी को भेजे। हार्डी उनसे इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने रामानुजन को लंदन बुला लिया। उनके मेंटर बने। दोनों ने मिलकर गणित के कई रिसर्च पेपर पब्लिश किए। उनके रिसर्च को अंग्रेजों ने भी सम्मान दिया। उन्हें रॉयल सोसायटी में जगह मिली। वो ट्रिनिटी कॉलेज की फेलोशिप पाने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन, रामानुजन को लंदन की आबो-हवा रास नहीं आई और उन्हें भारत लौटना पड़ा। उन्हें टीबी हो गई और एक साल की बीमारी के बाद अप्रैल 1920 में उनका निधन हो गया। 2015 में रामानुजन के जीवन पर 'द मैन हू न्यू इन्फिनिटी' फिल्म भी बनी।

फिल्म में देव पटेल ने उनका किरदार निभाया था। ये फिल्म रॉबर्ट कैनिगल की किताब 'द मैन हू न्यू इन्फिनिटी: अ लाइफ ऑफ द जीनियस रामानुजन' पर आधारित थी। राष्ट्रीय गणित दिवस के मौके पर सैंथल नगर पंचायत के गणितज्ञ इन्छारामजी गुरुजी का नगर के युवा जोश ने माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया व गणित दिवस की शुभकामनायें बधाई प्रेषित की। सेंथल नगर के श्री प्रेमचन्द गुप्ता बाबू जी भी गणित विषय के महाज्ञाता थे।

# जिलाधिकारी ने विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की करी समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली ।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार सम्पन्न हुई। बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर डी एवं ई श्रेणी वाले विभागों की समीक्षा करते हुये उनको अपनी रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये।



बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा गया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में प्राप्त आवेदनों समया अंतर्गत अग्रसारित किया जाये। बैठक में स प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की समीक्षा के दौरान पाया गया कि इस समय पोर्टल बन्द चल रहा है पोर्टल खुलते ही किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों का सत्यापन कार्य पूर्ण कराया जाये। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि फैमिली आईडी में जो भी हमारी पेंडेंसी ब्लॉक स्तर पर चल रही है उसे खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर समाप्त कराया जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, तथा लगातार अपने स्तर से मॉनिटरिंग भी की जाए। बैठक में विभिन्न प्रकार की पेंशनों के सत्यापन कार्य की समीक्षा करते हुये पाया गया कि पुराने समस्त प्रकरणों का सत्यापन कर दिया गया है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में भी स्थिति अच्छी है तथा श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने में भी अच्छा कार्य हुआ है कुछ कार्ड तकनीकी समस्या के कारण नहीं बन पा रहे हैं। बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिये गये कि ऐसे आस्थान जिनका विद्युत उपयोग 25 किलोवाट से ज्यादा है उनका चिन्हांकन करते हुये उन्हें इस योजना से लाभान्वित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्साधिकारी विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार,परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा हबीब अंसारी, उपयुक्त उद्योग विकास यादव, जिला पंचायत राज्य अधिकारी कमल किशोर, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुकेश हत्याकांडः परिजनों ने एसएसपी से न्याय की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर पंचायत निवासी युवक मुकेश मौर्य (22) की 4 दिसंबर 2025 की रात्रि को हुई निर्मम हत्या के मामले में परिजन न्याय की मांग को लेकर आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के कार्यालय पहुँचे। परि. जनों ने आरोप लगाया कि मुकेश के साथ अत्यंत बर्बरता की गई, जिससे उसकी पसलियाँ टूट गई तथा फेफड़े व लीवर फट गए।

पीड़ित परिवार का कहना है कि हत्या में और लोग शामिल थे, लेकिन नामजद आरोपियों में से अब तक केवल दो की ही गिरफ्तारी हुई है, जबकि अन्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। प्रशासनिक कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की। एसएसपी बरेली ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाई जाएगी। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बाबूराम गंगवार, जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, प्रतिष्ठित व्यापारी व समाजसेवी दीपू गुप्ता, विहिप महानगर मन्त्री संजय शुक्ला, पूर्व सभासद सेवाराम मौर्य, रूपकिशोर सहित मृतक के परिजन व अन्य लोग मौजूद रहे।



# हरिजन बस्ती में मार्ग निर्माण की मांग, दिया गया एसडीएम को पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे के मोहल्ला हरिजन बस्ती में एक दशक पूर्व विजय के मकान से बाबूलाल के मकान मार्ग का निर्माण नगर पंचायत द्वारा कराया गया था जिसकी हालत अब बहुत खस्ता हो चुकी है, बरसात के मौसम में अब उस मार्ग पर चला भी नहीं जाता है जिसकी वजह से मोहल्ला वासियों को जबरदस्त असुविधा झेलनी पड़ रही है।भाजपा नेता विनय चौधरी ने एसडीएम नवाबगंज को प्रार्थना पत्र देकर यथा शीघ्र मार्ग निर्माण कराए जाने की मांग की है।विनय चौधरी ने अपने मांग पत्र में लिखा है कि वह अनेक बार नगर पंचायत में भी अपनी बात रख चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं होती है।उन्होंने जनसुविधा को ध्यान में रखकर शीघ्र निर्माण कराए जाने की कृपा करें।

# अजमेर में 27 का होगा कुल शरीफ, दरगाह आला हजरत पर भी अदा की जाएगी कुल की रस्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती संजरी अजमेरी का 814 उर्स अजमेर शरीफ में चल रहा है। अजमेर शरीफ में माहे रजब का चांद 21 दिसंबर को नजर आ गया है। इस इतिबार से कुल शरीफ की रस्म 27 दिसंबर(शनिवार) को अदा की जाएगी। बरेली में भी चांद की शरई शहादत मिल जाती है तो दरगाह आला हजरत पर भी 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे कुल शरीफ की रस्म दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां की सदारत में अदा की जाएगी।



मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स में शिरकत के लिए दुनिया भर से अकीदतमंद अजमेर शरीफ पहुंचते है। बरेली से भी बड़ी संख्या में अकीदतमंद जाते है। उधर सिटी स्टेशन पर भी देश भर के जायरीन बसों द्वारा पहुंच रहे है। अब तक सैकड़ों की संख्या में देश के विभिन्न सूबों बसे पहुंच चुकी है। इनका पड़ाव सिटी सब्जी मंडी से दूल्हा मियां के मजार तक है। इनकी सहूलियत के लिए नगर निगम व दरगाह की ओर से कैंप लगाया गया है।

ये कैंप 24 दिसम्बर तक चलेगा। यहां टीटीएस के वालंटियर्स रात दिन जायरीन की खिदमत में लगे है। दरगाह की तरफ से जायरीन के लिए चाय,पानी,लंगर व अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा मोबाइल शौचालय,पानी के टैंक और डॉक्टर दवाई की भी व्यवस्था है।

कैम्प में शाहिद नूरी, तनवीर रजा, मंजूर रजा, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, औरंगजेब नूरी, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, नासिर कुरैशी, मुजाहिद बेग, इशरत नूरी, सय्यद एजाज, साजिद नूरी, सबलू अल्वी, अब्दुल माजिद, आरिफ नूरी, अजमल रजा, समी रजा, हाजी अजहर बेग, जोहेब रजा, सुहैल रजा, इरशाद रजा, शाद रजा, नईम नूरी, काशिफ सुब्हानी, सय्यद माजिद आदि अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# थाना मीरगंज में एएसपी दक्षिणी का सघन निरीक्षण

**■ महिला-बाल सुरक्षा, साइबर अपराध और यातायात व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, बरेली अंशिका वर्मा ने सोमवार को थाना मीरगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर थाना स्तर की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, विवेचना गुणवत्ता, पुलिसिंग व्यवस्था और जनसुनवाई से जुड़े विभिन्न अभिलेखों व कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। साथ ही थाना परिसर स्थित परिवार परामर्श केंद्र/वात्सल्य केंद्र का विधिवत उद्घाटन भी किया।



निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, महिला एवं बाल अपराध से संबंधित अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कार्य, बीट पुलिसिंग व्यवस्था, चौकी प्रबंधन, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, थाना परिसर की स्वच्छता, बैरक, मैस एवं कार्यालय व्यवस्था का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। लंबित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने सीसी (क्रिटिकल कॉरिडोर) टीम के साथ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, संवेदनशील स्थलों की पहचान तथा प्रभावी यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता से जुड़े कार्यों को और अधिक सक्रिय व प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

साइबर अपराधों पर नियंत्रण को लेकर साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए साइबर अपराधों में त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को शीघ्र सहायता, वित्तीय रिकवरी में वृद्धि तथा साइबर जागरूकता अभियानों को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा ग्राम प्रहरीयों को शीत ऋतु से बचाव हेतु कंबलों का वितरण किया गया तथा उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। थाना परिसर एवं आसपास प्रकाश व्यवस्था में सुधार के निर्देश भी दिए गए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

उन्होंने थाना स्तर पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस का आचरण जनता के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष एवं कानूनसम्मत होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान बीट पुलिसिंग, रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई तथा जनसुनवाई को प्राथमिकता देने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही शासन द्वारा संचालित अभियानों के पूर्ण, प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा गया।

इस अवसर पर संबंधित क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर अफवाहों पर सख्ती त्वरित सूचना प्रसारण के निर्देश

**■ एडीजी जोन ने मीडिया सेल की समीक्षा बैठक में दिए अहम दिशा-निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, रमित शर्मा ने सोमवार को जोनल मीडिया सेल में कार्यरत कर्मियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर सोशल मीडिया सेल की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन किया। बैठक के दौरान उन्होंने आगामी कार्यक्रमों, त्योहारों एवं संवेदनशील अवसरों को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया के प्रभावी और जिम्मेदार उपयोग को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए।



एडीजी जोन ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंचार का सशक्त माध्यम बन चुका है, ऐसे में पुलिस विभाग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की सूचना को प्रसारित करने से पूर्व उसका पूर्ण सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भ्रामक या अफवाहजनित सूचनाओं पर तत्काल रोक लगाई जा सके।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत करने, जनहितकारी सूचनाओं का त्वरित प्रसारण करने तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में जनता को समयबद्ध जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर सतर्क निगरानी रखने, भड़काऊ एवं आपत्तिजनक सामग्री पर त्वरित कार्रवाई तथा आमजन से संवाद बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सोशल मीडिया सेल की कार्यकुशलता बढ़ाने, तकनीकी दक्षता में सुधार तथा समन्वय के साथ कार्य करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। एडीजी जोन ने मीडिया सेल के कर्मियों से अपेक्षा जताई कि वे पूरी निष्ठा, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनविश्वास को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# तीन थानों के प्रभारी इधर से उधर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एसएसपी अनुराग आर्य ने एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस दौड़ा दी। रविवार की रात जिले के तीन थाना प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया।

प्रेमनगर थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह को फतेहगंज पश्चिमी, क्योलड़िया थाना प्रभारी राजबली सिंह को थाना प्रेम नगर का प्रभारी बनाया है।

नवाबगंज थाने के क्राइम इंस्पेक्टर वेद सिंह को थाना क्योलड़िया भेजा है। इसके अलावा फतेहगंज पश्चिमी थाने के प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार को एक माह के उपार्जित अवकाश के चलते रिजर्व पुलिस लाइन भेजा है।

# महिला ने फांसी लगाकर कर लिया सुसाइड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शिवानी शर्मा (27) की शादी चार साल पहले दोहरा गौटिया थाना बारादरी क्षेत्र के रहने वाले सोनू उर्फ बृज किशोर के साथ हुई थी। मायके वालों ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद से ही शिवानी और सोनू का झगड़ा होता था।

दोनों के बीच अनबन के कारण वह लोग भी परेशान रहते थे। सोमवार को अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर शिवानी ने सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो ससुराल वाले घर पर मौजूद नहीं थे। सुभाषनगर में शिवानी का मायका है, सूचना पर पिता मनीष शर्मा और परिवार के दूसरे लोग भी मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एक नजर

## एकल काव्य प्रतियोगिता



**चांदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आज गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एकल काव्य प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका निर्देशन उदिता राजपूत और मौहम्मद आरिफ ने किया। राष्ट्र निर्माण में अटल बिहारी वाजपेई का योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें सफिया फात्मा, फैजान, अर्शी परवीन, शुमायला मलिक, अरीबा आफताब तथा अल्फिया आदि ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अर्शी परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल काव्य प्रतियोगिता में मौहम्मद शादाब, मयंक भारद्वाज तथा मुनीबा आदि ने काव्य पाठ किया, जिसमें मौहम्मद शादाब प्रथम रहे। शासन के आदेशानुसार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 24 दिसंबर को बिजनौर में प्रतिभाग करेंगे। प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व और उनके योगदान के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रतियोगिता के निर्णय से अवगत कराया।

## दो दुकानों में चोरी से दहशत



**नहटौर।** हल्दौर चौराहे पर स्थित पुलिस चेकपोस्ट से मात्र 100 मीटर दूर दो भाईयों की दुकान में अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते से घुसकर चोरी कर ली। अज्ञात जैड्.एस. ट्रेडर्स नाम की सरिया सीमेंट की दुकान में पीछे छत के रास्ते सरिया काटकर घुस गए। दुकान में घुसने के बाद चोर बराबर की किताबों दुकान में भी पहुंच गए। चोरों ने दोनों दुकानों के गल्ले में रखी 4 हजार रुपये की नकदी व चांदी के चार सिक्के चोरी कर लिए। चोरी का पता उस समय चला जब दुकान स्वामी दुकान खोलने पहुंचे। चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। करीब दो वर्ष पूर्व भी इसी तरह से इन दुकानों में चोरी हुई थी। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। सीसीटीवी में चोर दिखाई दे रहे है। बता दें कि करीब एक सप्ताह पूर्व गांव लठमार मिलक निवासी नरेंद्र उर्फ काले के यहां लाखों रुपए के जेवरात व नकदी, बसावनपुर निवासी गुड्डू की डेरी से 7 हजार की नकदी तथा गांव के ही राजकिशोर को चोर घायल कर फरार हो गए थे। नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

## 28 जनवरी तक चलेगा बाल पोषण माह



**स्योहारा।** बाल स्वास्थ्य एवं पोषण माह (बीएसपीएम) अभियान के तहत 27 दिसंबर 2025 से 28 जनवरी 2026 तक 9 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। यह खुराक प्रत्येक बुधवार व शनिवार को आयोजित छाया वीएचएनडी सत्रों के माध्यम से दी जाएगी। इस संबंध में सीएचसी में आयोजित बैठक में अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने एएनएम एलएचवी सुपरवाइजर व स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा अभियान से जुड़ी सामग्री उपलब्ध कराई। ड. स्नेही ने बताया कि विटामिन-ए कार्यक्रम बच्चों को अंधेपन कुपोषण व बीमारियों से बचाने के लिए संचालित किया जाता है। अभियान के दौरान लक्षित बच्चों को विटामिन-ए की खुराक के साथ-साथ छूटे हुए टीके भी लगाए जाएंगे तथा जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में डा. राकेश कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, सीडीपीओ हेमलता सैनी, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर राजेश कुमार सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## बस में सवार बुजुर्ग महिला की मौत

**स्योहारा।** 67 वर्षीय भगवती पत्नी चंद्रपाल निवासी ग्राम जगन्नाथपुर नगीना अपनी बेटी पुष्पा के साथ ऋषिकेश से स्योहारा क्षेत्र के ग्राम सुरा नंगला स्थित रिश्तेदारी में जा रही थी। जब बस सहसपुर चौकी के पास पहुंची तभी उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका की बेटी पुष्पा ने बताया कि उनके पिता का करीब आठ माह पूर्व देहांत हो चुका है, उनके माता-पिता ऋषिकेश में उन्हीं के साथ रहते थे। उन्होंने बताया कि उनकी मां उम्र के कारण अक्सर बीमार रहती थीं।

## पूर्व विधायक की बहन का इंतकाल

**स्योहारा।** नगर के समाजवादी पार्टी से नूरपुर विधानसभा के पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन की बहन इस्मत जहां (58 वर्ष) का बीती देर शाम अचानक ब्रेन हेमरेज होने से इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, नगर और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार रविवार की देर शाम परिवार में एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी चल रही थी। परिवार के कुछ सदस्य पहले ही शादी समारोह के लिए रवाना हो चुके थे, जबकि इस्मत जहां सहित कुछ लोग दूसरी गाड़ी से जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे, लेकिन अचानक स्थिति बिगड़ने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हाजी नईमुल हसन के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ जुटने लगी। सपा के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग शोक व्यक्त करने पहुंचे। शेरकोट से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कमरुल इस्लाम, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव तथा अफजलगढ़ से शेख सुलेमान सहित अनेक राजनीतिक व सामाजिक लोग मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। नेताओं एवं सामाजिक लोगों ने इस्मत जहां के निधन को परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पूरे नगर व आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। सोमवार के दिन बाद नमाजे असर उनको सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके जनाजे में वरिष्ठ समा. जसेवी महफूज एडवोकेट शमशाद एडवोकेट, डा.मनोज वर्मा, डा. एनडी हाशमी, डा.जानिब हाशमी, चौधरी फहीमुर्रहमान, मौ. शरीफ, पूर्व डीएसपी इकबालुजम्मा, बसपा नेता, कांग्रेस नेता, आदिल चौधरी, हाजी इलियास चौधरी, असजद चौधरी, पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील, भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी, शैकी रस्तौगी, मंसूर हाफिज, शमीम अंसारी, विधायक प्रति. निधि सुरेंद्र अरोड़ा, प्रधान कासिम अंसारी, इफ्तेखार चौधरी, जाकिर उर रहमान, नासिर चौधरी, पूर्व सभासद मुस्तकीम अहमद, डा. कफील चौधरी, लदान लारा, डा. हसन सिद्दीकी, अकरम अंसारी, अदनान अंसारी, जिया चौधरी अफजल चौधरी, रिफाकत चौधरी, डा. खुर्शीद कुरैशी, नय्यर चाहते, चौधरी वलीउर रहमान व नगर के वरिष्ठ पत्रकार इकबाल अंसारी एवं सभी पत्रकारों और सैकड़ों नगर वासी एवं नेताओं ने शोक प्रकट किया है।

# ऑन साइट इमरजेंसी प्लान का सफल रिहर्सल

## आग लगने की स्थिति दर्शाकर अग्निशमन व चिकित्सा व्यवस्था की परखी तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल्स की केमिकल यूनिट में औद्योगिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर ऑन साइट इमरजेंसी प्लान का द्वितीय वार्षिक रिहर्सल (मॉक ड्रिल) सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। केमिकल यूनिट को खतरनाक प्रकृति की श्रेणी में रखे जाने के कारण नियमानुसार दिसंबर माह में यह रिहर्सल प्रत्येक वर्ष अनिवार्य रूप से कराया जाता है। यह मॉक ड्रिल सहायक निदेशक कारखाना (उत्तर प्रदेश) सुरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा प्रेषित निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गई।



रिहर्सल के दौरान सहायक निदेशक कारखाना सुरेंद्र बहादुर सिंह स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और उनके नेतृत्व में तथा धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के दिशा-निर्देशन में समूची प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मॉक ड्रिल के अंतर्गत केमिकल यूनिट के टैंक एरिया में टैंक संख्या-4 पर वेल्डिंग कार्य के दौरान संभावित आग लगने की काल्पनिक घटना को दर्शाया गया। अग्निशमन विभाग के प्रमुख सत्यवीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर से पहुंचे डा. सुशील कुमार, डा. अर्चना पवार एवं डा. निधि रानी ने घायलों की प्राथमिक जांच कर उपचार प्रदान किया।

धामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने कहा कि मिल प्रबंधन के लिए श्रमिकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने और कर्मचारियों को प्रशिक्षित रखने के लिए इस प्रकार के रिहर्सल नियमित रूप से किए जाते रहेंगे। डिस्टलरी हेड सुनील राणा ने प्रोसेस, इंजीनियरिंग एवं फायर टीम के आपसी समन्वय से मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया।

मिल अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों में सुनील राणा, विवेक सिंह यादव, शरद गहलोत, दुर्गेश राठौर, विनोद सिंह राणा, विनोद कुमार, प्रवीण भारतीया, स्मृति यादव, अजय पांडेय, उज्जवल सिंह, मोहम्मद आबिद, धीरज सक्सेना, विनोद बिष्ट सहित अग्निशमन दल से सत्यपाल सिंह, कमल सिंह पंवार, रमेश पंडित, ओंकार सिंह, जयराम यादव, सौरभ प्रताप एवं रतेंद्र सिंह मौजूद रहे। संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। यह दिवस महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर विद्यालय में मैथमेटिक्स ओलंपियाड 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के लगभग 3500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि और तार्किक सोच को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने गणित विषय के मानव जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रीनिवास रामानुजन के योगदान पर आधारित विभिन्न गति. विधियों में भाग लिया तथा गणित की रोचक और रहस्यमयी अवधारणाओं से परिचित हुए।



विद्यालय के डायरेक्टर राणा प्रियंकर सिंह एवं विद्यालय प्रशासन प्रमुख अदिति सिंह ने विद्यार्थियों की गणित विषय में विशेष रुचि की सराहना करते हुए राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डी. एस. नेगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित विषय छात्रों में तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता और समस्या समाधान कौशल को विकसित करता है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सहायक सिद्ध होता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित विभागाध्यक्ष एस.के. देवरा, डी.पी. सिंह, दिव्येश कुमार, राहुल यादव, ओमकार सिंह, अनुज कुमार, अरुण कुमार, दुष्यंत सिंह, अजयवीर सिंह, सीमा अरोड़ा, भावना अग्रवाल, पूजा गुलाटी, शोभित, हितरा, प्राणी, विद्यालय कोऑर्डिनेटर राजीव चौहान, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर मयंक कौशिक, परीक्षा प्रभारी तबरेज खान एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## बॉयलर की ट्यूब लीक होने से छह घंटे बंद रही मिल

**नजीबाबाद।** किसान सहकारी चीनी मिल स्नेह रोड नजीबाबाद को बॉयलर की ट्यूब लीकेज होने के कारण जहां मिल में कार्य करीब छह घंटे के लिए प्रभावित रहा। वहीं मिल को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

बताया जाता है कि मिल अधिकारियों द्वारा बॉयलर में करोड़ों रुपए लगाने के बावजूद बॉयलर ट्यूब लीकेज हो रही हैं। जिससे गन्ने लीज की केशिग प्रभावित हो रही है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि एजीएम मीटिंग में मिल के अधिकारियों द्वारा बताया गया था कि बॉयलर पर 85 लाख रुपये का अतिरिक्त कार्य कराया गया है। जिससे बॉयलर पूरी क्षमता से चलेगा।

विगत वर्षों में भी बॉयलर की ट्यूब लीकेज होती रही है। जिस कारण मिल को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## भटियाना खुशहालपुर में बंदरों का आतंक, ग्रामीण दहशत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भटियाना खुशहालपुर में बीते काफी समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। गांव में मौजूदा समय में करीब 400 से 500 बंदर बताए जा रहे हैं, जिनसे ग्रामीणों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो गई है।

ग्रामीणों के अनुसार आए दिन बंदर लोगों पर हमला कर उन्हें काटकर घायल कर रहे हैं। बंदरों के हमलों से कई लोग चोटिल हो चुके हैं, वहीं घरों की छतों पर रखा सामान, फसलें और घरेलू वस्तुएं भी बंदरों द्वारा नुकसान की जा रही हैं। हालात यह हैं कि लोग अपनी ही छत पर जाने से डरने लगे हैं।

बंदरों के बढ़ते आतंक के कारण स्कूली बच्चों में भी भय का माहौल है। कई बच्चे स्कूल जाने से घबराते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। महिलाओं और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में घूम रहे बंदरों को पकड़कर अन्यत्र स्थानांतरित कराने की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से निजात मिल सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान ज्योति, मोहित चौहान, महेंद्र प्रताप सिंह, सुभाष सिंह, अरविंद,अर्जुन, प्रमोद, अंकित, विकास, गंभीर, गुलशन, संजय, ओमप्रकाश, सुनील आदि के हस्ताक्षर है।

## विद्या मंदिर में छात्रवृत्ति एवं शीतकालीन वेश का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ओम कृष्णा फाउंडेशन के माध्यम से मेधावी व निर्धन छात्रों को शीतकाल. ीन वेश में विलेजर एवं छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विद्यालय में संपन्न हुई संघ ज्ञान प्रतियोगिता में अपने-अपने कक्षाओं से शत-परिषद छात्रों को प्रतियोगिता में शामिल करने वाले आचार्य ओमेंद्र शर्मा, कार्मेंद्र सिंह, सुनील कुमार, विनय कुमार शर्मा, दुर्गेश कुमार, हरि नारायण शर्मा आदि को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य हेमेंद्र ने अशोक कुमार गुप्ता का आभार प्रकट करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## नरेंद्र अग्रवाल का शिखर प्रबंध समिति से इस्तीफा

### अंदरूनी राजनीति की चर्चाएं तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रबंध समिति में उस समय हलचल मच गई, जब समिति के एक वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए प्रबंध समिति/कार्यकारिणी से त्याग पत्र सौंपा है।

इस संबंध में नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने जिलाधिकारी बिजनौर एवं शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष को पत्र भेजकर अवगत कराया है। पत्र में उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य हैं, लेकिन स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण वे अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने पत्र के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया है कि वह विद्यालय की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सहित अन्य सभी पदों से स्वेच्छा से इस्तीफा दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनकी जानकारी में समिति के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने पदों से इस्तीफा दिया है। इस्तीफे की प्रतिलिपि विद्यालय के प्रबंधक को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई है। इस घटनाक्रम के बाद विद्यालय की प्रबंध समिति में आगे की प्रक्रिया को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

हालांकि, सूत्रों का दावा है कि इस्तीफे के पीछे केवल स्वास्थ्य कारण ही नहीं, बल्कि विद्यालय प्रबंधन से जुड़ी अंदरूनी राजनीति, आपसी मनमुटाव और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भी एक बड़ा कारण हो सकती है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ समय से प्रबंध समिति के भीतर मतभेद चल रहे थे, जो अब सतह पर आते दिखाई दे रहे हैं।

फिलहाल प्रबंध समिति की ओर से इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन इस्तीफे के बाद विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा जगत में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## विशाल अहमद व्यापार संगठन के शाखा मंत्री नियुक्त

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला शाखा की एक बैठक स्टेशन रोड पर आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने विशाल अहमद को शाखा मंत्री नियुक्त किया। साथ ही शाखा उपाध्यक्ष शिताब खान, फरहत खान, महफूज खान, गुड्डू, अय्यूब, डीके, शेर खान, बाबर खान, नफीस अहमद, इकबाल, शानू, रफी, विक्की, मुदस्सिर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# कैंसर का इलाज आम आदमी की पहुंच से बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर वे क्षेत्र में लगातार बढ़ते कैंसर के मामलों को लेकर समाजसेवी एवं राजनीतिक लोगों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। वक्ताओं का कहना है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन उससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति उसके इलाज को लेकर है। इलाज इस कदर महंगा हो गया है कि आम आदमी की आर्थिक स्थिति उसे वहन करने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रही है।



## सरकार सस्ती दवाइयों व केंद्रों की व्यवस्था करें

नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि आज कैंसर केवल बीमारी नहीं बल्कि गरीब और मध्यम वर्ग के लिए एक आर्थिक त्रासदी बन चुका है। इलाज के नाम पर लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, जिससे परिवार पूरी तरह टूट जाता है। सरकार को चाहिए कि कैंसर के सरकारी केंद्रों की संख्या बढ़ाए और दवाइयों की कीमतों पर सख्त नियंत्रण लगाए।

युवा एकता समिति के अध्यक्ष अकरम अंसारी ने कहा कि कैंसर मरीजों के परिजन इलाज के लिए अपने घर के जेवर, जमा पूंजी और यहां तक कि खेती की जमीन तक बेचने को मजबूर हैं। फिर भी कई बार मरीज को बचा पाना संभव नहीं हो पाता। यह स्थिति बेहद पीड़ादायक और सामाजिक रूप से चिंताजनक है।

युवा समाजसेवी डा. दानिश कमल ने कहा कि समय पर जांच और सस्ता इलाज उपलब्ध हो तो कई मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक कैंसर उपचार केंद्र स्थापित किए जाएं तथा गरीब मरीजों को नि:शुल्क या अत्यंत सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं।

बहुजन समाज पार्टी के नेता युवा समाजसेवी इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि आज कैंसर का इलाज केवल अमीरों तक सीमित होता जा रहा है। आम आदमी की मजबूरी का कोई समाधान नहीं दिख रहा। सरकार को चाहिए कि कैंसर से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करे, ताकि जरूरतमंदों को वास्तविक लाभ मिल सके।

समाजसेवियों ने एक स्वर में मांग की कि सरकार कैंसर के इलाज को सुलभ, सस्ता और आम जनता की पहुंच में लाए, जिससे कोई भी परिवार केवल बीमारी के कारण आर्थिक रूप से बर्बाद न हो और मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके।

एक नजर

## गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता



**नूरपूर।** आरआर पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। स्कूल में गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में मनाया जाता है। रामानुजन का बचपन निर्धनता और कठिनाइयों में बीता। श्रीनिवासन रामानुजन के गणित पर लिखा आर्टिकल तत्कालीन समय की सर्वोत्तम विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित होते थे। संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए उन्हें संख्याओं का जादूगर माना जाता है। उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह के अनुसार महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर स्कूल में प्रत्येक वर्ष रामरक्षपाल मेमोरियल मैथमेटिक्स ओलंपियाड का आयोजन होता है। इस अवसर पर सुशांत मेहरा, मुकुल शर्मा, गौरव चौहान, अनुराग शर्मा, कपिल कुमार, पूनम चौहान, कपिल बब्बर, शगुन चौहान, शाहीन परवीन, वासु चौधरी, पूजा चौहान आदि उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित



**नहटौर।** मौहल्ला मीरा की सराय में स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम में लिफाफ वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सभासद खुर्शीद आलम अंसारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 22वां लिफाफ वितरण समारोह में 510 जरूरतमंद लोगों को लिफाफ वितरित किए गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम को देखते हुए प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके। उन्होंने कहा कि समाज सेवा करना एक फर्ज है। जरूरतमंद लोगों की मदद करने से सुकून मिलता है। हमें अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए समाजसेवा में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने अन्य लोगों से भी जरूरतमंद लोगों की मदद करने का आह्वान किया। इस मौके पर हाजी असलम सैफी, सलीम डालर, राजू चौधरी, युसूफ खान, रिजवान अहमद, शकील अहमद, मौलाना नफीस अहमद कासमी, कारी अकील अहमद, मौलाना तफजील अहमद, जैद अंसारी, सोनू अंसारी खालिद अंसारी, सागीर जैद,पम्मी जमशेद, वसीम एडवोकेट, सभासद रियासत उर्फ बॉन्टिस, काका इसरार अहमद आदि मौजूद रहे।

## शिविर में पचास मरीजों की जांच

**नजीबाबाद।** गहलौत दंत क्लीनिक मंडावली पर रविवार को एक दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें आए मरीजों की दांतों की नि:शुल्क जांच की गई। डॉ. वंदना गहलौत ने शिविर में लगभग 50 मरीजों के दांतों की जांच कर उन्हें दवाई दी तथा दांतों की सही देखभाल के लिए कुछ जरूरी सुझाव भी दिए। शिविर में गौरव गहलौत, अंकित गहलौत, दीपक कुमार, विशाल कुमार आदि का सहयोग रहा।

## मोटर एजेंसी का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** मंडावली रोड पर मलिक मोटर एजेंसी का शुभारंभ मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष मंडावली पुष्पेंद्र कुमार, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेता अनुज चौधरी, वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर मोटर एजेंसी के स्वामी शरीफ अहमद, सचिन देशवाल, अनुज काकरान, मौहम्मद यूनुस, शहाबुद्दीन मकरानी, सुनील त्यागी, मास्टर नीरज कुमार, वीर सिंह, अब्दुल रहमान अल्वी, मुजाहिद मंस. ूरी, इकबाल अहमद, हफीज अहमद आदि मौजूद रहे।

## महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि दी




**बिजनौर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने खेलों के क्षेत्र में उत्कर्ष दिखा रही 0 प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि वितरित कर महिला सशक्तिकरण व खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कुल रुपए 25,000/- की धनराशि खिलाड़ियों को प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से हमारी बेटियां खेलों में नए आयाम स्थापित कर रही हैं। खेलों के प्रति उनका समर्पण व जोश काबिले तारीफ है। जिला प्रशासन द्वारा जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहेगा ताकि वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिजनौर का नाम रोशन कर सकें। प्रोत्साहित खिलाड़ियों में कु. साक्षी, कु. तनीशा, कु. तनु, कु. तानिया, कु. सोनी, कु. शालिनी रावत, कु. सारिका रावत, कु. विधि चौहान, कु. भूमि चन्द्रा तथा कु. परी चन्द्रा शामिल हैं। कार्यक्रम में राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर, हिमांशु, सहायक जिला खेल कार्यालय, चित्रा चौहान (हॉकी प्रशिक्षिका) एवं फिरोज खान (कायकिंग/कैनोइंग प्रशिक्षक) उपस्थित रहे।

## वर्मा बंधुओं ने गरीब परिवारों को बांटे कम्बल



**चांदपुर।** वर्मा ज्वैलर्स ने इस बार फिर कड़ाके की सर्दी में गरीब परिवारों को बचाने के उद्द्श्य से अपने ग्राम खासपुरा में कम्बल बांटे। आज चांदपुर स्थित अपनी शॉप पर कुछ राहगीरों को कम्बल बांटने के बाद अपने घर ग्राम खासपुरा पहुंचकर वहां सैकड़ों परिवारों को कम्बल बांटे। प्रदीप कुमार उर्फ सोनू ने बताया कि वह अपने पिता स्व. राजकुतार वर्मा की स्मृति मे प्रत्येक वर्ष गरीब परिवारों को सर्दी से बचाने के लिये कम्बल बांटते चले आ रहे है। गौरतलब है कि राजकुमार वर्मा समाजवादी पार्टी के सीनियर कार्यकर्ताओं मे गिने जाते थे तथा उनका पार्टी मे बहुत सम्मान होता था।

## दिगम्बर जैन मंदिर में णमोकार महामंत्र का पाठ

**नजीबाबाद।** श्री दिगम्भर जैन पंचायती मंदिर में विश्व णमोकार मंत्र दिवस पर जैन महिला मिलन शाखा के तत्वावधान में णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। 21 दिसंबर को णमोकार मंत्र दिवस को रूप में विश्व पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद दिया। वरिष्ठ श्राविका रश्मि जैन के सानिध्य में एक घंटे का पाठ किया गया। जिसमें निधि जैन, कुमकुम जैन, संगीता जैन, कुशमंदानी जैन, संध्या जैन, स्वाति जैन, सुनीता जैन, पूनम जैन, श्री जैन, संयम जैन, आदिश जैन, राजीव जैन, भाविक जैन आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना निरस्त करने के विरोध में गरजे कांग्रेसी


## गांधी मूर्ति पर धरना देकर जताया विरोध, योजना की मूल भावना को कमजोर करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह 125 दिन की रोजगार गारंटी वाले विक सित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) कानून लागू किए जाने के खिलाफ क ांग्रेसियों ने सोमवार को गांधी प्रतिमा के सामने धरना देकर विरोध जताया। जिला कांग्रेस कमेटी के संयोजन में आयोजित इस धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार से मनरेगा को निरस्त करने के आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह ने कहा कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलना केवल औपचारिक फैसला नहीं है, बल्कि इसके जरिए योजना की मूल भावना को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा सरकार योजनाओं के नाम बदलकर जनता का ध्यान भटकाने और अपनी असफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है. जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गांधीजी के विचारों से जुड़ा सामा. जिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है। कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने देगी। इस अवसर पर सचिन चौहान, फैज आलम राईनी, हाजी खुर्शीद अनवर, राज. कुमार अरुण, हरिओम पुष्कर, शाहबुद्दीन, अली हसन, मोहसिन अली, मेराजुल जफर, रवींद्र, मंगल गुर्जर, जिशान अली तुर्क, डॉ मुशर्रफ खान, इकबाल अंसारी, शमीम अब्बासी, इशरत अली आदि मौजूद रहे।



# स्कूल बस में ट्रक ने मारी साइड, मची चीख पुकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर में सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रहरा अड्डे के समीप लिटिल एंगिल्स अकैडमी ग्रीन सिटी की बच्चों से भरी एक स्कूली बस को तेज रफ्तार ट्रक ने साइड मार दी। साइड लगने से बस का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद बस में चीख पुकार मच गई। भीतर बैठे स्कूली बच्चे बुरी तरह सहम गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकैडमी की बस बच्चों को लेकर घर छोड़ने जा रही थी। तभी रहरा की दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में सभी बच्चों को सुरक्षित बस से नीचे उतारा गया। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई है। स्कूल प्रशासन द्वारा सभी बच्चों को सकुशल उनके घर पहुँचा दिया गया है। इस मामले में विद्यालय की प्रधानाचार्य कंचन सैनी ने पुष्टि की है कि ट्रक की टक्कर से बस को नुकसान पहुँचा है। लेकिन सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं। कोतवाली प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है, अभी तक विद्यालय प्रबंधन या किसी अभिभावक की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर पुलिस द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# ई-रिक्शा चालक को बैल्टों से पीटा

## घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोमवार को मोहल्ला इमली वाले इलाके में मामूली कहासुनी के बाद स्कूटी सवार दबंगों ने एक ई-रिक्शा चालक पर बेल्टों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सोमवार को मोहल्ला होली चौक शिवाला निवासी भूपराम अपना ई-रिक्शा लेकर इमली वाले मोहल्ले में सवारियाँ बैठा रहा था। इसी दौरान पीछे से आये दो स्कूटी सवार युवकों से उसकी किसी बात को लेकर बहस हो गई। विवाद बढ़ता देख दबंगों ने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। मौके पर पहुँचे दबंगों ने रिक्शा चालक को घेर लिया और सरेराह बेल्टों व डंडों से पीटना शुरू कर दिया। पिटाई से घायल चालक को परिजनों ने आनन-फानन में कोतवाली पहुँचाया। जहाँ से पुलिस ने उसे डॉक्टरी परीक्षण (मेडिकल) के लिए भेज दिया है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

## अदालत ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने के मामले में न्यायालय ने दोषी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि दस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

हत्याकांड आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर की मढैयां से जुड़ा था। दरअसल, रहरा थाना क्षेत्र के गांव जामनो वाली निवासी किसान इमरत सिंह ने साल 2004 में अपनी बेटी उषा की शादी इसी गांव के रहने वाले बुद्धसेन के साथ की थी। उषा पर दो बेटे सत्येंद्र और सचिन हैं। हत्या से दो महीने पहले बुद्धसेन ने उषा की बेरहमी से पिटाई की थी, उसकी पैर की हड्डी टूट गई थी। मायके के लोगों ने उषा का इलाज कराया था। इसके बाद ही उषा चलने के काबिल हो सकी थी। इसी बीच 4 जुलाई 2022 की रात बुद्धसेन ने उषा की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी थी। मामले में मृतका के भाई प्रमोद की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी बुद्धसेन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने हत्यारोपी बुद्धसेन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तभी से वह जेल में है। तमाम कोशिश के बाद भी उसकी जमानत याचिका मंजूर नहीं हो सकी थी। मुकदमे की सुनवाई जिला जज की अदालत में चल रही थी। अभियोजन की ओर से पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता महावीर सिंह कर रहे थे। बीते शनिवार को अदालत ने मुकदमे में अंतिम सुनवाई करते हुए पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर बुद्धसेन को दोषी करार दिया था। सोमवार को अदालत ने सजा के प्रश्न पर सुनवाई की। पत्नी उषा की हत्या के दोषी बुद्धसेन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** घटना कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव हरियाना के एक कोल्ड स्टोर के सामने की है। डिडौली की तरफ से विपरीत दिशा जा रहे। ट्रैक्टर ने जोया की दिशा से आ रहे बाइक सवार हसनपुर थाना क्षेत्र के मटानी की मढैया निवासी कुंवर पाल तथा बुलन्दशहर जिले के थाना खानपुर क्षेत्र के गांव जडाना निवासी सौरभ बाइक पर सवार होकर जैसे ही डिडौली क्षेत्र के गांव हरियाना पहुंचे तो ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे दो गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जोया सी एच सी में भर्ती कराया गया। जहां पर डाक्टरों ने दोनों की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कादराबाद में तालाब खुदाई शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण और परंपरागत जलस्रोतों के पुनर्जीवन को लेकर प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में सोमवार को खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने ग्राम पंचायत कद्राबाद में मिशन 500 के अंतर्गत तालाब खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। बीडीओ द्वारा स्वयं फावड़ा चलाकर कार्य की शुरुआत करने से ग्रामीणों में उत्साह और सहभागिता देखने को मिली। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत कद्राबाद में कुल 22 तालाब चिन्हित किए गए हैं। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह, ग्राम सचिव संदीप सिंह, तकनीकी सहायक राकेश सैनी, ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सैदनगली में बंदरों व पशुओं का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** बंदरों का आतंक और आवारा पशुओं की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। परेशान निवासियों ने अधिशासी अधिकारी और अध्यक्षा के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें तत्काल इन समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की गई है। निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि रोजाना कोई न कोई बच्चा या व्यक्ति उनके हमले का शिकार हो रहा है। बंदरों के काटने की घटनाओं से बच्चों का स्कूल जाना तक जोखिम भरा हो गया है। कई परिवारों में दहशत का माहौल है, क्योंकि बंदर घरों में घुसकर सामान बिखेर देते हैं और लोगों पर अचानक हमला कर देते हैं।

### छात्र-छात्राओं को स्वेटरों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ द्वारा विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से स्वेटरों का निः शुल्क वितरण किया गया। 50 छात्र छात्राओं को स्वेटर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि छात्र छात्राएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं। उनकी देखभाल करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर करणवीर सिंह, संजय सिंह, इंद्र सिंह, ग्राम प्रधान राजकुमार, अमित कुमार, जयवीर सिंह, राशिद अली, संतराम सिंह अजय सागर, दीपचंद, प्रथी सिंह आदि मौजूद रहे।

# आठ सौ मीटर दौड़ में समद व अंशू रहे प्रथम

## जेएस कॉलेज में अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अन्तरमहाविद्यालय एथलीट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आठ सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में मुरादाबाद का समद पहले जबकि महिला वर्ग में बिजनौर की अंशू ने पहला स्थान हासिल किया। विजेता एथलीटों को प्राचार्य वीर विरेन्द्र सिंह ने सम्मानित किया।



जेएस डिग्री कालेज में अन्तरमहाविद्यालय प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक पुरूष भाला फेंक में आरएसएम कालेज नबीबाबाद का कुलदीप सिंह प्रथम, जेएस का मनदीप दूसरे, रमाबाई गजरौला का गुरवेन्द्र सिंह तीसरे, शार्टपुट पुरूष में जेएस कालेज का प्रियांश प्रथम, केएसएम का प्रीत कुमार दूसरे, केएसएम का सुज्जल कुमार तीसरे, लम्बी कूद में जेएस कालेज का अर्पित चौधरी प्रथम व यहीं का तनिष्क पंवार दूसरे, केजीके मुरादाबाद का मयंक तीसरे, डिस्कस थ्रो में बीएचएम जोया का पुलकित पहले, रज्जाज डिग्री कालेज का हार्दिक दूसरे, जेएस का प्रियांश तीसरे, दस हजार मीटर दौड़ में एमपीईसी चंदौसी का कपिल पहले, अब्दुल रज्जाक का आकाश दूसरे, वीरा डिग्री कालेज का अर्पित धामा तीसरे, 150 मीटर दौड़ में रमाबाई का लवकुश पहले, एनपीईसी चंदौसी का ब्रजेश दूसरे, केजीके मुरादाबाद का सत्यम तीसरे, 800 मीटर दौड़ में केजीके कालेज का समद पहले, एमपीईसी चंदौसी का वंश रमन दूसरे व आरएसएम नजीबाबाद का तरूण राज तीसरे, पांच हजार मीटर दौड़ में जेएस का गौरव चौधरी पहले, रमाबाई अम्बेडकर का लवकुश दूसरे, एमपीईसी चंदौसी का ब्रजेश तीसरे, 200 मीटर में बीएचडीसी जोया का कौशल कुमार पहले, हिन्दू कालेज का गुरदीप दूसरे आनन्द कुमार तीसरे, ऊंची कूद में जेएस कालेज का परवेज पहले, एएसएम चंदौसी का प्रशांत कुमार दूसरे, रमाबाई अम्बेडकर का नवनीत तीसरे, त्रिकूद में अब्दुल रज्जाक का आदित्य पहले व यहीं का हर्ष दूसरे, जेएस का तनिष्क तीसरे, हैमर थ्रो में बीएचएम जोया का विशाल चौधरी पहले, जेएस कालेज का हरेन्द्र दूसरे, अब्दुल रज्जाक का महताब तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग के भाला फेंक एसआरएस लादनपुर की जूही प्रथम, जेएस की तनिशा दूसरे, झम्मनलाल की रिसालत तीसरे, शार्टपुट में जेएस कालेज की खुशी पहले व यहीं की खुशी दूसरे व झम्मनलाल की चंचल तीसरे, लम्बी कूद में जेएस कालेज की हिमांशी पहले, वर्धमान कालेज बिजनौर की भूमि दूसरे व गोकुलदास की प्रियांशी तीसरे, त्रिपल कूद में जेएस कालेज की हिमांशी पहले, एनकेबीएम चंदौसी की आरती दूसरे, डिस्कस थ्रो में अब्दुल रज्जाक की नैनसी पहले व यहीं की शगुन बग्गा दूसरे व जेएस की शिवी चोधरी तीसरे, 10 हजार मीटर दौड़ में एनपीईसी चंदौसी की मधु पहले व यहीं की पूजा दूसरे, वर्धमान बिजनौर की सना तीसरे, 1500 मीटर दौड़ में खजानो डिग्री कालेज की अंशू पहले, जेएस की रिया दूसरे, माडल एजुकेशन चंदौसी की पूजा तीसरे, 800 मीटर दौड़ में एकेडीएम बिजनौर की अंशू पहले, एमपीईसी चंदौसी की अदिति दूसरे, भागीरथी देवी की नीतू तीसरे, पांच हजार मीटर दौड़ में एमपीईसी चंदौसी की मधु पहले, वर्धमान बिजनौर की सजा दूसरे, जेएस कालेज की रिया तीसरे, 200 मीटर में वाईएमएस धनौरा की अनुष्का पहले, एलआरएस नगीना की ईशू दूसरे, जेएस के नेहा तीसरे, ऊंची कूद में जेएस की काजल पहले, एसएमसी चंदौसी की संतोष दूसरे व यहीं की प्रिया तीसरे, हैमर थ्रो केजीके मुरादाबाद की अनुष्का पहले, जेएसएच की दीपांशी दूसरे, बीएचएम की खुशबू तीसरे स्थान पर रहीं।

# पालिका ठेकेदार के खाते से 90 हजार उड़ाए

## मोबाइल हैक कर दिया वारदात को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर अपराधियों ने नगर पालिका अमरोहा के ठेकेदार का मोबाइल हैक कर खाते से 90 हजार रुपये उड़ा लिए। योनो एसबीआई का ऐप व्हाट्सऐप पर भेज अपने जाल में फंसा लिया। पुलिस ने मामले में मोबा. इल नंबरों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला कटकुई निवासी फैसल जफर नगर पालिका अमरोहा में ठेकदारी करते हैं। वह उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संगठन में जिला उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने अपना एक बचत खाता मोहल्ला जट बाजार स्थित एसबीआई की शाखा में खोल रखा है। ऑनलाइन लेन-देन के लिए फैसल जफर योनो एसबीआई ऐप का इस्तेमाल करते हैं। कुछ दिन से उनके मोबाइल में योनो ऐप चल नहीं रहा था। उसी दौरान 9 दिसंबर को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आई, कॉल करने वाले ने खुद को योनो एसबीआई का अधिकारी बताया, उसने पूछा कि आपका योनो ऐप नहीं चल रहा है। ये बात सुन फैसल जफर ने ऐप नहीं चलने की अपनी शिकायत दर्ज करा दी। इसके थोड़ी देर बाद ही फैसल जफर के पास एक नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई, कॉलर ने उनसे कहा कि मैं आपको व्हाट्सऐप पर एक ऐप भेज रहा हूं, जिसके इंस्टॉल करते ही आपका योनो एसबीआई चल जाएगा। फैसल जफर ने जैसे ही ऐप इंस्टॉल किया वैसे ही उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से 90 हजार रुपये उड़ गए। बैंक द्वारा खाते से पैसे निकलने का मैसेज मिलते ही उनके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने तुरंत ही एसबीआई के हेल्प लाइन नंबर पर कॉल कर खाते से लेनदेन पर रोक लगवाई। साइबर धोखाधड़ी का शिकार फैसल जफर ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में मोबाइल नंबरों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साइबर अपराधियों को जल्दी ट्रेस करते हुए पैसा वापस कराया जाएगा।

### दबंग पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** दबंग ने युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पुलिस को दे दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी निवासी शेर अली पुत्र मोहम्मद खान का कहना है कि वह सोमवार को लकड़ी की टाल पर थे। उनका कहना है कि किसी बात को लेकर साजिद से कहा सुनी हो गई।आरोप है कि गांव के साजिद पुत्र इमामी ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। लकड़ी उठाकर उनकी टांग में मार दी। जिससे वह चोटिल हो गई। पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नाम बदलने से हालात नहीं बदलते: चन्द्रशेखर

## मनरेगा योजना का नाम बदलने पर सांसद चन्द्रशेख ने केन्द्र सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नामकरण बदलने पर कहा कि, नाम बदलने से हालात नहीं बदलते हैं। इसलिए केवल नाम बदलने से किसान, मजदूर, गरीब की समस्या का समाधान नहीं होने वाला।

**■ बिहार के मुख्यमंत्री मांगे बेटियों से माफी**

अमरोहा के गांव जलालपुर घना में पार्टी पदाधिकारी पुष्पेन्द्र राणा के दिवंगत पिता चंद्रपाल सिंह की श्रद्धांजलि सभा में आए सांसद चन्द्रशेखर ने कहा कि पहले मनरेगा में 90 प्रतिशत पैसा केन्द्र सरकार भेजती थी, जबकि अब 60 प्रतिशत पैसा भेजने की बात सामने आ रही है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो प्रदेश सरकार पर पहले ही आठ लाख करोड़ का कर्ज है, ऐसे में क्या उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना के लिए धनराशि दे पाएगी।



कहा कि केन्द्र सरकार ने इस योजना का प्रारूप बदलकर गरीब का रोजगार छीनने का काम किया है। कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा एक बेटी के चेहरे से नकाब हटाना गलत है। मुख्यमंत्री को स्वयं इस पर खेद व्यक्त करते हुए अब तक बेटियों से माफी मांग लेनी चाहिए थी। कहा कि कोडीन सिरप के मामले में जो भी दोषी हों उनके विरूद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

# युवक के शव की शिनाख्त दूसरे दिन भी नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गंग नहर किनारे पर पेड़ पर लटके मिले युवक के शव की शिनाख्त सोमवार को दूसरे दिन भी नहीं हो सकी। छानबीन में सिर्फ इतना सामने आया है कि युवक बस्ती में घूमता-फिरता रहता था। घरों और दुकानों से मांगकर अपना पेट भर लेता था। उसने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या हुई है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही हो पाएगा। गौरतलब है कि नौगावां सदात थाना क्षेत्र में कस्बा से सटी गंग नहर के पास गांव सिकरिया को जाने वाले रास्ते के किनारे स्थित पेड़ पर रविवार दोपहर लगभग तीन बजे एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला था। दरअसल एक कार चालक लघुशंका के लिए वहां रुका था। जैसे ही वह सड़क किनारे पेड़ की तरफ गया तो उसकी नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा था। मृतक काले रंग की पैंट व जैकेट पहने हुए था। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सिर्फ इतना पता चला है कि मृतक बस्ती में ही लावारिसों की तरह घूमता-फिरता रहता था। स्थानीय लोगों ने बताया है कि उसकी भाषा भी थोड़ी अलग थी। मृतक की पहचान को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। हत्या या आत्महत्या की स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो पाएगी।

# दिनदहाड़े दुकानदार का आईफोन चोरी

## ऑटो रिक्शा से बैटरी भी चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दिनदहाड़े अंजाम दी गई दो घटनाओं ने शहर कोतवाली पुलिस की सक्रियता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। जहां चोरों ने एक दुकान के काउंटर पर रखा आईफोन चोरी कर लिया तो वहीं दूसरी घटना चोर सड़क किनारे खड़े ऑटो रिक्शा का बैटरा चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कैलसा बाईपास निवासी शमी कैलसा रोड स्थित मोहम्मद आलम की गारमेंट्स की दुकान पर नौकरी करता है। घटना रविवार शाम 6 बजे की है। शमी ने अपना आईफोन चार्जिंग पर लगाया था जो काउंटर पर रखा था। मोबाइल चार्जिंग पर लगाने के बाद शमी थोड़ी देर के लिए किसी काम से दुकान के बाहर गया था। उसी दौरान दुकान में घुसा चोर काउंटर पर रखा आईफोन चोरी कर ले गया। दुकान पर लौटे शमी ने काफी तलाश किया लेकिन मोबाइल का कुछ पता नहीं चला। पीड़ित शमी ने अब घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। दूसरी घटना भी शहर कोतवाली की सीमा में कैलसा रोड की है। मोहल्ले में रहने वाला दिलशाद यहां चौराहे पर सब्जी का ठेला लगाता है। शुक्रवार को दिलशाद के बेटे ने अपना ऑटो रिक्शा ठेले के पास सड़क किनारे खड़ा किया था। चोरों ने दी में ही ऑटो रिक्शा का बैटरा चोरी कर लिया। पीड़ितों ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है हालांकि पुलिस ने मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

# डीएम ने किया अजीतपुर चेक पोस्ट पर देर रात औचक निरीक्षण

**उप-खनिज परिवहन पूरी तरह वैध पाया गया**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को देर रात जिला. धिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अवैध खनन एवं उप-खनिज के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रात्रि लगभग 1:00 बजे अजीतपुर स्थित चेक पोस्ट एवं जीरो पॉइंट पर उप-खनिज का
परिवहन करने वाले वाहनों की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान उपलब्ध वैध प्रपत्रों के आधार पर सभी वाहनों का निरीक्षण किया गया, जिसमें उप-खनिज का परिवहन पूर्णत: विधिसम्मत पाया गया।
निरीक्षण के दौरान एक खाली वाहन पाया गया, जिसकी नंबर प्लेट आंशिक रूप से क्षतिग्रस्तध्हल्की मुड़ी हुई अवस्था में थी। यातायात नियमों के उल्लंघन को .ष्टिगत रखते हुए उक्त वाहन को नियमानुसार पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया।
इसके अतिरिक्त चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा कर्तव्य निर्वहन की भी गहन समीक्षा की गई। जांच में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए डडूटी पर उपस्थित पाए गए।
निरीक्षण के उपरांत रात्रिकालीन डडूटी पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए कि भविष्य में यदि कोई भी वाहन बिना वैध प्रपत्रों के अथवा अवैध रूप से उप-खनिज का परिवहन करता हुआ पाया जाए, तो उसके विरुद्ध शासनादेशों के अनुरूप तत्काल कठोर दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनपद में अवैध खनन एवं उप-खनिज के अवैध परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा।

# अवैध मिट्टी खनन पर जिला प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप जिलाधिकारी शाहबाद द्वारा प्रस्तुत आख्या संख्या-845/एस. टी.दिनांक 21/12/2025 के क्रम में तहसील शाहबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिचपुरी में मिट्टी के अवैध खनन के प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही की गई है।
जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि गाटा संख्या 621 रकबा 0।0730 हे. में ब्रजलाल पुत्र बुद्धी तथा गाटा संख्या 623 रकबा 0।0720 हे. में नत्थू पुत्र बुद्धी, निवासीगण ग्राम मथुरापुर, श्रेणी-1 के संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज हैं। उक्त दोनों गाटा संख्याएं आपस में सटी हुई पाई गईं, जिनमें कुल 3675 घन मीटर मिट्टी का अवैध खनन किया जाना



पाया गया।
प्रकरण में संलिप्त संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध रूपये 15 लाख रूपये पन्द्रह लाख मात्र का अर्थदण्ड आरो. पित किए जाने की कार्यवाही की गई है।
जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिन गाटा संख्याओं के लिए मिट्टी निकासी हेतु विधिवत अनुज्ञा पत्र निर्गत किए जाते हैं, केवल उन्हीं गाटों से मिट्टी की निकासी अनुमन्य होगी। इसके विपरीत किसी भी प्रकार का अवैध खनन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## अपनी मर्जी से निरस्त करा दिए नंबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बिलासपुर पब्लिक कैरियर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि भट्टी टोला निवासी राशिद खां और जावेद खां ने अपनी मर्जी से गाड़ी के नंबर यूनियन से निरस्त करा दिए हैं। अध्यक्ष के अनुसार उनके पास यूपी 54 टी 0636, एचआरएल 3409 और यूपी 21एएन 8233 व यूपीएटी 5502 हैं। यह गाड़ियां अभी तक यूनियन से संबंद्ध थी। लेकिन अब इनके नंबर यूनियन की लिस्ट से निरस्त करा दिए गए हैं। लिहाजा ऐसी स्थिति में अगर इन वाहनों से कोई हादसा होता है तो वाहन स्वामी खुद जिम्मेदार होगा।

बिलासपुर ट्रक यूनियन या फिर किसी अन्य यूनियन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वहीं इन वाहनों से अगर किसी भी व्यापारी का कोई भी सामान खुर्द-बुर्द होता है तो ऐसी स्थिति में भी यूनियन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सतीश चंद्र गंगवार ने अध्यक्ष और बसंत कुमार ने महासचिव पद के लिए नामांकन भरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** सोमवार को चुनाव अधिक. ारी एडवोकेट बाबूराम गंगवार ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि बार एसोसिएशन के परिसर में हर्षवर्धन ने संयुक्त सचिव के लिए प्रशासन तथा बसंत कुमार ने महासचिव पद के लिए व वीरेश कुमार ने उपाध्यक्ष 10 वर्ष से अधिक पद के लिए तथा सोमपाल भारतीय ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र खरीदे। हर्षवर्धन ने संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए एडवोकेट सतीश चंद्र गंग. वार ने अध्यक्ष पद के लिए बसंत कुमार ने महासचिव पद के लिए रमेश चंद्र ने महासचिव पद के लिए व सोमपाल भारतीय ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र जमा कराए। वीरेश कुमार ने उपाध्यक्ष पद के लिए 10 वर्ष से अधिक के लिए नामांकन पत्र जमा किया 23 दिसंबर 2025 को नामांकन पत्रों की जांच तथा आपत्ति होगी।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ.प्र। का द्विवार्षिक अधिवेशन कृषि भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र उपस्थित रहे।
अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों की सेवा-सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फोरम द्वारा उठाई जाने वाली समस्याओं को जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी रूप से शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि उनका शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित हो सके।



उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े जो भी विषय अथवा मांगें होती हैं, वे सीधे तौर पर संबंधित अधिकारियों से भी जुड़ी होती हैं।
जिला प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव सहयोग हेतु तत्पर है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों की जो भी समस्याएं हैं, वे सीधे कार्यालय में आकर अवगत करा सकते हैं।
पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के लिए प्रत्येक स्तर पर समितियां गठित होती हैं। उन्होंने कहा कि सेवाकाल के दौरान अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिनका समाधान कई बार स्थानीय स्तर पर अधिकारी कर देते हैं। कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं, जिन्हें फोरम के माध्यम से सही ढंग से प्रस्तुत किए जाने पर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाता है।
उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन राज्यहित में समर्पित भाव से करते हैं तथा संगठन उनकी बातों को सरकार तक पहुंचाने का कार्य करता है।
इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरिकिशोर त्रिपाठी, मण्डलीय अधिकारी, चुनाव अधिकारी नरेन्द्र पाल, मण्डलीय अध्यक्ष आसिफ हसन, जिला अध्यक्ष पंडित राम बाबू शर्मा सहित परिषद के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करीमपुर के जंगल मे दिखे तीन तेंदुए की वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के गांव करीमपुर मे तेंदुए देखे जाने से ग्रामीणों मे दहशत का माहौल पेदा हो गया है।



लोग जंगल जाने से कतरा रहे है सोमवार को क्षेत्र के गांव करीमपुर एक साथ तीन तेंदुए देखे जाने से ग्रामीणो मे दहशत फैल गई ही लोगो ने खेतो पर जाना बन्द कर दिया है काफी समय से करीमपुर कुन्दनपुर धर्मपुर चौहद्दा मे तेंदुए देखे जा रहे है दो दिन पूर्व बन विभाग ने भी तेंदुआ पकड़ने के लिए कुन्दनपुर के जंगल मे पिंजरा लगा रखा लेकिन तेंदुआ वहा न पहुंचकर करीमपुर के जंगल मे दिखाई दिए है एक नही दो नही तीन तेंदुए एक साथ किशन लाल मौर्य के लहसुन मे के खेत एक साथ दिखाई दिए एक साथ तीन तेंदुए देखे जाने ग्रामीण क्षेत्र मे दहशत मच गई लोगो ने अपने खेतो पर जाना बन्द कर,दिया है एक साथ तीन तेंदुए देखे जाने की सूचना बन विभाग को देदी गई है।

# रास डंडियाश को ब्लॉक बनाने की मांग हुई तेज, सीएम को भेजे गए 200 पोस्टकार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नवीन बिकास खंड की आबाज तेजजनपद रामपूर के रास डंडिया को नया ब्लॉक द्धविकास खंडऋ घोषित कराने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीणों का संघर्ष अब और भी प्रखर हो गया है। इसी क्रम में आज ग्राम गदईया द्धनिकट हरसूनगलाऋ में दर्जनों ग्रामीणों ने एकत्रित होकर अपनी मांग के समर्थन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगभग 200 पोस्टकार्ड भेजकर अपनी आवाज बुलंद की। हर न्याय पंचायत में चल रहा अभियान क्षेत्रीय विकास की इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ पर ले जाने के लिए अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार, यह



कार्य केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी न्याय पंचायतों में सक्रिय रूप से चल रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि रास डंडिया को ब्लॉक का दर्जा मिलने से क्षेत्र में विकास कार्यों की गति बढ़ेगी और आम जनता को सरकारी सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। संघर्ष में जुड़ने की अपील आंदोलनकारियों ने अपील की है कि अधिक से अधिक ग्रामीण इस मुहिम का हिस्सा बनें। जो भी ग्रामीण इस संघर्ष में अपना सहयोग देना चाहते हैं या पोस्टकार्ड के माध्यम से अपनी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाना चाहते हैं, वे संगठन के अध्यक्ष से उनके मोबाइल नंबर 8475975233 पर संपर्क कर पोस्टकार्ड प्राप्त कर सकते हैं। लगातार चल रहे इस संघर्ष का परिणाम अवश्य निकलेगा। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती, यह लो. कतांत्रिक आंदोलन जारी रहेगा।
क्षेत्रीय ग्रामीण
क्षेत्र के लोगों में इस अभियान को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है और आने वाले दिनों मेंन पोस्टकार्ड भेजने की इस मुहिम में और तेजी आने की संभावना है।

# हेपेटाइटिस की जांच के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं उपचार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महानिदेशालय, उ.प्र. लखनऊ एवं परियोजना निदेशक, उ. प्र. राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी, लखनऊ के निर्देशानुसार बस डिपो रामपुर में कार्यरत चालक, परिचालक एवं सहयोगी स्टाफों का HIV,TB, STI, Syphilis, हेपेटाइटिस की जांच के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में नेत्र जांच व सामान्य रक्त परीक्षण, HIV परामर्श व जांच, TB की स्क्रीनिंग व जांच,STI की परामर्श व जांच, हेपेटाइटिस की जांच व परामर्श एवं Syphilis की जांच व परामर्श दिया गया, जिसमें कुल 54 चालक




परिचालक एवं सहयोगी स्टाफ का परीक्षण एवं जांचे की गई।
32 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई एवं 44 व्यक्तियों की टी.बी. की जांच एवं एक्स-रे किए गए। 54 व्यक्तियों की HIV, STI, Syphilis, हेपेटाइटिस की जांच की गई। एक व्यक्ति भ्प्ट एवं एक व्यक्ति हेपेटाइटिस-सी पॉजिटिव पाए गए। पॉजिटिव पाए गए व्यक्तियों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय, रामपुर रेफर किया गया।
शिविर में उपस्थित काउंसलर द्वारा HIV, TB, STI, Syphilis, हेपेटाइटिस बीमारी के बारे में जागरूक किया गया एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।
शिविर में डॉ. शम्मी कपूर, नेत्र सर्जन, डॉ. हैदर अली, चिकित्साधिकारी, प्रदीप कुमार व शकील अहमद, काउन्सलर, कहकशा तौफीक व मो. हसिन, लैब टैक्नीशियन, धरमवीर व सरोज कुमारी, स्टाफ नर्स आदि उपस्थित रहे।

## नगर के नर्सिंग होम पर बच्चे की मौत, जच्चा की 2 दिन बाद उपचार के दौरान मौत, परिवार मे मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के एक नर्सिंग होम पर सही इलाज न मिलने के कारण बच्चे की मौत हो गई जबकि गंभीर हालत में जच्चा को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने नर्सिंग होम पर छापेमार करवाई कर ओटी को सील कर दिया और कारण बताओं नोटिस अस्पताल पर चश्पा किया है। नगर के मोहल्ला वार्ड नंबर 13 तेलीपुरा निवासी एक ग्रामीण की पत्नी को नगर के खुशहालपुर मार्ग स्थित एक नर्सिंग होम पर 4 दिन पूर्व प्रसव कराया गया था । बच्चे की हालात पैदा होते ही खराब हो गई थी और उसकी अस्पताल में ही मौत हो गई थी जबकि जच्चा की हालत दो दिन तक अस्पताल में मरणासन्न रही । जच्चा को परिवार के साथ



अस्पताल संचालक काशीपुर ने एक निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराकर आया था । रविवार की देर शाम जच्चा ने भी हालत गंभीर होने पर इलाज के दौरान जच्चा ने भी दम तोड़ दिया जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। उधर नोडल अधिकारी डॉ. देवेश कुमार चौधरी ने सूचना पर अस्पताल पर छापेमार कार्रवाई की । और ओटी को सील कर अस्पताल पर नोटिस चश्मा किया है। सूचना पाकर अस्पताल संचालक छापेमार कार्रवाई से पूर्व भी फरार हो गया। नोडल अधिकारी देवेश कुमार चौधरी ने बताया की मेडिकल दस्तावेज तलब किए गए हैं न मिलने पर अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सैफनी नगर में मार्गो को खोदकर डाले जा रहे जल पाइप, घर से निकलना हुआ लोगों का दूभर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** सोमवार नगर में कई दिनों से नगर पंचायत द्वारा संपूर्ण नगर में मार्गो में पड़े आर सी सी रोड़ों का ध्वस्तीकरण कर जल निगम के द्वारा लगाए जा रहे जल पाईप यह ध्वस्तीकरण सरकार को लगा रही है। लाखों का चूना अगर यही जल पाईप आर सी सी रोड पड़ने से पहले लगाए जाते तो आर सी सी रोड़ों का ध्वस्तीकरण नहीं करना पड़ता। बुल्डोजर द्वारा मार्गो की खुदाई होने से लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। आए दिन मार्गो की खुदाई होने से दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं हो सकती है देर शाम को घने कोहरे होने से कुछ दिखाई न देने के कारण लोग खोदे गए गहरे गड्डों में गिर सकते है। इसी कार्य को आर सी सी रोड पड़ने से पहले करना चाहिए था इससे तो सरकार का बहुत भारी नुकसान हो रहा है लेकिन नगर पंचायत के इन कार्यों पर किसी भी आला अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है।

# मिलावटखोरी के खिलाफ चला अभियान, भरे गए नमूने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार आम जनमानस को सुरक्षित खाद्यध्पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त खाद्य अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।
विशेष छापामार अभियान में टाण्डा स्थित जयपाल पुत्र रामपाल की बेकरी केक निर्माण इकाई से केक का 01 नमूना लिया गया और लगभग 02 कि.ग्रा. दूषित केक और अन्य पदार्थो को नष्ट कराया गया। स्वार स्थित एच.टी. केक बेकर्स के मोहम्मद हुसैन पुत्र अतीक से केक का 01 नमूना लिया गया। दोनों केक निर्माण



इकाईयों में अस्वच्छकर स्थिति में सुधार हेतु कार्यवाही की गई।
इस प्रकार खाद्य पदार्थ केक के कुल 02 विधिक नमूना संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किया जाएगा। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिक. ारीगण मनोज कुमार, धर्मपाल सिंह, राहुल शुक्ला, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# रामपुर बस अड्डे पर भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सड़क परिवहन कर्मियों एवं यात्रियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए आज दिनांक 22 दिसंबर 2025 को सड़क परिवहन विभाग में कार्यरत चालक, परिचालक, अन्य कर्मचारियों तथा यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रामपुर बस अड्डे पर किया गया।
इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य सड़क परिवहन से जुड़े कर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें गंभीर व संक्रामक बीमारियों से समय रहते सुरक्षित रखना तथा आम यात्रियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में चालकों, परिचालकों एवं यात्रियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।
शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी एवं सी, नेत्र परीक्षण, एक्स-रे तथा टीबी द्धक्षयरोगऋ जांच की गई। जांच के दौरान एक व्यक्ति में एचआईवी संक्रमण एवं तीन व्यक्तियों में



हेपेटाइटिस-सी संक्रमण की पुष्टि हुई। सभी संक्रमित पाए गए व्यक्तियों को गोपनीयता बनाए रखते हुए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा आगे के उपचार एवं जांच हेतु संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में संदर्भित किया गया।
इस अवसर पर डिप्टी मुख्य चिकित्साधिकारी द्धसीएमओऋ जिला चिकित्सालय रामपुर के निर्देशन में चिकित्सकीय दल, पैरामेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं चेतना सेवा संस्थान, रामपुर की ओर से परियोजना प्रबंधक अंकित गुलाटी सहित समस्त स्टाफ ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।
स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से परिवहन कर्मियों एवं यात्रियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और इस पहल की सराहना की गई। अधिक. ारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर जनस्वास्थ्य को और अधिक सु.ढ़ किया जाएगा।

## सैफनी-शाहबाद बिलारी मार्ग पर अवैध रूप से चल रहे टेंपू, आए दिन हादसों होने का दे रहे संकेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** शाहाबाद बिलारी मार्ग सहित छितौनी मार्ग पर आए दिन लगा रहता है चक्का जाम आने जाने वाले यात्रियों का निकलना हो रहा है दूभर बताते चले कि नगर के बस स्टैंड पर अवैध रूप से चल रहे टेंपू जिनके पास दस्तावेजों के नाम पर कुछ नहीं है ऐसे टेम्पो भूस की तरह भरकर सवारियों को सैफनी से शाहाबाद व बिलारी ले जा रहे। जबकि ऐसी स्थिति में कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है आए दिन बड़े बड़े सड़क हादसों में बीते दिनों कई लोगों की जाने जा चुकी है जबकि ऐसे टेम्पो चालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन परिवहन विभाग सहित प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है सभी आलाधिकारी देख कर भी अनदेखा कर रहे है।

इनकी चुप्पी साफ जबाव दे रही है कि कोई न कोई मिली भगत से ऐसे अवैध रूप से चल रहे है।

टेम्पो वही ई रिक्शा चालक भी नगर में बस स्टैंड से छितौनी मार्ग पर मचा रहे है तूफान आए दिन हो रहे है सड़क हादसे ई रिक्शा चालक सड़कों पर बेखौफ खड़े होकर सवारियों का करते है इंतजार बाईक और अन्य बड़े वाहनों का निकलना दूभर हो गया है और तो ओर पैदल जा रहे यात्रियों का तो बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है लेकिन आलाधिकारी अपनी आंखों को बंद व कानों में तेल डाले हुए है।



मालूम होता है कि नगर पंचायत व प्रशासन की देख रेख में चल रहे है।

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसों का कहर

## चार की मौत, दो गंभीर घायल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के विभिन्न जगहों पर हुए सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान नहीं हो पाई है। अन्य हादसों में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हादसों के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा जोन में अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में दो की मौत हो गई। पहली घटना जारचा कोतवाली क्षेत्र के बिसहाड़ा रेलवे फाटक के पास स्थित रजवाहे के पास हुई। जहां एक ट्रक पलट गया। घटना में परिचालक छोटू मौत हो गई। दूसरी घटना सेक्टर-147 मेट्रो स्टेशन के पास हुई। चीती गांव निवासी दिपांशु पुत्र स्वर्गीय राज सिंह और उसका दोस्त कपिल पुत्र स्वर्गीय रविंद्र सेक्टर-147 स्थित दफ्तर से घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान मेट्रो स्टेशन के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दिपांशु को मृत घोषित कर दिया, जबकि कपिल का इलाज जारी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए अज्ञात ट्रक की तलाश कर रही है।

थाना रबूपुरा के प्रभारी ने बताया कि देव प्रकाश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका पोता विशाल पुत्र सुखपाल सिंह अपनी स्विफ्ट कार में सवार होकर जा रहा था, तभी एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लाप.रवाही से वाहन चलाते हुए उसकी कार में टक्कर मार दिया। पीड़ित के अनुसार इस घटना में उनके पोते को गंभीर चोट आई है। उसके दोनों पैरों की हड्डियां, नाक और हाथ की हड्डियां टूट गई है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए एक सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मेरठ दिल्ली हाइवे पर एक अज्ञात व्यक्ति (उम्र करीब 40 वर्ष) लहूलुहान अवस्था में पड़ा है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। यह व्यक्ति पैदल सड़क पार कर रहा था, तभी यह घटना हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सोशल मीडिया और आसपास के लोगों की सहायता से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अखिलेश यादव पुत्र वीरेंद्र यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देर रात को उसके पिता हल्दीराम की फैक्ट्री से काम करके ई-रिक्शा से खोड़ा कॉलोनी स्थित अपने घर वापस आ रहे थे।

पीड़ित के अनुसार एनआइबी पुलिस चौकी के कट के पास वह ई-रिक्शा से उतरे। इसी बीच एक अज्ञात कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। पीड़ित के अनुसार उसके पिता इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

# शख्स ने अपनी पत्नी व ससुरालीजनों के खिलाफ प्रताड़ित का लगाया आरोप

## पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** कोर्ट के आद.ेश पर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने पत्नी और सास-ससुर समेत 11 ससुरालीजनों के खिलाफ युवक को प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया है। पीड़ित युवक ने पत्नी व अन्य ससुरालीजनों से जान माल को खतरे की आशंका जताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

बिसरख कोतवाली क्षेत्र के आस्था ग्रींस निवासी अविनाश तोमर ने चार नवंबर 2022 को गाजियाबाद के नेहरूनगर में रहने वाले सतपाल की बेटी कंचन के साथ दहेज रहित शादी की थी। अविनाश का आरोप है कि शादी की रश्मों के समय उसे पता चला कि सतपाल व पत्नी समेत अन्य ससुरालवालों ने उससे आर्थिक लाभ लेने की मंशा से तमाम जानकारियां छिपाकर शादी की है।

विवाह के दौरान कंचन की मां, चाचा व रिश्तेदारों ने उसके साथ गाली गलौज कर अपमान.जनक व्यवहार किया। ससुराल आने के बाद कंचन बिना वजह उसके साथ विवाद करने लगी। नवंबर 2023 में कंचन ने एक ज्योतिषी के साथ बातचीत के दौरान कहा कि उसके साथ सिर्फ आर्थिक लाभ के लिए शादी रचाई है।

विवाद बढ़ने पर मामला कोतवाली तक पहुंच गया। 19 अप्रैल 2025 को आरोपितों ने उस पर जानलेवा हमला किया। पत्नी कंचन ने आत्महत्या कर उसे फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। साजिश में उसके स्वजन भी शामिल हैं।

31 अक्टूबर को आरोपितों ने सिटी पार्क में कुछ अज्ञात के साथ मिलकर रोककर पीटा और जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई। पीड़ित बाल बाल बचा। आसपास के लोगों के आने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने आरोपितों से जानमाल को खतरे की आशंका जताते हुए कोर्ट में गुहार लगाई थी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया आरोपित ससुर सतपाल, सास संगीता, पत्नी कंचन, देवर रोबिन, ननद ऋचा, ऊर्वशी, नरेश, धर्मेंद्र, शारदा, सुनीता और ऋषु समेत 11 आरो.पितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के आरोपी को जमानत नहीं मिली

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने दनकौर थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में आरोपी सन्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने उनके बेटे विशाल की 12 मई 2025 को गोली मारकर हत्या की थी। विशाल मंडी श्याम नगर से फल लेकर लौट रहा था। मधुवन एन्क्लेव गेट के अंदर पहुंचते ही बाइक सवार सन्नी और अन्य ने उस पर गोली चलाई। विशाल को गंभीर हालत में यथार्थ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बचाव पक्ष ने कहा कि सह-आरोपी विपिन और राहुल को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है, इसलिए सन्नी भी जमानत का हकदार है। अदालत ने माना कि आरोप की गंभीरता, घटनास्थल का पूरा ब्योरा और एफआईआर में अंकित विवरण आरोपी की प्रथम दृष्टया संलिप्तता दर्शाते हैं।

# छठे दिन श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत विकास परिषद नोएडा के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस हुआ महारास एवं बहुत धूम धाम से मनाया गया रुकमणि विवाह।



भारत विकास परिषद नोएडा के तत्वावधान में सेक्टर 19, शनि मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस की कथा में विश्व विख्यात कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा में नंद बाबा को वरुण देवता द्वारा अपने लोक में ले जाने और भगवान के द्वारा उनको वापस लाकर वरुण देवता पर कृपा करने की कथा और भगवान की रास लीला का वर्णन किया। उन्होंने रासलीला का अद्भुत रहस्य बताते हुए कहा कि रासलीला काम-लीला नहीं, बल्कि ये कामदेव पर विजय की लीला है। गोपी या सखी के स्वरूप पर विस्तार से चर्चा करते हुए महाराज श्री ने कहा कि गोपी या सखी एक भाव होता है। जब तक जीव भक्ति के तट पर नहीं जाता है उसे भगवत् की प्राप्ति नहीं होती है। गोपी गीत के महत्व को बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि गोपी गीत का पाठ करने वाले को भगवान कृपा और दर्शन अवश्य मिलते हैं। भगवान का एहसास ही रास है।

भगवान शंकर भी पवित्र महारास लीला का दर्शन करने के लिए गोपी वेष में कैलाश से आये थे। महारास प्रेम का अद्वैत स्वरूप है, जिसमें भगवत् स्वरूप हो जाने के बाद जीव का अस्तित्व नहीं रहता है।

मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया।

महाराज श्री ने बताया कि ब्रह्मा.जी जी को भी भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात ब्रह्म होने की शंका हो गई थी। परंतु जब भगवान ने लीला द्वारा उनका भ्रम दूर कर दिया तो उन्होंने अपनी गलती के लिए क्षमा मांगते हुए भगवान की स्तुति की।

भगवान श्रीकृष्ण ने सभी सोलह हजार गोपियों को अपना स्वरूप दे दिया और सर्वत्र कृष्ण ही कृष्ण ही दिखाई देने लगे। कंस उद्धार, उद्धव गोपी संवाद, द्वारिका गमन व भगवान के विवाहों की और श्री रुक्मिणी मंगल की भाव विभोर करने वाली कथा में महाराज श्री ने कहा कि रुकिमणी जी साक्षात् लक्ष्मी स्वरूपा हैं। वे भगवान को छोड़कर भला शिशुपाल का वरण कैसे कर सकतीं हैं।

नख पै गिरवर लीन्हों धार कन्हैया मेरो बारो, गोविंद मेरो है गोपाल मेरो, दूर नगरी बड़ी दूर नगरी कैसे मैं आऊं मैं कन्हाई तोरी गोकुल नगरी, ये तो प्रेम की बात है ऊधौ बंदगी तेरे बस की नहीं, वंशी बजाय गयो श्याम मोसे नैना मिलाया के, तेरी वंशी पे जाऊं बलिहार रसिया, आदि सुंदर भजनों पर श्रोतागण भाव विभोर होकर नृत्य कर रहे थे।

## एक नजर

### अखलाक मॉब लिचिंग मामले में आज होगी सुनवाई

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में आज सुनवाई होगी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी लगाई गई है। गौतमबुद्धनगर की एक फास्ट-ट्रैक अदालत (एफटीसी) ने अखलाक के मॉब लिंचिंग से जुड़े मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई थी। अखलाक के परिजन की ओर से कहा गया था यह केवल एक आपराधिक मामला नहीं, बल्कि भीड़तंत्र द्वारा हत्या का ऐसा उदाहरण है। जिसे वापस लेना समाज, न्याय और कानून तीनों के लिए संकट पैदा करेगा। फॉरेंसिक विवाद चाहे जैसा हो इससे हत्या का अपराध खत्म नहीं होता है। वहीं अदालत ने माना कि राज्य सरकार और परिवार दोनों पक्षों को सुना जाना आवश्यक है। अदालत ने पीड़ित परिवार की आपत्ति स्वीकार की थी।

अदालत ने कहा कि समाज और कानून के हित में हत्या, भीड़, अफवाह और सांप्रदायिक हिंसा चारों पहलुओं की अलग-अलग जांच होगी। साथ ही सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तारीख तय की थी। इस कारण आज मामले में सुनवाई होगी। इस साल अक्तूबर में राज्य सरकार के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी कि मुकदमा वापसी से सामाजिक सौहार्द बहाल होगा।

### नोएडा योजना में एक्सचेंज पर भूमि पाने वालों का भी पास होगा नक्शा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राज्य सरकार ने नोएडा योजना में एक्सचेंज यानी बदले के आधार पर भूमि पाने वालों को राहत देते हुए नक्शा पास कराने की सुविधा दे दी है। अभी तक ऐसे भूखंड स्वामियों को नक्शा पास कराने के लिए कोर्ट का सहारा लेना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने इसके लिए नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (विनियम के माध्यम से हस्तांतरित भूमि पर भवन निर्माण) नियमावली 2025 को मंजूरी दी। इस नई निमयावली के लागू होने के बाद न्यायालय के माध्यम से नहीं बल्कि नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृति किया जाएगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण भवन विनियमावली-2010 के अनुसार लीड डीड (पट्टा प्रलेख) के माध्यम से आवंटित भूमि के अतिरिक्त अधिनियम व नियमावली में विनिमय से प्रदत्त निजी स्वामित्व की भूमि पर मानचित्र स्वीकृत के लिए प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में कठिनाई आ रही थी। इससे नोएडा क्षेत्र के भूस्वामियों को न्यायालय का सहारा लेना पड़ रहा था। नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (विनिमय के माध्यम से हस्तांतरित भूमि पर भवन निर्माण) नियमावली 2025 के तहत नीति निर्धारित किए जाने से स्वामित्व की भूमि पर मानचित्र स्वीकृति के लिए प्राप्त आवेदनों का निस्तारण हो जाएगा। जिसका लाभ लोगों को मिलेगा।

### नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा बेहद खराब श्रेणी में रही

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा सोमवार को बेहद खराब श्रेणी में रही। नोएडा देश में दूसरा सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई 366 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 332 रहा। नोएडा का एक्यूआई एक दिन पहले के मुकाबले 29 अंक अधिक दर्ज किया गया। वहीं, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई तीन अंक बढ़ा। सुबह घना कोहरा रहा। दोपहर में कुछ समय के लिए धूप निकली। बावजूद ठंड का असर कम नहीं हुआ। दोपहर में कोहरा थोड़ा कम हुआ। आने वाले दिनों में कोहरा कम होने के साथ ही ठंड बढ़ेगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी कम होगा।

दोनों शहरों में प्रदूषण भी 400 के आसपास बना रहेगा। लिहाजा कई दिनों तक प्रदूषण से भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पांच नवंबर के बाद से नोएडा का एक्यूआई 250 से कम नहीं हुआ है। डेढ़ महीने में दस दिसंबर को शहर का सबसे कम एक्यूआई 256 दर्ज किया गया था। वहीं, इन दिनों में ग्रेटर नोएडा का सबसे कम एक्यूआई 227 रहा। अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़ा : नोएडा का अधिकतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ा। एक दिन पहले शहर का अधिकतम तापमान 14.7 था, जो सोमवार को बढ़कर 18 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। शहर का न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री रहा। लगातार छह दिनों तक सुबह के समय कोहरा रहने का पूर्वानुमान है। अधिकतम तापमान 16-20 डिग्री के बीच दर्ज किया जा सकता है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का पांच दिनों का एक्यूआई दिसंबर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, 22, 366, 332, 21, 327, 329, 20, 404, 344, 19, 410, 376, 18, 397, 344, सेक्टर-1 : 399, सेक्टर - 62 : 351 सेक्टर-116 : 360 नॉलेज पार्क फाइव : 351, नॉलेज पार्क थ्री : 315।

# साप्ताहिक बाजारों से मोबाइल चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साप्ताहिक बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोबाइल चुराने वाले दो बदमाशों को कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हमीरपुर निवासी राजा और निठारी निवासी सुजीत के रूप में हुई है। आरोपियों को सोमवार को सेक्टर-31 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क से पकड़ा गया है। इनके पास से चोरी के पांच मोबाइल, तमंचा, चाकू और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह भीड़भाड़ वाले स्थानों से लोगों का मोबाइल चुराते हैं। आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा में हमीरपुर के मौदहा थाने में प्राथमिकी दर्ज है। दोनों आरोपी नशे के आदी है। राजा पूर्व में भी जेल जा चुका है।

## जगत फार्म के व्यापारियों के साथ बैठक

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी गौरव बघेल और उनकी टीम ने जगत फार्म मार्केट में सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक की। मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने बताया कि मार्केट में पिछले कुछ समय से दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने से कूड़े को उठाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसके चलते दुक.ानदारों और अधिकारियों ने आपस में मिलकर इसका हल निकाला। प्राधिकरण की कूड़े उठाने वाली गाड़ी सुबह और रात बताए गए समय अनुसार आकर मार्केट से कूड़ा उठाया करेगी। इस मौके पर चाचा हिंदुस्तानी, सुकेंद्र यादव, राजीव बैसला, मुकुल गोयल, रोहताश भाटी, गुरचरण सिंह, शुभम गोयल मोहित सिंघल, चेतन शर्मा, हिमांशु भाटी व धर्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सेक्टरों व गांवों में जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के सेक्टर और गांवों में सड़क, इंटरलॉकिंग टाइल्स, सड़कों की मरम्मत आदि विकार्स कार्य कराए जाएंगे। इस पर 30 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर निविदाएं जारी कर दी गई हैं। जिन सेक्टरों में काम पहले हो चुके हैं, उनके रखरखाव का कार्य भी किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले दो माह में काम शुरू करा दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुनपुरा गांव में इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने और सीसी सड़क को ऊंचा करने का काम किया जाएगा। मिलक लच्छी, रोजा जलालपुर, रोजा याकूबपुर और अच्छेजा गांव में रखरखाव का काम किया जाएगा।

सलेमपुर गुर्जर गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली का निर्माण किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में ऐस प्लेटिनम से एलजी गोलचक्कर तक 60 मीटर चौड़ी सड़क, 130 मीटर चौड़ी सड़क से जगत फार्म बाजार तक और 130 मीटर सड़क से सूरजपुर-कासना मार्ग टी पाइंट तक नाली के ऊपर प्रीकास्ट ढक्कन लगाए जाएंगे। इसी तरह तुगलपुर हल्दौना गांव में सीसी सड़क, नाले की मरम्मत एवं ऊंचा करने का काम किया जाएगा। सेक्टर-16 में 60 मीटर चौड़ी सड़क के सर्विस मार्ग की मरम्मत और नाली को ढकने का काम किया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक किसानों के छह फीसदी आबादी भूखंडों वाले सेक्टर में सड़कों की मरम्मत का काम किया जाएगा। कार्ययोजना के मुताबिक बोड़ाकी एक्सटेंशन, सेक्टर फाई-3, सेक्टर डेल्टा-1, 2, व 3, सेक्टर अल्फा-2, सेक्टर बीटा-1 और सेक्टर नॉलेज पार्क-5 में मूलभूत सुविधाओं के रखरखाव का काम किया जाएगा। चयनित फर्म को तीन साल तक रखरखाव का काम करना होगा। सूर.जपुर प्रवेश बिंदु से लोहिया नाले तक डीएससी (दादरी सूरजपुर छलेरा) मार्ग का रखरखाव भी कराया जाएगा। इसके अलावा एशियन पेंट कंपनी से कासना घरबरा तक 80 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे पटरी ड्रेसिंग और सेंट्रल वर्ज के रखरखाव का काम कराया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर सिग्मा-2 के डी ब्लॉक पार्क और सेक्टर-36 के बी ब्लॉक पार्क में फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। सेक्टर ओमिक्रान-1 ए के बीएचएस-17 सोसाइटी के पार्क को दुरुस्त किया जाएगा। सेक्टर इकोटेक-8 के खानपुर गांव में छह प्रतिशत आबादी के भूखंड वाले सेक्टर में विकास कार्य व उनका रखरखाव कराया जाएगा। नटो की मड़ैया गोलचक्कर से 80 मीटर चौड़ी सड़क तक लगे पेड़-पौधों के रखरखाव का कार्य किया जाएगा।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग किया जाता है। नोएडा शहर को और भी अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे है। वहीं नियमों का पालन न करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को नोएडा प्राधिकरण ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सेक्टर- 4 और 8 में विभिनन क्लाउड किचन और विभिन्न बाजारों से 345 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियां जब्त करने के साथ ही 1 लाख रुपए का आर्थिक दण्ड लगाया गया। प्राधिकरण अधिकारियों की इस कार्रवाई से शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले दुक.ानदार व रेस्टोरेन्ट संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।



नोएडा शहर को गोल्डन सिटी के अवार्ड से नवाजे जाने के बाद नोएडा प्राधिकरण शहर को और स्वच्छ व सुंदर बनाये जाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चला रहा है। अभियान के तहत जन स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल जन स्वास्थ्य अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह एवं जन स्वास्थ्य विभाग के परियोजना अभियन्ता-1 गौरव बंसल के नेतृत्व में सोमवार को सेक्टर-8 में क्लाउड किचन केआईसी फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि क्लाउड किचन द्वारा पैकिंग इत्यादि कार्य के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा था। क्लाउड किचन से तकरीबन 300 किलो प्लास्टिक जब्त की गयी। इसके बाद सेक्टर-4 ए-ब्लॉक स्थित ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (ब्लिंकइट) का निरीक्षण प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान यहां पर काफी सारी कमियां मिली। यहां पर कचरा रोड पर फेंका जा रहा है एवं रोड पर कचरे को जलाया जा रहा है। इन कमियों को देखते हुए ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (ब्लिंकइट) पर एक लाख रूपये का आर्थिक दण्ड लगाया गया। साथ ही सख्त निर्देश दिए गए एसडब्ल्यूएम नियम 2016 के नियमों का पूर्ण तरीके से पालन नहीं किया जाता है तो आगे नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# फर्जी फ्लैट सौदे में 10 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट निवासी व्यक्ति ने फर्जी संपत्ति बेचने के आरोप में एक व्यक्ति और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की है।

दीपक चौहान के अनुसार उसे निजी उपयोग के लिए एक फ्लैट की जरूरत थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात परिचित के माध्यम से विशन सिंह से पैरामाउंट गोल्फ मार्ट स्थित एक प्रॉपर्टी ऑफिस पर हुई थी। उसके पास एल्डिको मिस्टिक ग्रीन्स ओमीक्रोन-1 स्थित फ्लैट है। 20 जुलाई 2025 को सौदा 13.75 लाख रुपये में तय हुआ और दीपक ने मौके पर 50 हजार रुपये नकद बतौर बयाना देकर एग्रीमेंट टू सेल करा लिया। इसके बाद 23 जुलाई को उसकी पत्नी के बैंक खाते से आरटीजीएस द्वारा पांच लाख रुपये विपक्षी के खाते में भेजे गए। इस बीच विशन सिंह ने बताया कि फ्लैट पर आईसीआईसी बैंक का 5.55 लाख रुपये का लोन बकाया है। जिसे क्लोज किए बिना ट्रांसफर नहीं हो सकता। इस आधार पर दीपक ने उसे 4.50 लाख रुपये अतिरिक्त दे दिये।

28 अक्टूबर 2024 को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने फ्लैट का टीएम उसके नाम पर कर दिया। इस तरह कुल 10 लाख रुपये विपक्षी को सौंप दिए गए। लेकिन जब उसने ट्रांसफर डीड की मांग की तो आरोपी लगातार टालता रहा। आरोपी ने 2 अगस्त 2025 को पैरामाउंट गोल्फ मार्ट अंडरपास के पास बुलाकर गाली-गलौज की फिर लाठी-डंडों से हमला किया गया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डॉग शेल्टर के लिए मंजूरी न मिलने से योजना अटकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एफएनजी पर सेक्टर-123 में डॉग शेल्टर बनाने की योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है। यहां पर नियोजन विभाग से फाइल मंजूर नहीं हो सकी है। ऐसे में डॉग शेल्टर की शुरुआत होने में अभी समय लगेगा। नोएडा प्राधिकरण के जनस्वाथ्य विभाग की तरफ से करीब डेढ़ महीने पहले सेक्टर-123 में एक-एक एकड़ के दो डॉग शेल्टर के लिए स्थान चिह्नित किया गया। इसके बाद जनस्वास्थ्य विभाग ने फाइल को मंजूरी के लिए प्राधिकरण के ही नियोजन विभाग के पास भेज दिया था। खास बात यह है कि अब तक नियोजन विभाग ने इसके लिए मंजूरी नहीं दी है।

इस वजह से शेल्टर बनाने का काम शुरू नहीं हो सका है। उच्चतम न्यायालय ने करीब दो महीने पहले आक्रामक कुत्तों को स्थाई रूप से रखने के लिए अलग शेल्टर बनाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि अब आक्रामक कुत्तों को स्थाई रूप से रखने के लिए शेल्टर बनाए जाने हैं। शहर में कई जगह जनस्वास्थ्य विभाग ने जमीन देखी लेकिन अधिकारी सहमत नहीं हो सके। इसके बाद एफएनजी के पास सेक्टर-123 में एक-एक एकड़ की जगह देखी है। मंजूरी मिलते ही प्रकिया को आगे बढ़ेगी।

## मेले में पहाड़ी लोक गीतों पर झूमे लोग

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित स्टेडियम में चले रहे महाकौथिग मेले के चौथे दिन सुबह का सत्र उत्तराखंडी नृत्य नाटिका प्रतियोगिता के नाम रहा। सत्र का शुभारंभ नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित करके किया। वहीं, मेला देखने पहुंचे लोग पहाड़ी लोक गीतों पर झूमते दिखे।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद हम उतराखंडी छौं, माधो सिंह भंडारी तथा तीलू रौतेली जैसे नृत्य नाटिकाएं पेश की गई, जिसमें पर्वतीय कला संगम दिल्ली की नृत्य नाटिका माधो सिंह भंडारी को प्रथम स्थान हासिल हुआ। शाम के स्त्र में गायक ललित मोहन जोशी, अमित, मेघनाथ चंद्र और सरिता ने लोकगीतों गाए।

# किसान सुविधाओं के लिए दर-दर भटकने को विवश : टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आबादी और सामान मुआवजा देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन की यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पाइंट के नीचे किसान महाप.ंचायत हुई। महापंचायत में गौतमबुद्धनगर, हाथरस, एटा, आगरा, मथुरा समेत अन्य जिलों के किसान शामिल हुए। महापंचायत को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत समेत अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया।




महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि विगत कई वर्षों से नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के किसान अपने अधिकारों को लेकर निरंतर संघर्षरत हैं। प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र के विकास का हवाला देकर किसानों की उपजाऊ एवं पुश्तैनी भूमि औने-पौने दामों पर अधिग्रहित की गई, किंतु दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आज वही किसान मूलभूत सुविधाओं के लिए भी दर-दर भटकने को विवश है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ मुआवजे की नहीं, बल्कि उस अस्तित्व की है जिसे विकास की फाइलों में कहीं गुम कर दिया गया है।

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि प्रशासन आबादी की परिभाषा को ठीक से समझने को तैयार नहीं है। किसान के लिए उसका घर सिर्फ चार दीवारें नहीं, बल्कि उसके घेर (बाड़े) भी हैं, जहाँ वह पशुपालन करता है। लेकिन सरकार इन घेर को आबादी में न मानकर किसानों को उनके अधिकार से वंचित कर रही है।

टिकैत ने अरावली की भौगोलिक स्थिति पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अरावली राजस्थान की रेतीली हवाओं को रो.कने वाली प्राकृतिक दीवार है। सरकार द्वारा 100 मीटर की कटिंग के आदेशों ने न केवल पर्यावरण बल्कि किसानों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने इस बात को लेकर भारी रोष जताया कि उनकी जमीनें लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट्स (जैसे जेवर एयरपोर्ट) में स्थानीय युवाओं को पक्की नौकरी नहीं मिल रही। सरकार अग्निवीर की तरह यहाँ भी ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दे रही है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में है।

वहीं महापंचायत में जेवर एयरपोर्ट परियोजना का मुद्दा भी गरमाया। किसानों ने आरोप लगाया कि विस्थापन और पुनर्वास की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ियां हुई हैं। कई परिवार आज भी दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें न मुआवजा मिला और न ही रहने के लिए सही जगह। किसानों का कहना है कि हमने कई बार वार्ता की, लेकिन हर बार सिर्फ तारीखें मिलीं। अब आर-पार की जंग होगी। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो प्रशासन बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे।

महापंचायत में पवन खटाना, रॉबिन नागर, सुनील प्रधान, राजे प्रधान, मटरू नागर, भगत सिंह प्रधान, बेली भाटी, योगेश भाटी, सोनू बैसला, लाला यादव, ललित चौहान, बृजपाल सिंह, ऋषि शर्मा, शमशाद, साजिद खान, मोहम्मद जाकिर, गुलफाम, अमित डेढा, धर्मेंद्र प्रधान, अमित भाटी, सनी तंवर, रणवीर सिंह, पवन नागर, अनिल धामा, अमित, अतुल चौहान, प्रिंस गैराठी सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# स्मृति मंधाना 4000 टी-20 रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं




● **मंधाना इस फॉर्मेट में पहुंचने वाली दूसरी महिला है, न्यूजीलैंड सूजी बेट्स फिलहाल 4716 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ पहले महिला टी-20 इंटरनेशनल मैच के दौरान रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया, और महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज टी-20 इंटरनेशनल में 4,000 से ज्यादा रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कुल मिलाकर, मंधाना इस फॉर्मेट में 4,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाली दुनिया की दूसरी महिला हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड की महान खिलाड़ी सूजी बेट्स के साथ यह उपलब्धि हासिल की है, जो फिलहाल 4,716 रनों के साथ इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने सिर्फ 3,227 गेंदों में 4,000 टी-20 रन बनाए, जो बेट्स से काफी तेज है, जिन्होंने वहां तक पहुंचने के लिए 3,675 गेंदें ली थीं, जो सबसे छोटे फॉर्मेट में मंधाना की निरंतरता और आक्रामक रवैये को दिखाता है। श्रीलंका के खिलाफ मैच में, मंधाना ने 122 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए नौवें ओवर में आउट होने से पहले 25 गेंदों में 25 रन बनाए। हालांकि उनकी पारी छोटी थी, लेकिन यह उन्हें ऐतिहासिक मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी थी। यह मैच पिछले महीने वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की यादगार जीत के बाद मंधाना का पहला इंटरनेशनल मैच भी था, जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। इससे पहले, भारत के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया। श्रीलंकाई बल्लेबाजों को ढीली गें. दों का फायदा उठाने में मुश्किल हुई और वे कोई बड़ी साझेदारी नहीं बना पाए। सलामी बल्लेबाज विश्मी गुणरत्ने ने श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 39 गेंदों में 43 रन बनाए, जबकि हसिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा ने क्रमशः 20 और 21 रन बनाए। कप्तान चामरी अथापथु शुरुआत में आक्रामक दिखीं, लेकिन युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने उन्हें आउट कर दिया, जिससे भारत को शुरुआती सफलता मिली। ओस के कारण गेंद पर पकड़ बनाने में मुश्किल होने के बावजूद, भारत के गेंदबा. जों ने बीच के ओवरों में नियंत्रण बनाए रखा।

## खेल विशेष

### नोएडा के गोल्फर सुखमन सिंह ने आईजीयू 124वीं एमेच्योर चैंपियनशिप ऑफ इंडिया जीती

**कोलकाता, वार्ता।** नोएडा के गोल्फर सुखमन सिंह ने रविवार को यहां टॉलीगंज क्लब में प्रतिष्ठित आईजीयू 124वीं एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप ऑफ इंडिया जीतकर क्रिसमस का जश्न पहले ही मना लिया। सुखमन ने 36-होल के फाइनल में हरियाणा के हरमन सचदेवा को हराकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 29 होल के बाद 7अप की अजेय बढ़त बना ली थी। आईजीयू 124वीं एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप ऑफ इंडिया, इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) द्वारा आयोजित दुनिया की सबसे लंबे समय तक चलने वाली एमेच्योर मैचप्ले चैंपियनशिप है। एक बेहतरीन पटर और शानदार लॉन्ग गेम के साथ, सुखमन ने फाइनल की शुरुआत से ही फ्लैग पर अटैक करना जारी रखा। वह छठे होल तक बराबरी पर थे, लेकिन 12 होल के बाद 4अप हो गए और पहले 18 होल के बाद 2 अप पर बने रहे। सुखमन के पिता सिमरजीत सिंह पूर्व इंडिया नंबर 1 एमेच्योर और श्रीलंका एमेच्योर के तीन बार के विजेता होने के साथ-साथ आईजीयू मिड-एमेच्योर चैंपियन भी हैं। हालांकि, हरमन ने 23 होल तक अपनी बढ़त को तीन तक कम कर दिया था, लेकिन उसके बाद सुखमन अपने बेहतरीन फॉर्म में थे और लगातार बर्डी लगाकर 25वें होल तक 6अप हो गए। जब वह 29 होल के बाद 7अप हो गए, तो टूर्नामेंट डायरेक्टर ने उन्हें इवेंट का विजेता घोषित कर दिया क्योंकि उनकी बढ़त अपने प्रतिद्वंद्वी पर अजेय थी। सुखमन ने बाद में कहा कि यह अभी भी एक सपने जैसा लगता है, मुझे खुद को चुटकी लेनी पड़ रही है, हालांकि असल में मैं जीत गया हूं। मैं पूरी ज़िंदगी इसके लिए मेहनत कर रहा था, लेकिन आखिरकार इसे कर पाना, बहुत अच्छा लग रहा है।

# स्पेन 2025 में फीफा विश्व रैंकिंग में रहा टॉप पर, भारत 142वें स्थान पर

● **अन्य बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में नॉर्वे शामिल है जिसने 68-70 अंक हासिल किए**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** सितंबर 2025 में टॉप स्थान हासिल करने के बाद स्पेन अभी भी विश्व चैंपियन अर्जेंटीना से आगे है जबकि भारत विश्व रैंकिंग में अपने 142वें स्थान पर कायम है। स्पेन (पहला, अपरिवर्तित) सितंबर में दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जेंटीना (दूसरा, अपरिवर्तित) को हटाकर टॉप पर बना हुआ है, जबकि फ्रांस (तीसरा, अपरिवर्तित) साल के आखिर की लाइन-अप में पोडियम पूरा करता है। फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग का दिसंबर 2025 एडिशन - साल का आखिरी - हाल ही में हुए 42 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद जारी किया गया है, जिसमें फीफा अरब कप कतर 2025 सेंटर स्टेज पर रहा। दोहा, कतर में क्षेत्रीय खिताब जीतने के बाद, मोरक्को (11वां, अपरिवर्तित) अप्रैल 1998 के बाद पहली बार टॉप 10 में जगह बनाने से बस थोड़ा ही पीछे है, जो क्रोएशिया (10वां, अपरिवर्तित) से सिर्फ 0-54 अंकों से पीछे है। क्रोएशिया के साथ, टॉप 10 में शामिल अन्य देश इंग्लैंड (चौथा), ब्राजील (पांचवां), पुर्तगाल (छठा), नीदरलैंड (सातवां), बेल्जियम (आठवां) और जर्मनी (नौवां) अपरिवर्तित रहे। सबसे बड़ी छलांग रैंकिंग में नीचे की ओर लगी, जिसमें सिर्फ तीन टीमों ने एक से ज्यादा स्थान ऊपर चढ़ाई की: जॉर्डन (64वां, 2 स्थान ऊपर), जिसने फीफा अरब कप 2025 में उपविजेता रहने से पहले एटलस लायंस को कड़ी टक्कर दी, वियतनाम (107वां, 3 स्थान ऊपर) और सिंगापुर (148वां, 3 स्थान ऊपर)। कोसोवो (80वां, अपरिवर्तित) 89-02 अंक हासिल करके साल की सबसे बेहतरीन टीम के रूप में उभरी, जो किसी भी अन्य टीम से ज्यादा है, 2025 में 10 मैचों में सात जीत और दो ड्रॉ के अपने शानदार रिकॉर्ड के कारण। कुल मिलाकर, उन्होंने 2025 में साल की सबसे बड़ी 19 स्थानों की छलांग लगाई। अन्य बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में नॉर्वे (29वां, अपरिवर्तित) शामिल है, जिसने 68-70 अंक हासिल किए, और सूरीनाम (123वां, अपरिवर्तित), जो दिसंबर 2024 की रैंकिंग के बाद से 15 स्थान ऊपर चढ़ गया है। पिछले एक साल में बारह अन्य देशों ने भी 10 से 14 स्थान ऊपर चढ़ाई की है। 2025 के आखिर में कॉन्फेडरेशन के हिसाब से टॉप-50 देशों का बंटवारा पिछले साल के आखिर जैसा ही है, जिसमें 26 देश यूईएफए से, सात कॉनमेबोल (1 कम) और काफ से, पांच कोनकाकाफ (1 ज्यादा) और एएफसी से जुड़े हैं, और ओएफसी से कोई भी देश नहीं है।

# हीरो हॉकी इंडिया लीग के रांची लेग के आज से मिलेंगे मुफ्त टिकट

● **हीरो महिला एचआईएल 28 दिसम्बर से 10 जनवरी तक खेला जाएगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी के प्रशंसकों की संख्या में इजाफा करने के मकसद से हॉकी इंडिया ने 28 दिसंबर से रांची में शुरु होने वाली हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 के टिकट मुफ्त देने की घोषणा की हैं। रांची लेग के टिकट आज से टिकट जिनी के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। हीरो महिला एचआईएल 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक चलेगी जबकि हीरो पुरुष एचआईएल तीन जनवरी को चेन्नई में शुरू होगी और 11 जनवरी से रांची जाएगी और फाइनल लेग हॉकी के गढ़ भुवनेश्वर में 17 जनवरी से 26 जनवरी तक खेला जायेगा। हीरो एचआईएल के रांची लेग के टिकटों की बिक्री आज 1100 बजे शुरू हो गई, जबकि हीरो पुरुष एचआईएल चेन्नई के टिकट बुधवार को 1100 बजे से मिलेंगे। हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि हमने एक बार फिर हॉकी फैंस के लिए चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में सभी मैचों का आनंद लेने के लिए मुफ्त टिकट देने का फैसला किया है। जबकि महिलाओं के मैच रांची में होंगे, पुरुषों की एचआईएल तीन शहरों में खेली जाएगी। हम हॉकी स्टैंड को उन फैंस से भरना चाहते हैं जो अपने पसंदीदा सितारों को एक्शन में देखना चाहते हैं। इस सीजन में हमारे पास दुनिया के कुछ टॉप खिलाड़ी होंगे और हम एक महीने के दौरान कुछ शानदार हॉकी देखने के लिए उत्सुक हैं।

# गिल, अभिषेक व अर्शदीप पंजाब की विजय हजारे ट्रॉफी टीम में शामिल

● **भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे और 5 टी-20 खेलने है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** टी 20 विश्व कप टीम से बाहर शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह को पंजाब की 18 सदस्यीय विजय हज़ारे ट्रॉफी टीम में चुना गया है, जो 24 दिसंबर को महाराष्ट्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

इन तीन भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के अलावा, पंजाब ने पावर-हिटर्स और ऑलराउंडरों का एक मजबूत समूह भी चुना है, जिसमें प्रभसिमरन सिंह, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, रमनदीप सिंह, सनवीर सिंह और हरप्रीत बराड़ शामिल हैं। गुरनूर बराड़ और कृष भगत ते गेंदबाज़ी आक्रमण की अगुआई करेंगे। गिल, अभिषेक और अर्शदीप की उपलब्धता कितनी रहेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। भारत को 11 जनवरी से न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलने हैं।

इसके बाद 21 जनवरी से पांच टी-20 मैच होंगे। गिल को हाल ही में टी 20 विश्व कप और न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरी के लिए भारत की टीम से बाहर किया गया है। हालांकि वह वनडे टीम के कप्तान हैं, जबकि अभिषेक और अर्शदीप भारतीय टी-20 टीम का नियमित हिस्सा हैं। पिछले सीजन के क्वार्टर फाइनल में हारने वाली पंजाब टीम अपने सभी सात लीग मैच जयपुर में खेलेगी। 2024-25 सत्र में अर्शदीप टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। पंजाब के ग्रुप में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, गोवा और मुंबई जैसी टीमें शामिल हैं। लीग चरण के मुघबले 8 जनवरी को समाप्त होंगे, जो भारत के पहले वनडे से तीन दिन पहले है। पंजाब ने आधिकारिक टीम घोषणा में कप्तान का नाम नहीं बताया है। पंजाब की विजय हज़ारे ट्रॉफी टीम शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, अनमोलप्रीत सिंह, उदय सहारण, नमन धीर, सलील अरोड़ा (विकेटकीपर), सनवीर सिंह, रमनदीप सिंह, जसनप्रीत, गुरनूर, हरप्रीत, रघु शर्मा, कृष भगत, गौरव चौधरी, सुखदीप बाजवा

# शायद मैं एशेज की सही तैयारी नहीं करा पाया: मैकुलम

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि एशेज के लिए उनकी टीम की तैयारियों पर जायज सवाल उठेंगे। सिर्फ़ 11 दिनों के खेल में ही सीरीज गंवाने के बाद, जबकि अभी दो टेस्ट बाकी हैं, उनकी तैयारी अब कड़ी समीक्षा के दायरे में है। एडिलेड में 82 रन की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के 3-0 की अजेय बढ़त लेने के बाद टीएनटी स्पोर्ट्स से बात करते हुए मैकुलम ने माना कि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने ष्बल्ले और गेंद दोनों से हमें पछाड़ दिया और फ़ील्डिंग में भी हमें पछाड़ा। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम के समग्र प्रदर्शन को कई सालों में देखा गया सबसे सटीक कि ज़बरदस्त और निरंतर बताया। इंग्लैंड का इकलौता वॉर्म-अप मैच पर्थ के लाइलैक हिल में एक धीमी पिच पर खेला।

# 2023 वर्ल्ड कप की हार से पूरी तरह टूट गया था: रोहित




● **रोहित ने बताया कि यह निराशा उस बड़े व्यक्तिगत निवेश के कारण थी जो उन्होंने 2022 में कप्तानी संभालेने के बाद किया था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार के भावनात्मक असर पर बात की है, यह मानते हुए कि इस हार से वह पूरी तरह से टूट गए थे और खेल में अपने भविष्य पर सवाल उठाने लगे थे। मास्टर्स यूनियन कन्वोकेशन 2025 में बोलते हुए, जहां उन्होंने मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रेजुएट होने वाले छात्रों को संबोधित किया, रोहित ने घर पर वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की हार के बाद की स्थिति पर खुलकर बात की। रोहित ने इवेंट के दौरान कहा कि 2023 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद, मैं पूरी तरह से टूट गया था और मुझे लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया था और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ नहीं बचा है। भारतीय कप्तान ने बताया कि यह निराशा उस बड़े व्यक्तिगत निवेश के कारण थी जो उन्होंने 2022 में कप्तानी संभालने के बाद से किया था, जिसका एकमात्र लक्ष्य था: भारत के लिए वर्ल्ड कप जीतना। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत मुश्किल समय था क्योंकि मैंने उस वर्ल्ड कप में सब कुछ लगा दिया था, न सिर्फ दो या तीन महीने पहले, बल्कि जब से मैंने 2022 में कप्तानी संभाली थी। मेरा एकमात्र लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना था, चाहे वह टी20 वर्ल्ड कप हो या 2023 वर्ल्ड कप। इसलिए जब ऐसा नहीं हुआ, तो मैं पूरी तरह से टूट गया था। रोहित ने आगे कहा कि भावनात्मक थकावट इतनी ज्यादा थी कि उन्हें मानसिक और शारी. रिक रूप से ठीक होने में महीनों लग गए। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर में कोई एनर्जी नहीं बची थी। मुझे ठीक होने और खुद को वापस लाने में कुछ महीने लग गए। 37 साल के खिलाड़ी ने बताया कि आखिरकार जिस चीज़ ने उन्हें अपनी लय वापस पाने में मदद की, वह थी खुद को खेल के प्रति अपने प्यार की याद दिलाना। रोहित ने कहा कि इसमें थोड़ा समय लगा, और मैं खुद को याद दिलाता रहा कि यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे सच में प्यार है, कि यह मेरे सामने था, और मैं इसे इतनी आसानी से जाने नहीं दे सकता था। धीरे-धीरे, मुझे अपना रास्ता वापस मिल गया, एनर्जी वापस आ गई और मैं मैदान पर फिर से आगे बढ़ने लगा। हालांकि, यह झटका एक टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। रोहित ने उस दौर को ज़िंदगी का एक बड़ा सबक बताया, जिसने उन्हें आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले खुद को रीसेट करने और फिर से फोकस करने में मदद की। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि ज़िंदगी वहीं खत्म नहीं होती। यह मेरे लिए एक बड़ा सबक था कि निराशा से कैसे निपटना है, खुद को रीसेट करना है और नई शुरुआत करनी है। इस नए फोकस का फायदा मिला, जब भारत ने रोहित की कप्तानी में 2024 का टी20 वर्ल्ड कप जीता, और बारबाडोस में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया।

# नेमार के घुटने की सर्जरी होगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नेमार सोमवार को अपने बाएं घुटने में फटे मेनिस्कस को ठीक करने के लिए कीहोल सर्जरी करवाएंगे। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह दक्षिण-पूर्वी शहर बेलो होरिज़ोंटे के एक अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए दिख रहे हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ब्राजील की नेशनल टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार यह प्रोसीजर करेंगे, जिसमें लगभग चार हफ्ते रिकवरी का समय लगने की उम्मीद है। इस महीने की शुरुआत में, नेमार ने खुलासा किया था कि उन्होंने 2025 ब्राज़ीलियन सीजन का दूसरा हाफ चोट के साथ खेला था, लेकिन सैंटोस को रेलिगेशन से बचाने के लिए दर्द के बावजूद खेलने का फैसला किया। बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार ने इस साल सभी प्रतियोगिताओं में सैंटोस के लिए सिर्फ़ 28 मैच खेले, जिसमें 11 गोल किए।

# न्यूजीलैंड ने विंडीज को रौंदा

● **ब्लैक कैप्स ने आखिरी दिन के बीच में मैच खत्म कर दिया, विंडीज को 462 रन के मुश्किल लक्ष्य का बचाव करते हुए 138 रन पर आउट किया**

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूज़ीलैंड सोमवार को बे ओवल में तीसरे और आखिरी टेस्ट में वेस्टइंडीज पर 323 रन की ज़बरदस्त जीत के बाद आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) स्टैंडिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गया। ब्लैक कैप्स ने आखिरी दिन के बीच में ही मैच खत्म कर दिया, वेस्टइंडीज़ को 462 रन के मुश्किल टारगेट का बचाव करते हुए 138 रन पर आउट कर दिया।

लेफ्ट आर्म पेसर जैकब डफी ने अहम झटका दिया, इस शानदार सीरीज़ का अंत किया जिसमें उन्होंने 23 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज़ चुना गया। डफी आखिरी टेस्ट में गेंद से सबसे शानदार रहे, उन्होंने दूसरी पारी में 5/42 विकेट लिए, जब मेहमान टीम लगातार दबाव में बिखर गई। इस दौरान उन्होंने न्यूज़ीलैंड का एक पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा, उन्होंने एक कैलेंडर साल में कीवी टीम द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट के सर रिचर्ड हैडली के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 80 विकेट अपने नाम करने के बाद, डफी ने सीरिज में अपना तीसरा फाइव-विकेट हॉल बनाया। डफी ने माना कि मैंने लंच टाइम में वह लिस्ट (एक कैलेंडर साल में सबसे ज्यादा विकेट) देखी, और उसमें कुछ अच्छे नाम थे, इसलिए ऐसे नामों वाली किसी भी लिस्ट में ऊपर होना खास था। मैच में न्यूज़ीलैंड की कमांडिंग पोज़िशन उनके टॉप ऑर्डर, खासकर ओपनर डेवोन कॉनवे और कप्तान टॉम लैथम की ज़बरदस्त को. शिशों पर बनी थी। इस जोड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में पहली ओपनिंग पार्टनरशिप बनकर इतिहास रच दिया, जिसमें दोनों बैट्समैन ने एक ही मैच में दो सेंचुरी बनाई। कॉनवे ने 227 और 100 रन कीं पारियों के साथ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया, वह न्यूज़ीलैंड के पहले और टेस्ट इतिहास के सिर्फ़ 10वें खिलाड़ी बने जिन्होंने एक ही टेस्ट में डबल सेंचुरी और सेंचुरी बनाई। उनकी जबरदस्त कोशिश के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। कॉनवे ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह बात अभी तक समझ में आई है। इस टेस्ट मैच में जो हुआ, उसे समझने में मुझे कुछ समय लगेगा। लेकिन मैं सच में खुश हूं कि हम जीत गए। इस बड़ी जीत ने न्यूज़ीलैंड को ड्रॉ हुए शुरुआती टेस्ट के बाद 2-0 से सीरीज़ जीतने में मदद की, और उनके नए डब्ल्यूटीसी चक्र की एक ज़बरदस्त शुरुआत की। इस नतीजे ने उन्हें स्टैंडिंग में दक्षिण अफ्रीका से ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया, उनसे आगे सिर्फ़ ऑस्ट्रेलिया है। वेस्ट इंडीज़ के लिए, इस हार ने उन्हें डब्ल्यूटीसी तालिका में नौवें स्थान पर पहुंचा दिया है। वे अगले साल के बीच में श्रीलंका और पाकिस्तान की घरेलू सीरीज में मेज़बानी करते हुए एक्शन में लौटेंगे।

# प्रो रेसलिंग लीग ने अपने 5वें सीजन से पहले आधिकारिक लोगो का अनावरण किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने अपने पांचवेंस. ीजन से पहले अपने नए आधिका. रिक लोगो का अनावरण किया। यह कदम भारतीय कुश्ती के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत को दर्शाता है और सात वर्षों के अंत. राल के बाद लीग की वापसी का संकेत देता है। नया लोगो जनवरी 2026 में प्रतिस्पर्धी एक्शन में वापसी से पहले लीग के पुनरुत्थान और व्यापक पुनर्गठन को दर्शाता है।

नया लॉन्च किया गया लोगो पारंपरिक लाल और नीले कुश्ती मैट से प्रेरित एक आधुनिक और गतिशील प्रतीक है, जो शक्ति, संतुलन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रतीक है। यह केवल एक दृश्य परिवर्तन नहीं है, बल्कि प्रो रेसलिंग लीग के लिए एक पूर्ण रीसेट का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने नए स्वामित्व और प्रबंधन के तहत संरचनात्मक और संचालनात्मक स्तर पर बड़े बदलाव किए हैं। लीग का संच. ालन अब ओएनओ मीडिया के स्वामित्व और प्रबंधन में किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व पार्टनर्स अखिल गुप्ता और दयान फरूकी कर रहे हैं।

नया प्रबंधन पुराने ढांचों से हटकर एक पारदर्शी, खिलाड़ी-केंद्रित इकोसिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो पेशेवरता, ईमानदारी और भारतीय कुश्ती में दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता देता है। पीडब्ल्यूएल का नया मिशन पहलवानों के लिए एक विश्वस्तरीय पेशेवर मंच तैयार करने पर केंद्रित है, जो पारंपरिक अखाड़ों और वैश्विक प्रतिस्पर्धी मंच के बीच की खाई को पाटे।

# लर्नर टिएन ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब

**जेद्दा, वार्ता।** अमेरिकी युवा टेनिस खिलाड़ी लर्नर टिएन ने बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को हराकर नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। लर्नर टिएन ने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स जीतने से चूकने के एक साल बाद रविवार को किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में खेले गए फाइनल मुकाबले में बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 4-3(4), 4-2, 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल वहां मौजूद थे। अमेरिकी खिलाड़ी की खिताब की उम्मीदों को शुरुआती झटका तब लगा जब वह स्पेन के राफेल जोडर के खिलाफ पहले राउंड-रॉबिन मैच में चार मैच अंक में से एक भी हासिल नहीं कर पाए, और सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिए उन्हें बेहद मेजनत करनी पड़ी। लेकिन उन्होंने वहां से हिम्मत नहीं हारी।

# टी-20 विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी करूंगा: सूर्या




**मुझे पता है चीजें कहां गलत हो रही है मेरे पास इसके उपर काम करने के लिए कुछ समय है**

**मुंबई, वार्ता।** टी-20 में पिछले कुछ समय से रनों का सूखा होने के बाद पहली बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने माना कि उनका फॉर्म अच्छा नहीं है। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया है कि 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी करेंगे। पिछले एक साल में नंबर 3 और 4 पर खेलते हुए सूर्यकुमार ने 22 पारियों में बिना अर्द्धशतक और सिर्फ 12.84 की औसत एवं 117-87 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उन्होंने 12, 5, 12 और 5 के स्कोर बनाए और अब टी-20 विश्व कप से पहले उनके पास सिर्फ पांच मैच बचे हैं। टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के बाद सूर्यकुमार ने बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में हंसते हुए कहा कि ये वाला पैच थोड़ा लंबा हो गया। मुझे लगता है हर किसी में करियर में उन्हें यह देखने को मिला है। मैं भी इससे उबर कर आऊंगा। मुझे पता है क्या करना है। मुझे पता है चीजें कहां गलत हो रही हैं। मेरे पास इसके ऊपर काम करने के लिए कुछ समय है। अभी न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप आने वाला है। आप सूर्या को वापसी करते हुए जरूर देखेंगे। 2024 टी-20 विश्व कप जीत के बाद रोहित शर्मा की जगह कप्तानी संभालने के बाद से ही सूर्यकुमार का फॉर्म उनका साथ नहीं दे रहा है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन पारियों में वह सिर्फ एक बार ही 5 का आंकड़ा पार कर सके। इंग्लैंड के खिलाफ साल की शुरुआत में पांच पारियों में वह दो बार 0 पर आउट हुए और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 14 रहा। सात महीने बाद एशिया कप में सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ 47 रनों की नाबाद पारी खेली लेकिन उसके बाद उनका फॉर्म फिर से बिगड़ गया। लेकिन उन्होंने कहा कि मेरा फॉर्म ठीक है, बस रन नहीं बन रहे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में सूर्यकुमार ने चार पारियों में तीन बार 20 का आंकड़ा पार किया और उनका स्ट्राइक रेट 160 से ऊपर रहा। लेकिन घर आते ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका बल्ला फिर से शांत हो गया और वह सिर्फ 8.50 की औसत से रन बना सके। इस सीरीड़ के दौरान भी उनसे फॉर्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने फिर से कहा कि वह आउट ऑफ फॉर्म नहीं हैं, बस रन नहीं आ रहे। अपने 360 डिग्री स्टाइल की बल्लेबाजी और निरंतरता के कारण सूर्यकुमार आईसीसी टी-20 रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गए थे। टी-20 में उनके नाम विराट कोहली के बाद दूसरे सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड हैं। 2022 में उन्होंने 46.56 के औसत और 187.43 के स्ट्राइक रेट से 1164 रन बनाए थे, जो भारतीय रिकॉर्ड है। टी-20 में सबसे ज्यादा शतक के मामले में सूर्यकुमार (4) अभी रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल (5) से सिर्फ एक शतक पीछे हैं। जब उनके पूछा गया कि क्या वह फॉर्म में लौटने के लिए अपने बल्लेबाजी के पुराने वीडियो देखते हैं, उसपर सूर्यकुमार ने कहा कि मैं पिछले तीन महीने से वही देखते आ रहा हूं। जब आपने अच्छी बल्लेबाजी की होती है और भारत के लिए बढ़िया प्रदर्शन किया होता है, उस समय की वीडियो आप जरूर देखते हैं। और घ्रि से वैसा ही प्रदर्शन करना चाहते हैं। लेकिन हां, मैं कोशिश कर रहा हूं, नेट्स में मैं काघी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। वही चीघ है कि एक अदृश्य रुकावट होती है जो आपको दिखती नहीं है लेकिन मुझे यकीन है कि मैं वापसी करूंगा। मुंबई में जब टी-20 विश्व कप के लिए अजीत आगरकर की अगुवाई में चयन समिति भारतीय टीम को चुनने के लिए इकठा हुई, तब उनके दिमाग में ये चीज थी कि टीम के कप्तान और उप-कप्तान शुभमन गिल, दोनों की फॉर्म पिछले कुछ समय से सही नहीं है।

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
मंगलवार, 23 दिसम्बर 2025

# राजनीतिक तमाशा

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को खत्म करने से गांवों में रहने वाले करोड़ों लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। मनरेगा खत्म होना सामूहिक नाकामी है। इसके खिलाफ सभी से एकजुट होना चाहिए। सोनिया गांधी ने 22 दिसम्बर को एक अंग्रेजी में प्रकाशित अपने कॉलम द बुलडोजर डिमालिश ऑफ मनरेगा में यह बात कही। उनका कालम तब आया है, जब राष्ट्रपति मुर्मू विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम बिल को मंजूरी दे चुकी हैं, जो मनरेगा की जगह लेगा। इस नए कानून में ग्रामीण मजदूरों को 125 दिन काम देने की गारंटी दी गई है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के सवालों के बीच गहन चिंतन का मुद्दा है कि संसद का यह शीतकालीन सत्र, जिसमें 15 बैठकें हुईं, महत्वपूर्ण और विवादास्पद विधायी कामकाज के साथ-साथ, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा राजनीतिक तमाशे का साक्षी बना। दस विधेयक पेश किए गए और आठ दोनों सदनों से पारित हुए। संसदीय मंजूरी हासिल करने वाले उल्लेखनीय विधेयकों में दर्जनों अप्रचलित कानूनों को खत्म या संशोधित करने वाला विधेयक( बीमा क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला विधेयक( आपूर्तिकर्ताओं का दायित्व घटाकर नाभिकीय शक्ति में निजी क्षेत्र का निवेश सुगम बनाने वाला विधेयक और सबसे अहम, साल 2005 में यूपीए सरकार द्वारा शुरू किए गए अग्रणी कल्याण कार्यक्रम, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में बड़े बदलाव शामिल हैं। कई विधेयकों के नामों ने, जो हिंदी में थे, गैर-हिंदी क्षेत्रों के सांसदों के बीच एक बेचैनी पैदा की। उन्होंने उन संवैधानिक प्रावधानों की ओर ध्यान दिलाया जो कानूनों का मसौदा अंग्रेजी में तैयार किया जाना, साथ ही जरूरत के मुता. बिक अनुवाद मुहैया कराना जरूरी बनाते हैं। बीमा विधेयक का नाम है 'सबका बीमा सबकी रक्षा', जबकि ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक को 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' या 'वीबी-जी राम जी' नाम दिया गया है, जो 21 दिसम्बर को राष्ट्रपति की सहमति से अधिनियम बन गया। वंदे मातरम् पर चर्चा में, सदस्यों ने लोकसभा में 65 प्रतिभागियों के साथ 11 घंटे बिताए और राज्यसभा में, 81 प्रतिभागियों के साथ, तकरीबन 13 घंटे बिताए। इसका इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों की देशभक्ति पर सवालिया निशान लगाने के एक और मौके की तरह करने के बजाय, संसद इस गीत को याद करते हुए एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर सकती थी। चुनाव सुधारों पर गर्मागर्म बहस लोकसभा में 62 वक्ताओं के साथ तकरीबन 13 घंटे चली और राज्यसभा में 57 वक्ताओं के साथ तकरीबन 11 घंटे चली। भारतीय चुनावों में विश्वसनीयता के संकट से निपटने के लिए, यह पार्टी लाइनों से परे जाकर खुले मन से चर्चा का मौका था, लेकिन इसे भी गंवा दिया गया। चुनावों की विश्वसनीयता के सवालों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पूर्वाग्रही रवैयों से भारत के संसदीय लोकतंत्र का भला नहीं हो रहा है।

## बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें



पटना में एक डाक्टर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उसका हिजाब खींचने की घटना की पूरी देश-दुनिया में थू-थू हो रही है, आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी इस पर चुप्पी साध लीं है बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींचते हैं, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए, जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो उसे कौन से कपड़े पहनने चाहिए, पीएम मोदी को इस पर चुप्पी साधने की बजाय बताना चाहिए कि बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें, बेटियां छोटे कपड़े पहनें तो दिक्कत, हिजाब पहनें, तो दिक्कत, लेकिन असल में दिक्कत बेटियां नहीं, दिक्कत खुद आप हैं, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा अच्छा है, लेकिन जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो वह क्या कपड़े पहने हैं, टाइट कपड़े पहने थे, तो गलती उसकी थी, अब कहा जा रहा है, उसने हिजाब पहना था, गलती उसकी है।

-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग

# रोजगार के लिए गारंटी मिशन



राष्ट्रपति ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबीजीरामजी (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025 को अपनी स्वीकृति प्रदान की। अधि. नियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है। इससे पूर्व, संसद ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण विधेयक, 2025 पारित किया था, जिसने भारत के ग्रामीण रोजगार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (महात्मा गांधी नरेगा) को प्रतिस्थापित करते हुए आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला एक आधुनिक वैधानिक ढांचा प्रदान करता है, जो विकसित भारत/2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है। सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और परिपूर्णता (सेचुरेशन) के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एक एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, शासन और जवाबदेही को आधुनिक बनाता है तथा मजदूरी रोजगार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है, जिससे समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होती है।

**अधिनियम की प्रमुख विशेषताएं**

**रोजगार की वैधानिक गारंटी में वृद्धि**

यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। (धारा 5 (1) पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है।

**कृषि और ग्रामीण श्रम के बीच संतुलित प्रावधान**

बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की उपलब्धता आसान करने के लिए, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। श्रमिकों को मिलने वाले कुल 125 दिनों के रोजगार के अधिकार यथावत बनी रहेगी, जिसे शेष अवधि में प्रदान किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के मध्य संतुलित समायोजन सुनिश्चित होता है।

**समय पर मजदूरी भुगतान**

यह अधिनियम मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है (धारा 5 (3), निर्धारित अवधि से अधिक विलंब होने की स्थिति में, अनुसूची-II में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विलंब मुआवजा देय होगा, जिससे मजदूरी सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है और श्रमिकों को विलंब से संरक्षण प्रदान किया जाता है।

**टिकाऊ और उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार**

इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी रोजगार को चार प्राथमिक विषयगत क्षेत्रों में टिकाऊ सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के सृजन के साथ स्पष्ट रूप से जोड़ा गया है (धारा 4 (2), अनुसूची-I के साथ पठित)। सभी कार्य बॉटम-अप एप्रोच यानि गांव स्तर से प्रस्तावित किए जाते हैं तथा सृजित सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया जाता है, ताकि सार्वजनिक संसाधनों का कंवर्जेंस, विखंडन से बचाव और स्थानीय जरूरत के अनुसार आवश्यक ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण सेचूरेशन लक्ष्य के आधार पर परिणाम-आधारित योजना सुनिश्चित हो सके।

**राष्ट्रीय स्तर पर अभिसरण के साथ विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण**

सभी कार्य 'विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं' से प्रारंभ होते हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण प्रकियाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है तथा ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ डिजिटल एवं स्थानिक रूप से एकीकृत किया जाता है, जिससे संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण के अंतर्गत कन्वर्जेंस संभव होता है, जबकि स्थानीय स्तर पर विकेन्द्रीकृत निर्णय निर्माण को यथावत बनाए रखा जाता है। यह एकीकृत योजना निर्माण का फेमवर्क, मंत्रालयों और विभागों को कार्यों की अधिक प्रभावी योजना बनाने और क्रियान्वयन करने में सक्षम बनाएगा, दोहराव से बचाव और सार्वजनिक संसाधनों की अपव्यय रोकने में सहायक होगा, तथा सेचूरेशन-आधारित परिणामों के माध्यम से विकास की गति को तेज करेगा।

**सुधारित वित्तीय संरचना**

यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। व्यय-साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालई राज्यों के लिए 90:10 तथा विधानसभारहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण का है। निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4 (5) एवं 22 (4), जिससे पूर्वानुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोजगार तथा बेरोजगारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिक. ारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है।

**प्रशासनिक क्षमता की सुदृढ़ता**

प्रशासनिक व्यय की अधिकतम सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे बेहतर मानव संसाधन उपलब्धता, प्रशिक्षण, तकनीकी क्षमता तथा मैदानी स्तर पर सहायता सुदृढ़ होती है और संस्थानों की परिणामों को प्रभावी रूप से प्रदान करने की क्षमता मजबूत होती है। विकसित भारत-रोजगार और आजी. विका के लिए गारंटी मिशन अधिनियम, 2025, विकसित भारत/2047 के विजन के अनुरूप भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नया और मजबूत रूप प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाकर, यह अधिनियम काम मांगने के अधिकार को और मजबूत करता है, साथ ही विकेन्द्रीकृत और सहभागितापूर्ण शासन को बढ़ावा देता है। यह पारदर्शी, नियम-आधारित वित्तपोषण, जवाबदेही तंत्र, प्रौद्योगिकी सक्षम समावेशन तथा कंवर्जेंस आधारित विकास को एकीकृत करता है, ताकि ग्रामीण रोजगार न केवल आय सुरक्षा प्रदान करे, बल्कि टिकाऊ आजीविकाओं, सुदृढ़ परिसंपत्तियों और दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान दे।

**रोजगार की गारंटी और रोजगार की मांग का अधिकार**

यह अधिनियम रोजगार की मांग के अधिकार को कमजोर नहीं करता है। इसके विपरीत, धारा 5 (1) सरकार पर पात्र ग्रामीण परिवारों को कम से कम 125 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करने का स्पष्ट वैधानिक दायित्व निर्धारित करती है। गारंटीकृत दिनों में की गई यह वृद्धि, सुदृढ़ की गई जवाबदेही और शिकायत निवारण तंत्र के साथ मिलकर, इस अधिकार की प्रवर्तनीयता को और मजबूत करती है।

-ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार

# अस्तित्व का अंतहीन तर्क, स्वयंभू कायनात का सृष्टा क्यों नहीं



शाहिद मिर्ज़ा


इंसानी सभ्यता के इतिहास में ईश्वर का अस्तित्व हमेशा से सबसे बड़ी बहस का केंद्र रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में आधुनिकता और कथित प्रगतिशीलता की आड़ में इस बहस का स्तर निहायत ही सतही और अतार्किक होता जा रहा है। बीते 20 दिसम्बर को द लल्लनटॉप के मंच पर हुई एक चर्चा के दौरान मशहूर लेखक जावेद अख्तर और मुफ्ती शमाइल नदवी के बीच का संवाद आज सोशल मीडिया और वैचारिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस डिबेट में जावेद अख्तर ने एक बार फिर नास्तिकता का पुराना राग अलापते हुए ईश्वर के वजूद को सिरे से नकार दिया और तर्क दिया कि इंसान ने खुदा को बनाया है। वहीं मुफ्ती शमाइल नदवी ने अपने नजरिए से इसका जवाब देने की कोशिश की, लेकिन इस पूरी बहस ने एक ऐसे बुनियादी सवाल को जन्म दे दिया है जिसे अक्सर अनसुना कर दिया जाता है।

**तर्क का दोहरा मापदंड**

आस्तिक और नास्तिक के बीच तर्क की कसौटी पर देखा जाए तो एक बहुत ही मामूली सा फर्क महसूस होता है। आस्तिक जहां पूरी सृष्टि की शुरुआत को सुपर पॉवर से जोड़ते हैं, वहीं नास्तिक सृष्टि की रचना से इसको जोड़कर देखते हैं। जावेद अख्तर और उनके जैसे तमाम नास्तिक विचारकों का सबसे बड़ा दावा यह होता है कि यह असीम कायनात (ब्रह्मांड) किसी सुपरपावर ने नहीं बनाई, बल्कि यह खुद-ब-खुद वजूद में आई है। वे वैज्ञानिक थ्योरीज का सहारा लेकर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि जीवन और ब्रह्मांड एक आकस्मिक घटना है। अब यहां मेरा एक सीधा और बुनियादी सवाल खड़ा होता है यदि यह अनंत और अविश्वसनीय रूप से जटिल कायनात बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के खुद-ब-खुद वजूद में आ सकती है, तो वह अल्लाह, खुदा या परमेश्वर खुद-ब-खुद वजूद में क्यों नहीं आ सकता? यह खुद ब खुद खुदा ईश्वर गॉड के वजूद में आने को लेकर क्यों स्वीकार नहीं हो सकती?

**कायनात बनाम क्रिएटर**

यह कितनी अजीब विडंबना है कि जो लोग यह मानते हैं कि खरबों आकाशगंगाएं और मानव शरीर की अद्भुत संरचना बिना किसी प्लानिंग के अचानक शून्य से प्रकट हो गई, वहीं लोग उस



चेतन सत्ता (Conscious Intelligence) के वजूद को मानने में वैज्ञानिक साक्ष्य मांगते हैं। यदि हम विज्ञान के कारण और प्रभाव (Cause and Effect) के नियम को ही आधार मानें, तो बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। अगर ब्रह्मांड एक प्रभाव है, तो उसका एक महा-कारण (First Cause) होना अनिवार्य है। नास्तिकों की समस्या यह है कि वे प्रकृति को तो स्वयंभू मान लेते हैं, लेकिन प्रकृति के रचयिता को यह दर्जा देने से इनकार करते हैं। आखिर यह दोहरा पैमाना क्यों?

**शमाइल नदवी और जावेद अख्तर की बहस का सार**

लल्लनटॉप की डिबेट में जिस तरह से जावेद अख्तर ने मुफ्ती शमाइल नदवी के सामने अपनी दलीलें रखीं, वह बौद्धिक चालाकी तो हो सकती है, लेकिन तार्किक सत्य नहीं। यदि प्रकृति को स्वयंभू माना जा सकता है, तो उस प्रकृति को पैदा करने वाली हस्ती को स्वयंभू मानने में क्या आपत्ति है? विज्ञान आज भी उस मकाम पर खामोश है जहां यह पूछा जाता है कि कुछ नहीं से सब कुछ कैसे बना। वहां आकर बड़े से बड़े तर्कशास्त्री मौन हो जाते हैं। क्या हम इतने अंधे हो चुके हैं कि हमें बेहतरीन पेंटिंग तो नजर आती है, लेकिन उसे बनाने वाले कलाकार के हाथ दिखाई नहीं देते?

**निष्कर्ष**

सच तो यह है कि ईश्वर को नकारना आज एक बौद्धिक फैशन बन गया है। बिना किसी इरादे (Will) और बिना कुन कहो कि हो जा के एक कतरा भी वजूद में नहीं आता। जो लोग कायनात को स्वयंभू मानकर ईश्वर से साक्ष्य मांगते हैं, उन्हें अपने ही तर्क के आईने में झांकना चाहिए। अगर यह दुनिया खुद बन सकती है, तो इसे बनाने वाला भी खुद-ब-खुद वजूद में हो सकता है। मुफ्ती शमाइल नदवी और जावेद अख्तर जैसे लोगों की बहसें अपनी जगह हैं, लेकिन असलियत केवल इतनी है कि उसकी कारीगरी हर तरफ मौजूद है, बस देखने के लिए अक्ल के साथ-साथ सच्चाई को स्वीकार करने का साहस चाहिए। आखिर कहां से आते हैं ये लोग जो अपनी सुविधा के अनुसार सत्य को परिभाषित करते हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कहीं सियासत में गच्चा तो नहीं खा गए थे चौ. चरण सिंह



वीरेश तरार

चौधरी चरण सिंह की राजनीति को आज जब पीछे मुड़कर देखा जाता है, तो एक सवाल लगातार कचोटता है क्या वे सियासत की चालों में गच्चा खा गए थे? यह सवाल यूं ही नहीं उठता। यह उस ऐतिहासिक विडंबना से जन्म लेता है, जहां एक गांधीवादी, किसान पक्षधर और जातिवाद-विरोधी नेता अपने ही समय में पराजित दिखता है और उसके विचारों के ठीक उलट शक्तियां आज भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी हैं।


चौधरी चरण सिंह का कांग्रेस से अलग होना कोई तात्कालिक राजनीतिक निर्णय नहीं था। यह एक वैचारिक विच्छेद था। उनका मानना था कि कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की नैतिक पूंजी को छोड़कर सामंती सोच और पूंजीवादी झुकाव की ओर बढ़ रही है। वे बार-बार कहते रहे कि यदि भारत को वास्तविक अर्थों में आगे बढ़ना है, तो जातिवाद को जन्म से अलग करना होगा। उनके लिए जाति सामाजिक अन्याय की जड़ थी, विकास की सबसे बड़ी बाधा थी। उन्होंने यह प्रश्न जवाहरलाल नेहरू के सामने भी रखा, लेकिन यह प्रश्न सत्ता के गलियारों में अनसुना रह गया। इसका अर्थ यही था कि कांग्रेस ब्राह्मणवादी सामाजिक ढांचे से टकराने का साहस नहीं जुटा पा रही थी। चौ. चरण सिंह का गांधीवाद किसी प्रतीकात्मक राजनीति तक सीमित नहीं था। उनके विचारों में ग्राम स्वराज, कुटीर उद्योग, सहकारिता, छोटे किसानों की प्राथमिकता और स्थानीय संसाधनों पर समुदाय का अधिकार केंद्रीय तत्व थे। वे मानते थे कि विकास का पैमाना बदले बिना भारत में गरीबी का उन्मूलन संभव नहीं है। उनका स्पष्ट कहना था कि अमीरों को संरक्षण देकर गरीबी हटाने की बात करना बौद्धिक हास्य है। उनका प्रसिद्ध तर्क था कि यदि नीचे से भरना शुरू किया जाए तो ऊपर वाला स्वयं जीवित रहेगा, लेकिन यदि नीचे वाले को इंतजार में रखा गया तो वह इंतजार में ही समाप्त हो जाएगा। चौधरी चरण सिंह ने उन्नीस सौ चौरासी के अपने चुनावी प्रसारण में 'ट्रिकल डाउन थ्योरी' को सिरे से खारिज किया था। उनका सवाल सीधा था भला अमीर क्यों गरीब के लिए छोड़ेगा? उसकी तो उपभोग करने की क्षमता ही असीम होती है। यह सिद्धांत न भारत में कभी काम आया, न दुनिया में कहीं सफल हुआ। इसके बावजूद आज भारत सहित अधिकांश देश इसी रास्ते पर चल रहे हैं। ऊपर वालों को भरने की होड़ में नीचे वाले के अस्तित्व का प्रश्न ही अप्रासंगिक बना दिया गया है।

उनकी दृष्टि में विकास केवल सड़कों, कारखानों और मुनाफे का नाम नहीं था। स्वच्छ जल, शौचालय, महिलाओं का स्वास्थ्य और छोटे किसानों की सुरक्षा उनके लिए उतने ही जरूरी प्रश्न थे। वे कहते थे कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही स्वस्थ समाज की नींव है। यदि माताएं स्वस्थ नहीं होंगी तो आने वाली पीढ़ियां भी अस्वस्थ होंगी। यह सोच अपने समय से बहुत आगे की थी, जिसे आज भी पूरी तरह समझा नहीं गया है। चौधरी चरण सिंह जातिवाद के कट्टर विरोधी थे। उन्हें लगता था कि भारतवर्ष का सबसे बड़ा शत्रु जातिवाद है। आजादी के आठ दशक बाद भी गरीब गरीब ही बना हुआ है, इसका मूल कारण वही जातिगत विभाजन है, जिसने निम्न वर्ग को सत्ता, संसाधन और अवसर से दूर



रखा। तमाम योजनाओं के बावजूद गरीबी का उन्मूलन इसलिए नहीं हो पा रहा क्योंकि उसके सामाजिक कारणों को छुआ ही नहीं गया, लेकिन यहीं पर इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना सामने आती है। कांग्रेस से अलग होने के बाद चौधरी चरण सिंह ने अपनी राजनीति के संरक्षण के लिए सांप्रदायिक शक्तियों का सहारा लिया। उत्तर प्रदेश में उन्होंने समाजवादी दलों और जनसंघ के साथ सरकारें बनाईं। यही प्रयोग उन्नीस सौ सतहत्तर में जनता पार्टी के रूप में दोहराया गया। इसका हश्र ढाई साल में ही सामने आ गया। सांप्रदायिकता ने अपने लक्ष्य साधे और सरकार गिरा दी। इससे भी अधिक चौंकाने वाली घटना यह रही कि वही जनसंघ उन्नीस सौ अस्सी में पिछले दरवाजे से इंदिरा गांधी को समर्थन देकर कांग्रेस को सत्ता में ले आया। यह आघात चौधरी चरण सिंह के लिए असहनीय था। जिन ताकतों को उन्होंने सामंतवाद और पूंजीवाद के विरुद्ध एक अस्थाई औजार समझा था, वही ताकतें उनके लिए सबसे बड़ा धोखा बन गईं। माना जाता है कि यही मानसिक आघात उनके पक्षाघात का कारण बना और कुछ ही समय बाद वे दुनिया से विदा हो गए। आज जब हम पीछे देखते हैं, तो साफ दिखाई देता है कि सांप्रदायिकता ने न केवल सत्ता पर कब्जा किया, बल्कि उसने पूंजीवादी शक्तियों से हाथ मिलाकर एक ऐसा गठजोड़ बना लिया है, जिसमें सामंतवाद, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद तीनों एक साथ काम कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल उपभोक्ता बाजार में वैश्विक पूंजीवाद को जिस स्तर का संरक्षण मिला है, वह अभूतपूर्व है। दूरसंचार से लेकर दवाइयों तक, मोटर कारों से लेकर रसायन उद्योग तककृहर क्षेत्र में कॉरपोरेट का वर्चस्व है। विडंबना यह है कि जिस कुटीर उद्योग, सहकारिता और पंचायत राज के रास्ते को गांधी और चौधरी चरण सिंह ने पूंजीवाद से बचाव का माध्यम माना था, आज उन्हीं शब्दों को मुखौटे की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। सहकारिता की आड़ में भी नीतियां अंततः कॉरपोरेट के हित में ही केंद्रित होती दिख रही हैं। गांधी और चरण सिंह के अनुयाई भी इस छल को समझने में विफल दिखाई देते हैं। चौधरी चरण सिंह की नीतियां आज भी भारत को इस त्रिकोणीय जाल सामंतवाद, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद से बाहर निकालने का रास्ता दिखाती हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या उनके अनुयायियों में वह वैचारिक साहस बचा है? क्या वे केवल उनकी स्मृति का उपयोग करेंगे या उनके विचारों को जीवित करेंगे? यह भी कम दुखद नहीं है कि चौ. चरण सिंह की समाधि पर दशकों तक किसी प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि नहीं दी। सत्ता की जरूरत पड़ने पर उन्हें भारत रत्न दिया गया, लेकिन यह सम्मान भी राजनीति की मजबूरी अधिक और वैचारिक स्वीकार्यता कम लगता है। यदि सच्चे मन से उन्हें सम्मान देना होता, तो यह बहुत पहले हो सकता था। आज जब गांधी के नाम को योजनाओं से हटाया जा रहा है, जब गांधी केवल मुद्रा पर छपे चेहरे तक सीमित कर दिए गए हैं, तब चौधरी चरण सिंह की याद हमें यह सोचने को मजबूर करती है कि क्या लोकतांत्रिक भारत में वे अंतिम सच्चे गांधीवादी थे। शायद हां। और शायद यही कारण है कि उनकी राजनीति अपने समय में हार गई, लेकिन उनके विचार आज भी हमें आईना दिखाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू। पीडीपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

## अमेरिकी प्रशासन ने करीब 30 करियर राजनयिकों को वापस बुलाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार विदेशों में अमेरिकी मिशनों में राजदूत और अन्य वरिष्ठ पदों पर तैनात विदेश सेवा के करीब 30 अधिकारियों को वापस बुला रही है। एसोसिएटेड प्रेस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार कम से कम 29 देशों में राजनयिक मिशनों के प्रमुखों को पिछले हफ्ते सूचित किया गया था कि उनका कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो जाएगा। इन सभी ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में अपने पद संभाले थे। सबसे ज्यादा अमेरिकी राजदूतों को अफ्रीका से वापस बुलाया गया है।

## संसदीय समिति ने शुरू की जेजू एयरलाइन विमान हादसे की जांच

**सोल।** दक्षिण कोरियाई संसदीय समिति ने पिछले वर्ष दिसम्बर में हुए एक यात्री विमान हादसा मामले की सोमवार को जांच शुरू कर दी। द. कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार नेशनल असेंबली की विशेष जांच समिति ने जेजू एयर के यात्री विमान हादसा मामले में अपनी जांच शुरू करने के लिए अपनी पहली बैठक की। यह विमान पिछले 29 दिसम्बर को राजधानी सोल से लगभग 290 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर क्रैश हो गया था। जांच लगभग 40 दिनों में पूरी किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस हादसे में विमान में सवार चार क्रू मेंबर और 175 यात्रियों की मौत हो गई थी।

# सिडनी के हमलावर ने पिता से सीखा बंदूक चलाना

### ऑस्ट्रेलियाई पुलिस की जांच में खुलासा



■ पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बाल बम बताया

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर 15 लोगों की हत्या के आरोपी व्यक्ति ने सिडनी के बाहर न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक इलाके में अपने पिता के साथ बंदूक चलाने का प्रशिक्षण लिया था। सोमवार को जारी आस्ट्रेलियाई पुलिस एक बयान के अनुसार उन लोगों ने सुनियोजित हमले के औचित्य के बारे में एक वीडियो रिकार्ड किया था।

यह बयान सोमवार को सिडनी के एक अस्पताल से नवीद अकरम की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेशी के बाद सार्वजनिक किया गया, जहां उसकी पेट की चोट का इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने 14 दिसम्बर की गोलीबारी की घटना स्थल पर अकरम को घायल कर दिया और उसके पिता, 50 वर्षीय साजिद अकरम को मार डाला। न्यू साउथ वेल्स राज्य सरकार ने पुष्टि की कि नवीद अकरम को सोमवार को अस्पताल से जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। बयान में आरोप लगाया गया है कि 24 वर्षीय युवक और उसके पिता ने बान्डी बीच पर एक वार्षिक यहूदी कार्यक्रम मना रही भीड़ की ओर चार तात्कालिक विस्फोटक उपकरण फेंककर अपना हमला शुरू किया, लेकिन उपकरण फटने में विफल रहे। पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बाल बम बताया, जिनमें विस्फोटक, काला पाउडर और स्टील बाल बियरिंग भरी हुई थीं। इनमें से कोई भी फटा नहीं, लेकिन पुलिस ने इन्हें सक्रिय आईईडी बताया। अधिकारियों ने अकरम पर 59 अपराधों का आरोप लगाया है, जिनमें हत्या के 15 मामले, घायल बचे लोगों के संबंध में हत्या के इरादे से नुकसान पहुंचाने के 40 मामले और एक आतंकवादी कृत्य करने का मामला शामिल है। आठ दिवसीय हनुक्का उत्सव की शुरुआत में हुआ यह यहूदी विरोधी हमला 1996 में तस्मानिया राज्य में एक अकेले बंदूकधारी द्वारा 35 लोगों की हत्या के बाद से आस्ट्रेलिया में हुई सबसे भीषण सामूहिक गोलीबारी की घटना थी। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने सोमवार को संसद में मसौदा कानून पेश किए, जिनके बारे में प्रीमियर क्रिस मिन्स ने कहा कि वे आस्ट्रेलिया में सबसे सख्त कानून बन जाएंगे। नए प्रतिबंधों में बंदूक प्रशिक्षण लाइसेंस के लिए पात्रता की शर्त के रूप में आस्ट्रेलियाई नागरिकता को अनिवार्य बनाना शामिल होगा। इससे साजिद अकरम, जो स्थाई निवास वीजा धारक भारतीय नागरिक थे, लाइसेंस के दायरे से बाहर हो जाते। साजिद अकरम के पास कानूनी तौर पर छह राइफल और शाटगन भी थीं।

# भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली: मुनीर

### पाक सेना प्रमुख बोले: नहीं तो हालात बिगड़ जाते, मई में भारत ने तबाह किए थे 11 पाक एयरबेस



■ मुनीर ने यह बयान 10 इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कान्फ्रेंस में दिया
■ उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हमने इसे महसूस किया, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए। मुनीर ने यह बयान 10 दिसम्बर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कान्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए।

भारत ने 7 मई को 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिन तक भारी गोलीबारी और सैन्य टकराव हुआ, जो 10 मई को समझौते के बाद रुका। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए थे। अपने भाषण में मुनीर ने धार्मिक बातों पर जोर देते हुए पाकिस्तान की तुलना 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद द्वारा स्थापित इस्लामी राज्य से की। उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं और कहा कि इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान को खास दर्जा मिला है। मुनीर ने कहा कि दुनिया में 57 इस्लामी देश हैं, लेकिन अल्लाह ने पाकिस्तान को हरमैन शरीफैन यानी मक्का और मदीना की हिफाजत का सम्मान दिया है। मुनीर ने पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा हालात पर भी बात की और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा कि वह पाकिस्तान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) में से किसी एक को चुने। मुनीर का आरोप है कि पाकिस्तान में घुसपैठ करने वाले टीटीपी के आतंकियों में करीब 70 प्रतिशत अफगान हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पाक नागरिकों के खून के लिए अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। मुनीर ने यह भी कहा कि किसी इस्लामी देश में जिहाद का ऐलान करने का अधिकार सिर्फ उस देश को होता है। बिना सरकार की इजाजत कोई फतवा जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की ज्यादातर आंतरिक समस्याओं के लिए अफगानिस्तान से आए हुए लोग जिम्मेदार हैं। आसिम मुनीर पहले भी कई बार कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं। उन्होंने इसी साल अप्रैल में कहा था कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंदुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा था-आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। पाकिस्तान सरकार ने 4 दिसम्बर को आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया था। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एकसाथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था।

## आसिम मुनीर को सऊदी अरब सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**इस्लामाबाद/रियाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान सऊदी अरब ने मुनीर को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज मेडल आफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। मुनीर को यह सम्मान सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने रियाद में दिया है। इसको लेकर सेना ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ने एक शाही फरमान जारी कर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को किंग अब्दुलअजीज मेडल आफ एक्सीलेंट क्लास से सम्मानित किया है, जो सऊदी अरब का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है। इस दौरान सऊदी नेतृत्व ने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की व्यावसायिकता और रणनीतिक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भाईचारे के संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। इस सम्मान के जरिए सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ अपने मजबूत संबंधों को और भी मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है।

## हिरोशिमा ने सरकार से परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का किया आग्रह

**टोक्यो।** जापान के हिरोशिमा प्रांत ने सोमवार को सरकार से देश के परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया। क्योटो न्यूज़ के अनुसार, हिरोशिमा प्रांत की विधानसभा ने सर्वसम्मति से जारी बयान में परमाणु हथियारों के तीन सिद्धांतों की समीक्षा को लेकर स्थानीय चिंताओं का हवाला दिया गया। इन सिद्धांतों के तहत जापान में परमाणु हथियारों के कब्जे, उत्पादन या प्रवेश की अनुमति देने पर रोक हैं। बयान में कहा गया कि परमाणु बमबारी झेलने वाला एकमात्र देश होने के नाते परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व की प्राप्ति की दिशा में निरंतर प्रयास करना हमारा कर्तव्य है। यह बयान प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के नेतृत्व वाली सरकार में सुरक्षा नीति तैयार करने में शामिल एक अधिकारी के हालिया बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जापान को परमाणु हथियार रखने चाहिए। इस बयान से स्थानीय लोगों, जिनमें परमाणु बम हमले में बचे लोग भी शामिल हैं, की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा परमाणु बमों से तबाह हुए हिरोशिमा और नागासाकी प्रांतों या नगर विधानसभाओं द्वारा देश के परमाणु-विरोधी सिद्धांतों पर पुनर्विचार के संबंध में यह पहली लिखित राय है।

# न्याय विभाग ने फिर जारी की राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर



न्याय विभाग ने दक्षिणी जिला न्यूयॉर्क की ओर से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के बाद इस तस्वीर को अस्थायी रूप से हटा दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने जेफरी एपस्टीन के हाल ही में जारी दस्तावेजों की एक तस्वीर फिर से जारी की है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नजर आ रहे हैं। विभाग ने कहा है कि इस तस्वीर में कोई भी एपस्टीन पीड़ित नहीं दिखाया गया है। न्याय विभाग ने दक्षिणी जिला न्यूयार्क की ओर से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के बाद इस तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया था।

न्याय विभाग ने एक पोस्ट में कहा, दक्षिणी जिला न्यूयार्क ने पीड़ितों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की एक तस्वीर पर संभावित कार्रवाई के लिए संकेत दिया था। सावधानी के तौर पर, न्याय विभाग ने समीक्षा के लिए तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया था। समीक्षा के बाद यह पाया गया कि तस्वीर में कोई एपस्टीन पीड़ित नहीं है, इसलिए इसे बिना किसी बदलाव के फिर से प्रकाशित किया गया है। इसके पहले सीएनएन ने बताया था कि एपस्टीन दस्तावेजों से जुड़ी 16 फाइलें न्याय विभाग की वेबसाइट से हटा दी गई हैं। इनमें से एक हटाई गई फाइल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर थी। अन्य हटाई गई फाइल में ज्यादातर स्पष्ट चित्र, डाक पेटियों वाले खांचे (स्लाट) टाइल से बना गलिया और नाम व अपार्टमेंट के नंबर वाली नोटबुक के पन्ने शामिल थे। न्याय विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और केवल वैधानिक रूप से आवश्यक जानकारी को ही छिपाएगा। विभाग को कानून के तहत पीड़ितों, नाबालिगों या संभावित पीड़ितों की पहचान और संवेदनशील जानकारी को छिपाना होता है। विभाग ने यह भी कहा कि कोई भी जानकारी प्रसिद्ध लोगों या राजनीतिक रूप से संवेदनशील व्यक्तियों बचाने के लिए छिपाई नहीं गई है और भविष्य में भी नहीं छिपाई जाएगी। न्याय विभाग को पीड़ितों और उनके वकीलों की ओर से कुछ जानकारी हटाने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

# भारतीय मूल के युवक की धमकी पर चर्च के कार्यक्रम रद्द

■ चार्जशीट के अनुसार 26 वर्षीय व्यक्ति पर सुबह लगभग 7.11 बजे चर्च में तीन कार्डबोर्ड रोल रखने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक सिंगापुरवासी व्यक्ति पर एक चर्च में झूठी आतंकवादी धमकी देने का आरोप लगाया गया। इस कारण रविवार की सभी प्रार्थना सभाएं रद्द कर दी गईं।

कोकुलानंथन मोहन, जिन पर संयुक्त राष्ट्र (आतंकवाद विरोधी उपाय) विनियमों के विनियमन 8(2)(ए) के तहत अपराध का आरोप लगाया गया है। उन्होंने ऊपरी बुकित तिमाह क्षेत्र में सेंट जोसेफ चर्च में एक संदिग्ध वस्तु मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसमें एक पाश आवासीय क्षेत्र शामिल है। चार्जशीट के अनुसार 26 वर्षीय व्यक्ति पर रविवार को सुबह लगभग 7.11 बजे चर्च में तीन कार्डबोर्ड रोल रखने का आरोप है, जो पत्थर के कंकड़ों से भरे हुए थे और जिनमें उभरे हुए लाल तार लगे हुए थे, जिन्हें काले और पीले चिपकने वाले टेपों से एक साथ बांधा गया था। यह कथित तौर पर किसी अन्य व्यक्ति को इस झूठे विश्वास में डालने के इरादे से किया गया था कि वस्तु में विस्फोट या आग लगने की संभावना है और इस प्रकार व्यक्तिगत चोट या संपत्ति को नुकसान हो सकता है। सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उस व्यक्ति ने कथित तौर पर चर्च परिसर के भीतर एक खुद से बनाई वस्तु रखकर घटना को अंजाम दिया था, जो एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण से मिलती जुलती थी। माना जाता है कि उसने अकेले ही यह काम किया था, और फिलहाल ऐसा कोई सबूत नहीं है. जिससे यह पता चले कि यह धार्मिक रूप से प्रेरित हमला था या आतंकवादी कृत्य था। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हेंनें आरोपी की मनोरोग संबंधी मूल्यांकन के लिए तीन सप्ताह के लिए हिरासत में लिया गया है और वे 12 जनवरी को अदालत में वापस आएंगे।

# अमेरिकी सांसद ने की बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या की निंदा

### बांग्लादेश सरकार को तेज और संपूर्ण तरीके से पारदर्शी जांच करनी चाहिए



■ घटना के जिम्मेदार लोगों को कानूनन सजा देनी चाहिए: कृष्णमूर्ति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक डेमोक्रेट सांसद ने बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने की निंदा करते हुए बंगलादेश प्रशासन से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने का आग्रह किया है।

इलिनॉइस के डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने सोमवार को कहा कि वे बंगलादेश में खतरनाक अस्थिरता के बीच दीपू चंद्र दास की लक्षित हत्या से 'स्तब्ध' हैं। कृष्णमूर्ति ने एक बयान में कहा कि बंगलादेश सरकार को तेज और संपूर्ण तरीके से पारदर्शी जांच करनी चाहिए और इस घटना के जिम्मेदार लोगों को कानूनन सजा देनी चाहिए। इसके अलावा, हिंदू समुदायों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को हिंसा से बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। बंगलादेशी अधिकारियों ने ईश निंदा के आरोपों में दीपू चंद्र दास (25) की हत्या से जुड़े 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह हमला गुरुवार को मेमनसिंह शहर में हुआ था। बंगलादेश की रैपिड एक्शन बटालियन ने सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जबकि पुलिस ने तीन अन्य को हिरासत में लिया है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में गिरफ्तारियों की पुष्टि की और पूरी जांच का वादा किया। सरकार ने पूरी जांच का वादा करते हुए सभी अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की प्रतिबद्धता जताई है। गौरतलब है कि मुस्लिम बहुल बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां साम्प्रदायिक हिंसा का इतिहास रहा है।





# ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज को हटाने की मांग



■ तीन लाख लोगों ने किए याचिका पर हस्ताक्षर

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए जानलेवा आतंकवादी हमले के बाद तीन लाख से ज्यादा लोगों ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के इस्तीफे और आप्रवासन नीति में बदलाव की मांग की है। याचिका से जुड़ी वेबसाइट चेंजडॉटऑर्ग के अनुसार, अब तक तीन लाख 10 हज़ार लोग इस याचिका पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

सिडनी बीच आतंकवादी हमले के पीड़ितों को 21 दिसम्बर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अल्बानीज़ के खिलाफ भीड़ ने नारेबाज़ी की थी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को एक सुरक्षित जगह पर ले जाना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लोगों ने उन्हें कमज़ोर कहा और चिल्लाकर कहा कि उनके हाथ खून से सने हैं। याचिका में लिखा था कि बॉन्डी बीच पर हाल की दुखद घटनाओं और राष्ट्रीय चिंताओं को देखते हुए, अब देश के नेतृत्व पर ध्यान देने का समय आ गया है। कई निर्दोष लोगों की जान लेने वाली बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी हमारे समाज को सुरक्षित रखने के लिए ज़रूरी कार्रवाई की एक और याद दिलाती है। इस इस्ताक्षर याचिका पर बड़े पैमाने पर आप्रवासन पर चिंता जताई है, जिसका ऑस्ट्रेलिया में विरोध हो रहा है। याचिका में कहा गया कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की नीति जनता की राय से मेल नहीं खाती एवं सरकार और लोगों के बीच खाई बढ़ाती है। याचिका में लिखा है कि हमें ऑस्ट्रेलियाई लोगों को सुरक्षित रखने के लिए उन लोगों के लिए एक बेहतर छानबीन नीति की ज़रूरत है जिन्हें हम इस देश में लाते हैं। उल्लेखनीय है कि 14 दिसम्बर को दो आतंकवादियों ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर भीड़ पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक हमलावर सहित 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने हमलावरों की पहचान 50 वर्षीय साजिद अकरम और उसके 24 साल के बेटे नावेद अकरम के तौर पर की। यह हमला तब हुआ जब बीच पर यहूदी समुदाय के लोग हनुक्का पर्व मना रहे थे।

## अल्बानीज ने बॉन्डी बीच आतंकी हमले को लेकर यहूदी समुदाय से माफ़ी मांगी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने नफरती भाषण से निपटने के लिए नया कानून बनाने का वादा करते हुए बॉन्डी बीच पर यहूदियों पर की गई सामूहिक गोलीबारी के बाद देश के यहूदी समुदाय से माफी मांगी है। अल्बानीज ने कैनबरा में सोमवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के आयोजन में 15 लोगों की गोलीबारी से मौत के लिए 'जिम्मेदारी का बोझ' महसूस करते हैं।

## शेंगेन में रूसी राजनयिकों पर यात्रा प्रतिबंध भेदभावपूर्ण: रूस

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि यूरोपीय संघ की ओर से शेंगेन क्षेत्र में रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर लगाया गया प्रतिबंध स्पष्ट तौर पर भेदभावपूर्ण नीति के तहत लिया गया निर्णय है।

स्विट्जरलैंड में रूसी राजदूत सर्गेई गार्मोनिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ 19वें प्रतिबंध पैकेज के तहत यूरोपीय संघ में रूसी राजनयिकों की आवाजाही उस देश तक सीमित कर दी थी जहां वे मान्यता प्राप्त हैं। इसके अलावा रूसी राजनयिकों और उच्चायोग के कर्मचारियों को अधिकारियों को सूचित करना होगा यदि वे किसी अन्य यूरोपीय संघ सदस्य देश की यात्रा करने या वहां से गुजरने का इरादा रखते हैं। ये प्रतिबंध 25 जनवरी, 2026 से लागू होने वाले हैं। गार्मोनिन ने कहा कि अब तक बर्न में रूसी दूतावास को स्विस पक्ष से कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि स्विट्जरलैंड यूरोपीय संघ की ओर से इस बारे में कोई प्रतिक्रिया दिये जाने का इंतजार कर रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है यह स्पष्ट रूप से एक भेदभावपूर्ण नीति है। उधर, रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने कहा है कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसियों को मल्टी-एंट्री शेंगेन वीजा जारी करने पर प्रतिबंध और रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर प्रतिबंध के बाद रूस पहले से ही जवाबी उपायों पर काम कर रहा है।

